भोपाल
मंगलवार 9 जनवरी 2024
पौष मास कृष्ण पक्ष-13
वर्ष : 10, अंक : 293
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 15

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com

**फ्लाइट क्रू का ड्यूटी टाइम घटा, रेस्ट टाइम बढ़ा**



**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने फ्लाइट क्रू को आराम देने के लिए ड्यूटी टाइम, शिफ्ट, नाइट ड्यूटी और वीकली रेस्ट में बड़े बदलाव किए हैं। फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशंस नियम जारी किए हैं। फ्लाइट क्रू का वीकली रेस्ट बढ़ाकर 48 घंटे कर दिया गया है। नाइट लैंडिंग की संख्या 6 से 2 कर दी गई है।




## भोपाल, इंदौर, खंडवा, पचमढ़ी, रायसेन, रतलाम में दिन का पारा 5 से 7 डिग्री तक उछला

# पांच दिन बाद छनकर खिली धूप से तापमान ने लगाई ऊंची 'छलांग'



अब रातें होंगी सर्द...

वीआईपी रोड पर सुबह 9 बजे कोहरा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को राजधानी सहित प्रदेश के ज्यादातर जिलों में दोपहर के समय हल्के बादलों के बीच छनकर धूप खिली।

नए साल में एक जनवरी से सोमवार तक यह तीसरा ही मौका है, जब धूप के दीदार हुए हैं। इस महीने में कुल तीन दिन ही धूप खिली है, जबकि पांच दिन बादल, कोहरा और धुंध के बीच बारिश और बौछारों का दौर चला। इससे सर्दी के तेवर तीखे रहे। धूप खिलने से दिन में सर्दी से काफी राहत रही। प्रदेश भर में दिन के तापमान में वृद्धि हुई है। सबसे ▶▶ शेष पेज 6 पर

1 ग्वालियर की रात सबसे सर्द, तापमान 7 .9 डिग्री पर

2 मंडला का दिन सबसे गर्म, पारा 28 .2 डिग्री दर्ज

3 सबसे ज्यादा 7 .2 डिग्री की बढ़ोतरी उज्जैन में दर्ज

### शीतलहर का असर: प्रदेशभर के स्कूल अब 10 बजे से खुलेंगे

**6वीं से 12वीं की परीक्षाएं निर्धारित समय सारिणी के अनुसार होगी**

प्रदेश में शीतलहर और प्रतिकूल मौसम को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों के समय में बदलाव किया है। जिसके अनुसार अब प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूल 20 जनवरी तक सुबह 10 बजे से संचालित किए जाएंगे। इस ▶▶ शेष पेज 6 पर







### खबर संक्षेप

**विधानसभा में प्रबोधन कार्यक्रम आज व कल**



**भोपाल।** मप्र की 16 वीं विधानसभा के सदस्यों के लिए दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम 9 एवं 10 जनवरी को मप्र विस भवन में होगा। इसमें विधानसभा के पहली बार निर्वाचित एवं अनुभवी सदस्यों को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप्र विस के अध्यक्ष सतीश महाना आदि द्वारा संसदीय प्रक्रियाओं का मार्गदर्शन मिलेगा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा अध्यक्ष तोमर से तैयारियों के संबंध में चर्चा की।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के 50 दिन पूरे, 11 करोड़ लोग इससे जुड़े

# पीएम मोदी: हम समाज में 'अंतिम' पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे

पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से की बात, अलग-अलग राज्यों के लाभार्थियों से वर्चुअली जुड़े



◆ *यात्रा में अब तक 2 करोड़ से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई है जिसमें 1 करोड़ टीबी जांच और 22 लाख सिकल सेल जांच शामिल हैं*

**विकास भारत संकल्प यात्रा न केवल सरकार की बल्कि 'देश की यात्रा'**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार दोपहर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से संवाद किया। देश भर से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के हजारों लाभार्थी इस आयोजन में शामिल हुए। पीएम मोदी ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है, कोई भी हक़दार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। मोदी की गारंटी की गाड़ी गांव-गांव जा रही ▶▶ शेष पेज 6 पर

**पिछले 10 वर्षों में 10 करोड़ महिलाएं महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी**

पीएम मोदी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में 10 करोड़ महिलाएं महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, जहां उन्हें 7.5 लाख करोड़ रु. से अधिक की सहायता प्रदान की गई है। इसके कारण पिछले कुछ वर्षों में कई बहनें लखपति दीदी बन गई हैं। वीबीएसवाई के दौरान लगभग 1 लाख ड्रोन का प्रदर्शन किया गया है।

### सीएम यादव ने बाणगंगा बस्ती के निवासियों के साथ सुना पीएम का संवाद और उदबोधन

विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम में भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने की शपथ दिलाई गई



**भोपाल।** विकसित भारत यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राजधानी भोपाल स्थल बाणगंगा बस्ती में पहुंचे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअली उदबोधन हुआ। मुख्यमंत्री ने पूरी टीम के साथ प्रधानमंत्री का संवाद व उदबोधन सुना। इस मौके पर उन्होंने भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा पर केंद्रित लघु ▶▶ शेष पेज 6 पर

**किसान, गरीब, महिला और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभा स्थल पर उपस्थित मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किसान, गरीब, महिला और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। सभी के पास काम हो, हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए और प्रधानमंत्री मोदी का हर सपना साकार हो, इसके लिए हम संकल्पित भाव के साथ कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता के अनुरूप ▶▶ शेष पेज 6 पर

**100** पन्नों से अधिक का फैसला: बिलकिस बानो केस में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को लगाई कड़ी फटकार, 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया।

# दो सप्ताह के भीतर सभी 'ग्यारह' दोषियों को जेल भेजने का निर्देश



*2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या का मामला*

◆ पीठ ने पूछा कि क्या महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध के मामलों में सजा में छूट की अनुमति है, चाहे वह महिला किसी भी धर्म या पंथ को मानती हो?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए 2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को सोमवार को रद्द कर दिया और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि सजा में छूट का गुजरात सरकार का आदेश बिना सोचे समझे ▶▶ शेष पेज 6 पर



न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना

**न्यायमूर्ति नागरत्ना ने यूनानी दार्शनिक 'प्लेटो' के कथन का जिक्र करते हुए कहा**



...दंड प्रतिशोध के लिए नहीं, बल्कि रोकथाम और सुधार के लिए दिया जाना चाहिए, क्योंकि जो हो चुका है, उसे पूर्ववत नहीं किया जा सकता है।

**सुप्रीम कोर्ट ने और क्या कहा?**

**मुकदमा महाराष्ट्र में, सजा में छूट गुजरात ने क्यों दी?**

- ▶▶ शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि जिस राज्य में किसी अपराधी पर मुकदमा चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, उसे ही दोषियों की सजा में छूट संबंधी याचिका पर निर्णय लेने का अधिकार होता है। दोषियों पर महाराष्ट्र द्वारा मुकदमा चलाया गया था।
- ▶▶ शीर्ष अदालत के 13 मई, 2022 के आदेश का लाभ उठाते हुए अन्य दोषियों ने भी सजा में छूट के लिए अर्जी दायर की थी। गुजरात ▶▶ शेष पेज 6 पर

**शपथ लेने के बाद कमलनाथ का बयान**

## दिल्ली क्यों जाऊं...? मैं एमपी में ही सक्रिय रहूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



■ दो अन्य विधायकों ने भी ली शपथ


पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि आगे वे मध्यप्रदेश में ही सक्रिय रहेंगे, दिल्ली नहीं जाएंगे। नाथ ने सोमवार को विधानसभा में विधायक पद की शपथ ली।

वे निजी कारणों के चलते सत्र के दौरान शपथ नहीं ले पाए थे। ऐसे में उन्होंने सोमवार को विधायक पद की शपथ ग्रहण की। उनके साथ सोहन वाल्मिकी ने भी विधायक पद की शपथ ली। वाल्मिकी भी निजी कारणों से सत्र में शपथ नहीं ले पाए थे। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र ▶▶ शेष पेज 6 पर

**पहली बुलेट ट्रेन को लेकर खुशखबर**

## रेल कॉरिडोर... के लिए 100% भूमि अधिग्रहण पूरा

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



■ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी

नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने कहा है कि उसने बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत मुंबई-अहमदाबाद रेल कॉरिडोर के लिए 100 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण कर लिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी एक्स पर भूमि अधिग्रहण की जानकारी को शेयर करते हुए कहा कि परियोजना के लिए आवश्यक 1389.49 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। मुंबई और अहमदाबाद के बीच हाई स्पीड रेल लाइन बनाई ▶▶ शेष पेज 6 पर

**बतौर रिपोर्टर तब अयोध्या आंदोलन में मौजूद रहे प्रभात झा की 'आंखों-देखी'**

तत्कालीन सीएम कल्याण सिंह ने प्रशासन को सख्त निर्देश दिए थे कि कार सेवकों पर गोली नहीं चलेगी

# दो घंटे में तीनों गुंबद ढहा दिए और रामलला गुलाबी चादर में लपेटकर स्थापित कर दिए

### 6 दिसंबर को जैसे ही घड़ी की सुई दिन के 11 पर गई अचानक हजारों कारसेवक विवादित ढांचे के परकोटे की ओर कूद पड़े

जैसा दीपेश कौरव को बताया



6 दिसंबर को जैसे ही घड़ी की सुई दिन के 11 पर गई अचानक हजारों कारसेवक विवादित ढांचे के परकोटे की ओर कूद पड़े। अशोक सिंहल माइक से आग्रह करते रहे, लेकिन रामभक्तों के मन में अग्नि की तरह धधकता राम ज्वार विवादित ढांचे पर फूट पड़ा। देखते-देखते कुछ लोगों ने ढांचे के गुंबदों पर चढ़कर भगवा ध्वज फहरा दिया और जय श्रीराम के नारे लगाने लगे। कंटीली तारों से लहूलुहान लोग विवादित ढांचे को ध्वस्त कर रहे थे। पुलिस भीड़ को तितर-बितर कर रही थी। इस बीच पता चला कि तत्कालीन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने प्रशासन को सख्त निर्देश दिए थे कि चाहे जो मजबूरी हो, लेकिन कार सेवकों पर गोली नहीं चलेगी। 11:25 बजे पहला गुंबद ढहने लगा। डेढ़ से दो घंटे में पूरा विवादित ढांचा धूल-धूसरित हो गया। तीनों गुंबद ढहा दिए गए, इस घटना ▶▶ शेष पेज 6 पर



**हमने मोटरसाइकिल से पार किया था आग का दरिया**

हम 6 दिसंबर दिन के 2 बजे मोटरसाइकिल से अयोध्या से निकल पड़े। छिपते-छिपाते फैजाबाद पहुंचे। वहां से लखनऊ। लखनऊ पहुचकर पता चला कि सिर्फ अयोध्या में नही बल्कि पूरे उप्र में कर्फ्यू लग चुका है, अयोध्या और फैजाबाद में आग की लपटें देख हम भी घबरा गए थे। वहां से जैसे तैसे शाम 6-7 बजे कानपुर पहुंचे। वहां से बीहड़ों से होते हुए इटावा आ गए। रात लगभग 10:30 बजे इटावा से ग्वालियर के लिए रवाना हुए। इटावा से भिंड के बीच रात्रि में भरकों के बीच से निकलना खतरे से खाली नहीं था। हम और ▶▶ शेष पेज 6 पर

# विंटर आउटफिट के साथ इंडियन टैक्सटाइल की डिजाइनर साड़ी रही खास

## साड़ी स्पीक ग्लोबल ग्रुप का गेट-टू-गेदर, 50 महिलाओं ने अलग-अलग स्टाइल व पैटर्न की पहनीं साड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की करीब 50 महिलाओं ने अलग अलग स्टाइल व पैटर्न में विंटर आउटफिट के साथ साड़ी को टीमअप करके पहना सर्द गुलाबी शाम में अंताक्षरी खेलते हुए अपनी फेवरेट डिजाइनर साड़ी में गेट टूगेदर के माध्यम से एक दूसरे से मिलना और ठंडी सुहानी शाम को इंजॉय करने की बात ही अलग है। कुछ ऐसा ही गेट-टू-गेदर देखने को मिला सोमवार की शाम साड़ी स्पीक ग्लोबल ग्रुप का। इसमें ग्रुप की ओर से 'विंटर स्टाइल साड़ी थीम' पर गेट-टू-गेदर हुआ। इसमें शहर की करीब 50 महिलाओं ने अलग-अलग स्टाइल व पैटर्न में विंटर आउटफिट के साथ साड़ी को टीमअप करके पहना।



### नाच-गाकर दिन को इंजॉय किया

जहां एक ओर इंडियन टैक्सटाइल की साड़ी में यह महिलाएं आकर्षण का केंद्र लग रही थीं तो वहीं दूसरी ओर डिफरेंट साड़ी ड्रेपिंग के कारण भी इनका लुक स्टाइलिश लगा। इस ग्रुप की महिलाओं ने विंटर वियर में लांग कोट, ट्रेंची कोर्ट, लॉन्ग हैंडलूम वुडन जैकेट, अंबर कोर्ट, शॉल, कश्मीरी जैकेट, सिल्क लॉन्ग स्कीवीज ब्लाउज और कश्मीरी एंब्रायडर्ड ब्लाउज के साथ इंडियन टैक्सटाइल की डिजाइनर साड़ी को प्रमोट किया। इस गेट-टू-गेदर में महिलाओं ने नाच गाकर दिन को इंजॉय किया और एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।



---

## तीन बार मिस्टर एमपी और मिस्टर इंडिया सुपर मॉडल 2021 भी रहे रोहित



# रोहित ने जीता 'मिस्टर एशिया सुपर मॉडल 2023' का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ड्रीम्स प्रोडक्शन हाउस एवं दुबई ब्यूटी स्कूल की ओर से आयोजित सुपर मॉडल प्रतियोगिता में भोपाल के रोहित सक्सेना ने 'मिस्टर एशिया सुपर मॉडल 2023' का खिताब जीता। इसमें देशभर के 100 से अधिक कंटेस्टेंट ने भाग लिया। मिस्टर एशिया सुपर मॉडल 2023 के फर्स्ट रनर अप मुंबई के जोमिन डिसूजा रहे, वहीं सेकेंड रनर अप का खिताब अहमदाबाद के साजन सिंह ने जीता।

### डांसिंग के साथ खुद को अच्छे से एक्सप्रेस करना है हॉबी

लगातार तीन बार मिस्टर एमपी (2016 से 2018 तक) रहने वाले रोहित सक्सेना ने 2020 में अपनी एमबीए की पढ़ाई पूरी की और इसके साथ वो मॉडलिंग के क्षेत्र में भी एक्टिव रहे। रोहित ने केवल 'मिस्टर एशिया सुपर मॉडल 2023' का ही नहीं, बल्कि मिस्टर इंडिया सुपर मॉडल 2021 का भी खिताब अपने नाम किया है। इसके अलावा डांसिंग और खुद को अच्छे से एक्सप्रेस करना रोहित की हॉबीज में शामिल है।

### » प्रिंस नरूला, रोहित खंडेलवाल रहे ज्यूरी मेंबर

इस ग्रैंड फिनाले के जज के रूप में शामिल थे मॉडल एवं एक्टर प्रिंस नरूला, एक्टर रोहित खंडेलवाल एवं मेकअप आर्टिस्ट भूमिका। साथ ही प्रतियोगिता में मिस्टर एवं मिस एशिया सुपर मॉडल 2023 के साथ मिसेज एशिया सुपर मॉडल 2023 का भी अवार्ड दिया गया। जम्मू की अर्शिया भारद्वाज रही मिस एशिया सुपर मॉडल 2023 एवं मिसेज एशिया सुपर मॉडल 2023 रहीं कर्नाटक की नीता शिरगांवकर।

## श्रीराम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रदेश भर में तैयारियों का दौर जारी

# 22 जिलों के 28 स्थलों पर 'शबरी', 'हनुमान' और 'गोंडी रामायण' का किया जाएगा मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में आगामी 22 जनवरी को भागवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इसको लेकर राजधानी सहित प्रदेश भर में उत्साह है और तैयारियों का दौर जारी है। प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह बढ़ाने के लिए संस्कृति विभाग ने कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित करने की योजना बनाई है। इनमें प्रभात फेरी, रामलीला, स्कूली छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और राम मंदिरों के पास स्वच्छता अभियान शामिल है।



### 11 से 22 जनवरी तक होंगे कार्यक्रम

कार्यक्रम 11 जनवरी से शुरू होंगे और 22 जनवरी तक चलेंगे। इसी प्रकार रामायण केंद्र ने पुजारियों के सम्मान और मित्र संगोष्ठी की रूपरेखा बनाई गई है। मूल उद्देश्य, अयोध्या कार्यक्रम में सार्वजनिक भागीदारी सुनिश्चित करना है। संस्कृति विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दो ग्रंथों (रामचरित मानस व रामायण) और राम के जीवन की घटनाओं के बारे में बच्चों के ज्ञान का परीक्षण करने के लिए स्कूलों में सप्ताह भर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रदेश में 6,500 से अधिक राम मंदिर हैं। इन मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा, ताकि ये साफ-सुथरे रहें। प्रदेश भर में कस्बों एवं गांवों में नगरीय निकायों एवं पंचायतों के सहयोग से प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

### स्थानीय मंडलियां रामलीलाओं का करेंगी मंचन

मप्र के 22 जिलों के 28 आस्था स्थलों पर संस्कृति विभाग द्वारा तैयार वनवासी रामलीला 'निषादराज', 'शबरी' और 'हनुमान' और 'गोंडी रामायण' का मंचन 11 जनवरी से आरंभ हो रहा है। इसी प्रकार ओरछा, चित्रकूट और उज्जैन जैसे भव्य राम मंदिरों वाले शहरों में स्थानीय मंडलियों द्वारा रामलीलाओं का मंचन किया जाएगा। 22 जनवरी को सार्वजनिक स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी, ताकि लोग बड़ी स्क्रीन पर अयोध्या के कार्यक्रम को देख सकें।

### राम मंदिर के पुजारियों का सम्मान होगा

इधर, रामायण केंद्र, भोपाल राजधानी स्थित राम मंदिरों की सूची बना रहा है। इसके माध्यम से मंदिर के पुजारियों और अन्य पदाधिकारियों को सम्मानित करने की योजना है। रामायण केंद्र के संयोजक राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि रामायण के अनुसार जहां राम हैं, वहां अयोध्या है, तो हमारे लिए हर राम मंदिर अयोध्या मंदिर है। राम मंदिर शुभारंभ के पखवाड़े में रामायण केंद्र की भोपाल, सागर तथा इंदौर ईकाई द्वारा मित्र सत्संग संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। पखावाड़े के अंतिम दिन 21 जनवरी को सम्मान किया जाएगा।



### सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का श्रीमद् रामायण, श्री राम रथ लेकर पहुंचा भोपाल

**भोपाल।** मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के धार्मिक और साहसी जीवन को जीवंत करते हुए, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के श्रीमद् रामायण ने इस कालातीत महाकाव्य को फिर से रचा है और इसे दर्शकों के दिल और दिमाग में पुनः जीवंत किया है। लाखों लोगों के जीवन में भक्ति और आध्यात्मिकता की नई लहर प्रवाहित करते हुए, निर्माताओं ने दर्शकों के अनुभव को बढ़ाने और गूंज पैदा करने के लिए श्री राम रथ का आयोजन किया है। राम रथ को इन दिनों भोपाल में देखा जा सकता है। जब यह रथ शहर के प्रसिद्ध स्थानों की यात्रा कर रहा होगा, तो इसका अनूठा डिजाइन दर्शकों को एक दिव्य अनुभव देगा। 3 जनवरी से 4 जनवरी के बीच, रथ भोपाल के चार इमली, पंचशील नगर, 10 नंबर मार्केट, नेहरू नगर मार्केट, साबरी नगर जैसे प्रसिद्ध स्थानों पर पहुंचा और आगे करोंद, शिवलोक, आनंद नगर और बरखेड़ा जैसे अन्य स्थान शामिल हैं।

# डॉ. इलैया राजा ने किया पर्यटन के एमडी का पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम के नवागत प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी. ने पर्यटन भवन, मुख्यालय पहुंचकर प्रबंध संचालक का पदभार ग्रहण किया। तत्पश्चात डॉ. इलैया राजा टी. ने निगम के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। निगम के मुख्य महाप्रबंधक, डॉ. ब्रजेश सक्सेना सहित निगम के समस्त विभागाध्यक्षों से प्रबंध संचालक ने पर्यटन निगम द्वारा संचालित गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। अभी हाल ही में डॉ. इलैया राजा टी को म.प्र. शासन द्वारा कलेक्टर, इंदौर से प्रबंध संचालक के पद पर म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम में स्थानांतरित किया गया



## इस माह 12 एवं 13 जनवरी को होंगी सांस्कृतिक सभाएं

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा विविध एवं दुर्लभ कलानुषासनों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई लोकप्रिय मासिक श्रृंखला अनुश्रुति के द्वितीय माह जनवरी में 12 एवं 13 जनवरी को रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में सायं 5 से रात्रि 8 बजे तक सांस्कृतिक सभाएं सजेंगी। संचालक संस्कृति अदिति कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अनुश्रुति श्रृंखला के माध्यम से विभाग ने कला में नवाचारों और विविध विधाओं को मंच प्रदान करने का प्रयास किया है। इसी प्रयास के अंतर्गत 12 जनवरी को सबसे पहले पूर्णिमा चतुर्वेदी एवं साथी, भोपाल का लोक गायन होगा। इसके बाद इमरान खान एवं साथी, दिल्ली का दुर्लभ वाद्ययंत्र 'रबाब' वादन होगा। अंत में देश के लोकप्रिय गायक राघव चैतन्य, मुंबई द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। अनुश्रुति के द्वितीय दिवस 13 जनवरी को सबसे पहले निमाड़ का लोकनृत्य एवं गायन प्रस्तुत किया जाएगा।

# शहीद भवन में 21 गायकों ने प्रस्तुत किए 32 गीत

### सुर साज और आवाज लाइव म्यूजिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'हमारा मधुवन मानव सेवा एक संकल्प' संगठन द्वारा सुर साज और आवाज लाइव म्यूजिक का कार्यक्रम रविवार शाम 4 बजे से शहीद भवन के सभागार में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैंक ऑफ महाराष्ट्र भोपाल के उप अंचल प्रबंधक आनंद सुमन, आस्था क्रेडिड एंड सिक्योरिटी की निदेशक रश्मि चंद्र गुप्ता और सतीश चंद्र गुप्ता संगीत गुरु विनायक बापट, लोकेश व्यास, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, श्रमश्री सेवा संस्था के अध्यक्ष राम बाबू शर्मा के अलावा शहर के अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



### एकल और युगल गीत गाए

कार्यक्रम में भोपाल के अलावा, भारत के अन्य शहरों से कुल 21 गायकों द्वारा एकल और युगल गीत मिलाकर 32 गीत प्रस्तुत किए। संस्था के सदस्यों ने अपने गीतों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# आदि शंकरचार्य ने भारत को विश्वगुरु बनाने में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

## शहीद भवन में आदि शंकरचार्य के जीवन दर्शन पर आधारित नाटक 'शिवोहम' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाइन आर्ट वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में रंगशीर्ष संस्था के कलाकारों द्वारा सोमवार को लेखक सतीश दवे और संजय मेहता द्वारा लिखे गए 'शिवोहम' नाटक का मंचन किया। नाटक में आदि शंकरचार्य के जीवन से जुड़े सभी पहलुओं को बखूबी दर्शाया गया।

नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों ने आदि शंकरचार्य के जीवन में आए उतार-चढ़ाव को जाना। लाइव म्यूजिक से सजा यह नाटक दर्शकों को बहुत पंसद आया। नाटक में दिखाया कि चार मठों की स्थापना करने वाले आदि शंकराचार्य ने गुरु दीक्षा लेने के बाद सभी को एकजुट करने का प्रयास किया और अंत में भगवान केदारनाथ के सम्मुख समाधि में लीन हो गए। प्रस्तुति के माध्यम से पता चला कि किस प्रकार आदि शंकरचार्य ने भारत को विश्वगुरु बनाने में महत्तवपूर्ण भूमिका निभाई।





### माता से आज्ञा लेकर लेते हैं संन्यास

नाटक की शुरुआत इस तरह होती है कि कई सारे लोग झंडा लेकर आते हैं और अपने आप को श्रेष्ठ बताते हैं और दूसरों को निकृष्ट। इसके बाद फिर घर का सीन आता है, जिसमें अदि शंकराचार्य के बवपन के बारे में बताया जाता है। जिसमें वह अपनी माता को मनाते हैं कि वे संन्यास लेने जा रहे हैं। फिर वे वहां से गोविंद पाद के आश्रम में जाते हैं। जहां वे गुरु दीक्षा लेते हैं। उनके गुरु उनको बोलते हैं कि अगर आप जाइए और सब को एकजुट करने का प्रयास कीजिए।

### इकबाल ने वतन परस्ती को इस्लाम के खिलाफ बताया

# स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में 'भारत विभाजन में अल्लामा इकबाल की भूमिका' विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



यंग थिंकर्स फोरम द्वारा स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में 'भारत विभाजन में अल्लामा इकबाल की भूमिका' विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ, जिसमें वक्ता कृष्णा श्रीवास्तव ने बताया कि किस प्रकार अल्लामा इकबाल ने भारत विभाजन की सैद्धांतिक पृष्ठभूमि तैयार की। इकबाल की अनेक नज्मों, गजलों और भाषणों का संदर्भ देते हुए उन्होंने बताया कि इकबाल ने भारतीय मुस्लिमों को भारतीयता के सिद्धांत के विरुद्ध मिल्लत के लिए उकसाया और उनको अलगाववादी बनाया। अल्लामा इकबाल ने स्वतंत्रता संग्राम को हराम बताया तथा वतन परस्ती को इस्लाम के खिलाफ बताया था। उसके अनुसार या तो कोई मुस्लिम मजसलिम हो सकता है या भारतीय। इकबाल ने ही जिन्ना को समझाया कि वे भारत आएं और अलग मुस्लिम राष्ट्र की मांग व उसका नेतृत्व करें।

### बाबर, गजनवी, अहमद शाह मुस्लिम आक्रांताओं का था प्रशंसक

इकबाल, बाबर, गजनवी, अहमद शाह अब्दाली, टीपू और औरंगजेब जैसे मुस्लिम आक्रांताओं का प्रशंसक था और उनकी कब्रों पर जाकर उसने फातिहा भी पढ़े हैं। व्याख्यान में वरिष्ठ चिंतक व लेखक सदानंद दामोदर सप्रे, गौरी शंकर गौरीश, महेश सक्सेना, अमिताभ सक्सेना समेत अनेक विद्धज्जन व युवा सम्मिलित हुए।

# एसआरके यूनिवर्सिटी में संस्कृति के रंग में रंगे दंत चिकित्सक

## वार्षिक उत्सव 'मलंग' का आयोजन 13 जनवरी तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दंत चिकित्सा के क्षेत्र में अध्ययनरत युवाओं को जब अपनी कला और कौशल दिखाने का अवसर मिला तो संस्कृति और उमंग के ऐसे रंग बिखरे मानो सपनों को पंख लग गए। अवसर था एस आर के यूनिवर्सिटी के आरकेडीएफ डेंटल कॉलेज के वार्षिक उत्सव मलंग का, जिसका आयोजन कैंपस में 4 से 13 जनवरी तक किया जा रहा है।



### विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने लिया भाग

इस कार्यक्रम में छात्रों के सर्वांगीण विकास और जुड़ाव के लिए सांस्कृतिक, खेल और अन्य सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियां शामिल हैं। इसका आयोजन आरकेडीएफ डेंटल कॉलेज, एसआरके यूनिवर्सिटी परिसर, भोपाल में डॉ. शिवानंद बागेवाड़ी, डीन आरकेडीएफ डेंटल कॉलेज के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उद्घाटन दिवस पर फ्लैश मॉब, गरबा, अंताक्षरी और बैडमिंटन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीईओ,डॉ. प्रियंका जयसवाल के साथ रजिस्ट्रार एसआरके यूनिवर्सिटी डॉ. एस.एस.पवार ने किया।

### प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश के आईटीआई ट्रैक्टर ट्रेड के ट्रेनिंग ऑफिसर्स ले रहे भाग

# आईटीआई टेक्नीशियन्स इंडस्ट्री की रीढ़ की तरह होते हैं: डॉ. त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनआईटीटीटीआर भोपाल एवं आइसर ट्रैक्टर मंडीदीप द्वारा आईटीआई ट्रेनिंग ऑफीसर का संयुक्त ट्रेनिंग प्रोग्राम सोमवार से शुरू हुआ है। इस कार्यक्रम को मध्य प्रदेश के स्किल डेवलपमेंट निदेशालय द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश के आईटीआई ट्रेक्टर ट्रेड के ट्रेनिंग ऑफिसर्स भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर निटर निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि आईटीआई से निकलने वाले टेक्नीशियन्स इंडस्ट्री की रीढ़ की तरह होते हैं। उन्होंने आईटीआई ऑफिसर्स से कहा कि आप उस पीढ़ी को तैयार कर रहे हैं जो आज भी अपने हाथ से काम रहे हैं। इंडस्ट्री में तकनीक बहुत तेजी से बदल रही हैं, अतः आप लोगों को एक सतत प्रक्रिया द्वारा सीखना अनिवार्य है। त्रिपाठी ने बताया की यदि आप अपनी तकनीक अपडेट नहीं करेंगे तो आप आउट डेटेड हो जाएंगे। वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए अपग्रडेशन जरूरी है। आइसर ट्रैक्टर के सीनियर वाईस प्रसिडेंट माचीराजू सतीश ने आइसर ट्रैक्टर की नवीन तकनीकियों एवं वैश्विक बाजार पर प्रकाश डाला। कहा कि ट्रैक्टर इंडस्ट्रीज में हर दिन नया दिन होता है। आइसर ट्रैक्टर के रोहित सचान ने ट्रैक्टर इंडस्ट्रीज की मैन पावर की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।



हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 9 जनवरी 2024

4 एमपीपीएससी मुख्य परीक्षाः गर्म कपड़े और जूते...



5 जोन और थानों की सीमाओं का युक्तियुक्तकरण जनप्रतिनिधियों...





# ठंड से बचें... राजधानी में सुलगे 85 और अलाव, संख्या बढ़कर हुई 500

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में लगातार बढ़ रही ठंड को लेकर नगर निगम कमिश्नर ने शहर के सभी रैन बसेरों और आश्रय स्थलों का दौरा कर अलाव की जानकारी ली। साथ ही अलाव की संख्या 415 से बढ़ाकर 500 कर दी गई। निगम कमिश्नर के साथ ही सभी वरिष्ठ अधिकारी भी मैदान में उतरे हैं। कमिश्नर व अधिकारियों ने शहर के आश्रय स्थलों व अलाव स्थलों का जायजा लेने के साथ ही गरीब लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने के लिए सर्वोत्तम व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही पूर्व से चिन्हित अलाव स्थलों में भी वृद्धि की गई।

अधिकारियों के अनुसार आश्रय स्थलों में विश्राम करने वाले नागरिकों व सार्वजनिक स्थलों पर आने-जाने वाले लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सभी अधिकारी मैदान में उतरे हैं।

## निगम कमिश्नर के साथ ही वरिष्ठ अधिकारी भी उतरे मैदान में

1 415 से बढ़ाई अलावा की संख्या, लोगों को मिली राहत

2 रैनबसेरों में कंबल व अलाव की संख्या बढ़ाने के निर्देश



### अधिकारियों ने किया निरीक्षण

निगम कमिश्नर फ्रैंक नोबल ए ने स्वयं मैदान संभाला और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में रैन बसेरों व अलाव स्थलों का निरीक्षण करने कहा। कमिश्नर ने मौसम को देखते हुए पूर्व से चिन्हित अलाव स्थलों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। निगम द्वारा रविवार रात्रि लगभग 500 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की। अधिकारियों आईएसबीटी, एमपी नगर, कैंसर अस्पताल ईदगाह हिल्स स्थित रैन बसेरा सहित अनेक अलाव स्थलों का अवलोकन किया। सर्दी से राहत पहुंचाने हेतु कंबल, रजाई आदि की व्यवस्था करने व अलाव में पर्याप्त लकड़ी की व्यवस्था व आवश्यकता के अनुरूप अलाव की संख्या भी बढ़ाने के निर्देश दिए।

## एक दिन लेट चल रही पातालकोट 15:20 घंटे बाद भोपाल पहुंची, श्रीधाम भी आई लेट

**भोपाल।** घने कोहरे के कारण ट्रेनों की बिगड़ी हुई चाल पटरी पर आने का नाम नहीं ले रही है। यही कारण है कि कुछ ट्रेनें पूरे एक दिन की देरी से चल रही है। सिवनी की ओर से आने वाली गाड़ी संख्या 14623 पातालकोट एक्सप्रेस पिछले 2-3 दिनों से 24 घंटे की देरी से चल रही है। एक दिन पहले यानी रविवार को भोपाल 23:30 घंटे देरी से आई थी। वहीं सोमवार को भी यह ट्रेन 15:20 घंटे की देरी से भोपाल स्टेशन पहुंची। इसी तरह श्रीधाम एक्स. को देरी से आने का सिलसिला जारी है। यह ट्रेन भी सोमवार को करीब पौने दस घंटे की देरी से आई। दिल्ली में घने कोहरे के प्रभाव के कारण वंदे भारत एक्सप्रेस और शताब्दी घंटो की देरी से आ रही है।

### कोहरे से बिगड़ी ट्रेनों की चाल, यात्री हो रहे परेशान

#### यह ट्रेनें पहुंची देरी से

- 14623 पातालकोट एक्सप्रेस 15:20
- 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस 9.45 घंटे
- 12626 केरला एक्सप्रेस 8.24 घंटे
- 14116 प्रयागराज-डॉ.आम्बेडकर 3.45 घंटे
- 12722 दक्षिण एक्स. 4 .30 घंटे
- 11058 अमृतसर एक्स. 3.45 घंटे
- 20806 आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस 2.40 घंटे
- 12650 संपर्क कांति 3:40 घंटे लेट

## आंचल बाल गृह: बैंक से भी मांगी खातों की जानकारी

# विदेशी फंडिंग की जांच हुई शुरू दल को मिले आधे-अधूरे दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*जांच में खुलासा, बिना अनुमति चल रही थी संस्था*
*बिना अनुमति के ही किया गया था भवन निर्माण*

आंचल बाल गृह की पड़ताल प्रशासन ने तेज कर दी है। सोमवार को टीम ने संस्था के बैंक खातों की रिकॉर्ड खंगाला। इसमें अफसर विदेशों से होने वाली फंडिंग का पता लगा रहे हैं। बताया जा रहा है कि अभी प्रशासन को पूरे दस्तावेज नहीं मिले हैं। आधे-अधूरे दस्तावेज के कारण साफ नहीं हो पा रहा है कि संस्था को विदेशों से कितनी फंडिंग हुई है।

दरअसल, तारासेवनिया में अवैध रूप से संचालित आंचल बालगृह से जुड़े विभिन्न मामलों की जांच के लिए कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने तीन अलग-अलग टीमें बनाई हैं। तीनों ही टीमों ने अपनी पड़ताल शुरू कर दी है। जांच में खुलासा हुआ है कि आंचल बाल गृह में बिना अनुमति के भवन का निर्माण किया गया है।

यही नहीं, बाल गृह चलाने की अनुमति भी नहीं ली गई थी। इस मामले के सामने आने के बाद अवैध रूप से किए गए निर्माण पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। हालांकि इस मामले में अफसर अभी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।



### फॉरेन फंडिंग के जब्त किए दस्तावेज

एडीएम अंकिता धाकरे के नेतृत्व में बनाई गई तीन सदस्यीय टीम सोमवार को बाल गृह पहुंची। यहां पर संस्था से आय-व्यय, खाते के लेनदेन एवं अवैधानिक फॉरेन फंडिंग से जुड़े दस्तावेज जब्त किए। संस्था प्रमुख अनिल मैथ्यू के जेल जाने के कारण कमेटी को आधे-अधूरे दस्तावेज ही मिल सके हैं। बैंक से भी कमेटी ने संस्था से जुड़े दस्तावेज मांगे हैं। सूत्रों की मानें तो अभी तक की जांच में संस्था को संदिग्ध फंडिंग की बात सामने आई है। कमेटी के एक सदस्य ने बताया कि अभी पूरे दस्तावेज नहीं मिल सके हैं। जो दस्तावेज मिले हैं, उनकी जांच शुरू कर दी गई है। बैंक से रिकॉर्ड मिलने के बाद साफ हो सकेगा कि विदेशो से संस्था को कितना फंड मिलता था। साथही और कहां-कहां से डोनेशन मिलता है, इसका भी खुलासा होगा। अभी तक की जांच में संस्था ने भवन बनाने के लिए दो करोड़ से अधिक की राशि खर्च की है।

### सेंट्रल गाइड लाइन का पालन नहीं

बताया जा रहा है कि सेंट्रल ने करीब डेढ़ साल पहले एक गाइडलाइन जारी की थी, जिसमें साफ किया गया था कि एनजीओ रेस्क्यू नहीं कर सकेंगे। हालांकि इसका पालन मप्र में नहीं हो रहा है। यहां पर अभी भी एनजीओ को ही यह अधिकार दिए हुए हैं।

### 39 बच्चियों को परिजनों को सौंपा दो के नहीं आए

**भोपाल।** अवैध आंचल बालगृह के मामले में सोमवार देर रात बच्चियों को उनके परिजन को सौंप दिया गया है। परिजन दिन में कुछ-कुछ समय के अंतराल में हंगामा करते रहे। बच्चियों को सौंपने की प्रक्रिया रात करीब 9 बजे तक चलती रही। दस्तावेजों के सत्यापन और अन्य कार्यवाही के बाद 39 बच्चियां सौंपी गईं। दो बच्चियों के दस्तावेज और माता-पिता नहीं होने के कारण उन्हे नहीं सौंपा गया है। रात में परिजनों को बसें नहीं मिली तो फिर से हंगामा किया।

■ परिजनों ने किया हंगामा दो बार बुलाई पुलिस

#### सौंपी गई बच्चियां

जो माता-पिता दस्तावेज सहित प्रस्तुत हुए थे, उन्हें बच्चियां सौंपी गई है। दो बच्चियों के माता-पिता नहीं आए थे।

**जागृति सिंह,** अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, भोपाल

## चूहों ने सी-7 कोच के एसी पैनल के काट दिए थे तार

# शताब्दी में धुएं से मचा हड़कंप: चेन पुलिंग कर रोकी ट्रेन, टीटी की जागरुकता से टला हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शताब्दी एक्सप्रेस में उस समय बड़ा हादसा टल गया जब सी-7 कोच में आग की घटना से हड़कंप मच गया। धुआं निकलने से बोगी में अफरा-तफरी मच गई। यदि यह आग फैल जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना रविवार की है जब शताब्दी रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से निकलने के बाद ट्रेन के सी-7 कोच में धुआं फैलने लगा। इसी दौरान टीटी मनीष दुबे को सी-7 कोच के एसी पैनल के यहां से निकल रहे थे, तभी उन्हें धुएं की गंध आई। वहां से चिंगारी निकलने लगी। उन्होंने तत्काल चेन पुलिंग करके ट्रेन को रोक दिया। तत्काल कन्ट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद एसी टेक्नीशियन को बुलाकर पैनल को खुलवाकर चेक किया, तो उसमें तीन चूहे मृत अवस्था में पाए गए। इन चूहों ने एसी पैनल के तार काट दिए थे। जिससे धुआं निकलने लगा था। बाद में एसी के पैनल को ठीक कर करीब 20 मिनट बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। अगर यह घटना चलती ट्रेन में होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना के बाद बोगी में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। कई यात्री घबराकर इधर-उधर, भागने लगे। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल ट्रेन के इमरजेंसी ब्रेक लगवाकर इसे रोका गया।


### चूहों की बजह से हुआ शॉर्ट सर्किट



### ट्रेन को चेक कर रवाना किया

रेलवे स्टाफ की जागरूकता के कारण किसी प्रकार का हादसा नहीं हुआ है। चूहों के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ था। जिससे धुआं निकला था, लेकिन किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ। ट्रेन को चेक करके रवाना कर दिया गया था।

**सूबेदार सिंह** जनसंपर्क अधिकारी भोपाल मंडल



ट्रेन की यह घटना रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से भोपाल रेलवे स्टेशन के बीच हुई। जब शताब्दी एक्सप्रेस भोपाल स्टेशन पर पहुंची। रेलवे इंजीनियरिंग स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर एसी पैनल को खोलकर मरम्मत का काम शुरू किया। पैनल के अंदर तीन चूहे मरे हुए पाए गए। संभवतः इन्हीं की वजह से शॉर्ट सर्किट हो गया था। यात्रियों व रेलवे ने टिकट इंस्पेक्टर मनीष कुमार दुबे की जागरुकता की प्रशंसा की है।




## वकीलों ने किया 79 प्रतिशत मतदान

# जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में 3 हजार 632 वकीलों ने वोट डाले, मतगणना आज


*30 पदों के लिए 96 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला*

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

जिला अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव में 3 हजार 577 वकीलों ने सोमवार को अपने मत डाले। पूर्व में 55 वकीलों ने टेंडर वोट डाले थे। इस तरह कुल 3632 वकीलों ने अपने मतों का प्रयोग किया। इस चुनाव में 79 प्रतिशत मतदान किया गया। पिछले चुनाव में 3 हजार 875 मतदाता वकीलों को मतदान करने का अधिकार दिया गया था।

जिसमें से 3 हजार 102 वकीलों ने अपने वोट डाले थे। जिला अधिवक्ता संघ के मीडिया प्रभारी खालिद हफीज ने बताया कि संघ में लगभग साढ़े 8 हजार वकील पंजीकृत हैं। मध्यप्रदेश स्टेट बार कौंसिल की वेरिफकेशन लिस्ट के अनुसार 4 हजार 616 मतदाता वकीलों को ही मतदान करने का अधिकार दिया गया था। इसमें 3632 वकीलों ने अपने 100 मतदान केंद्रों पर पर अपने मत डाले। मुख्य चुनाव अधिकारी रवींद्र तिवारी के नेतृत्व में अतिरिक्त एवं सहायक चुनाव अधिकारियों ने चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराए। न्यायाधीशगण और स्टेट बार कौंसिल के पर्यवेक्षक एवं वरिष्ठ वकील भी चुनावी प्रक्रिया पर बराबर नजर रखे रहे।

3 हजार 102 वकीलों ने अपने मतों का प्रयोग किया





### कार्यकारिणी सदस्यों के मतों की गणना कल

पदाधिकारियों के चुनाव परिणाम रात 9 बजे तक घोषित कर दिए जाएंगे। कार्यकारिणी सदस्यों के मतों की गणना बुधवार को होगी और परिणाम भी आ जाएगा। मतदान के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष एवं पुस्तकालयाध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्यों के 30 पदों के लिए 96 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला था।

### आज सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतगणना प्रक्रिया

न्यायाधीशगण और प्रत्याशियों के सामने मतपेटियां सीलबंद कर जिला अदालत के नजारत विभाग में रखा गया है। चुनाव के दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। मतदान के दौरान अध्यक्ष पद पर दीपक खरे और राजेश व्यास के बीच चुनाव जीतने की अटकलें चलती रहीं। मतगणना मंगलवार को सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ होगी। सबसे पहले मतपत्रों की छंटाई की जाएगी। इसके बाद मतगणना प्रारंभ की जाएगी। सुबह 10 बजे से मतों की गिनती शुरू होगी।

### एग्जिट पोल में दीपक अध्यक्ष और मनोज सचिव

मतदान के तुरंत बाद संतोष धोटे राजेश शर्मा संजय थूल और मोहम्मद आसिफ अली अधिवक्तागणों द्वारा मतदाता वकीलो से उनके द्वारा दिए गए मतों की जानकारी के आधार पर एग्जिट पोल के परिणाम जारी किए गए। एग्जिट पोल के परिणाम में दीपक खरे को अध्यक्ष और मनोज श्रीवास्तव को सचिव पद पर विजयी बताया गया है। दीपक खरे को 1840 और राजेश व्यास को 1225 वोट तथा प्रियनाथ पाठक को 550 वोट मिलना बताए गए हैं।

नूतन कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर गर्म कपड़े, जूते-मोजे पहने दिखे कई परीक्षार्थी

# एमपीपीएससी मुख्य परीक्षाः गर्म कपड़े और जूते-मोजे पहनने की छूट मिलने से उम्मीदवारों को मिली बड़ी राहत, चैकिंग के बाद मिला प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 8 से 13 जनवरी 2024 तक आयोजित की जा रही है। इसके पहले यह परीक्षा 26 से 31 दिसंबर तक होनी थी।

परीक्षा एक पाली में हो रही है। सोमवार को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर काफी सख्ती बरती गई। हालांकि, इस बार परीक्षा में परीक्षार्थियों को गर्म कपड़े और जूते पहनने की छूट मिलने से सर्दी में उन्हें काफी राहत रही।

## परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर काफी सख्ती से की गई जांच

*प्रदेश के दस संभागीय और जिला मुख्यालय के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हो रही है परीक्षा*

शहर के नूतन कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर अभ्यार्थी गर्म कपड़े, जूते और मोजे पहने दिखे, लेकिन हाल में प्रवेश से पहले उनकी सख्त जांच की गई। दो परीक्षार्थियों से जूते और मोजे भी उतरवा लिए गए। परीक्षा से करीब एक घंटे पहले ही परीक्षा केंद्र पर अभ्यार्थियों को पहुंचना था। परीक्षा प्रदेश के 10 संभागीय और जिला मुख्यालय के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हो रही है। इनमें इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, छिंदवाड़ा, रतलाम, सतना, सागर, शहडोल और बड़वानी शामिल हैं। सोमवार से शुरू हुई राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2022 में अभ्यर्थियों द्वारा एक से अधिक विषयों में शामिल होने के संबंध में भी विज्ञप्ति जारी की थी। सोमवार को हुई परीक्षा में सभी अभ्यार्थियों की काफी सख्त चैकिंग की गई।



## दो सत्रों में आयोजित की जाएगी परीक्षा

### 28 को होगी असिस्टेंट प्रोफेसर्स भर्ती परीक्षा 2022

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा 2022 के तहत वनस्पति शास्त्र, कॉमर्स, अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, गृह विज्ञान, गणित एवं संस्कृति विषयों की परीक्षा 28 जनवरी को दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 में अभ्यर्थियों द्वारा एक से अधिक विषयों में शामिल होने के संबंध में पहले ही बताया जा चुका है। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के तहत सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 की 36 विषयों की परीक्षाएं 28 जनवरी, 2 जून और 17 नवंबर 2024 को आयोजित होना हैं।

### 13 जनवरी तक डाउनलोड होंगे प्रवेश-पत्र

सोमवार को हुई परीक्षा के साथ ही एमपीपीएससी मुख्य परीक्षा 13 जनवरी 2024 तक जारी रहेगी। 12 जुलाई 2023 को एमपी पीएससी एसएसई प्रारंभिक परीक्षा परिणाम 2022 में कुल 10,351 उम्मीदवारों ने एमपी एसएसई मुख्य परीक्षा 2022 को उत्तीर्ण की थी। जिन उम्मीदवारों ने एमपी एसएसई मुख्य परीक्षा 2022 के लिए अर्हता प्राप्त की है, वे एमपीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। एमपीपीएससी एसएसई प्रवेश-पत्र 13 जनवरी 2024 तक डाउनलोड किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### सर्दियों में स्कूली छात्रों को स्वेटर वितरण

**मंडीदीप।** दाहोद ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम निशानखेड़ा में क्षेत्रीय युवा साथियों के द्वारा बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। समाजसेवी राजेंद्र नागर ने बताया दाहोद के युवा साथियों का समाज सेवा के लिए किया गया यह प्रयास सराहनीय है। इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर आरोग्य हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अभिजीत पाटिल ने भी अपने स्व. पिता की स्मृति में अपनी ओर से विद्यालय में बच्चों के खेलने के लिए झूले व फिसलपट्टी के लिए सहयोग राशि विद्यालय को देने की घोषणा की एवं सभी बच्चों के निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण की भी जिम्मेदारी आरोग्य हॉस्पिटल ने ली।

### नगर के समीप दाहोद डैम पर किया पौधरोपण



**मंडीदीप।** नगर के समीप प्राचीन स्थान दाहोद डैम पर फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा पौधरोपण किया गया। संगठन के अध्यक्ष नारायण सिंह राजपूत पंछी ने बताया कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए निरंतर पौधरोपण करना जरूरी है। उसी क्रम में हमारे संगठन द्वारा निरंतर पौधरोपण किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री राजेश भवरे, औबेदुल्लागंज के राजेश साहनी, विनोद तोमर, संतोष पाल, महेंद्र राजपूत आदि मौजूद रहे।


### 10 दिन में दो थाना प्रभारियों को हटाया

**औबेदुल्लागंज।** नगर में 10 दिन में



दो टीआई को हटा दिया है। एक टीआई चौकसे को पुलिस महानिरीक्षक ने अचानक निरीक्षण में रात्रि 1:00 बजे थाने में गड़बड़ी मिलने पर पुलिस हेड क्वार्टर अटैच कर दिया है। दूसरे टीआई सुधीर अर्जरिया ने अभी-अभी चार्ज लिया था, जिन्हें जिला पुलिस अधीक्षक ने लाइन अटैच कर दिया। एसडीओपी विकास पांडेय ने बताया कि प्रशासनिक नियम प्रक्रिया के तहत कार्रवाई हुई है। सोमवार को नए टीआई वीरेंद्र सेन ने चार्ज ले लिया है।

### सोने की झुमकी चुराने वाला गिरफ्तार



**भोपाल।** कोतवाली पुलिस ने ज्वेलरी शॉप से सोने की झुमकी चुराने वाले आरोपी विशाल सूर्यवंशी पिता अजय सूर्यवंशी (20) विदिशा रोड, लीलाधर कॉलोनी भानपुर, छोला को गिरफ्तार कर झुमकी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार बुधवार 3 जनवरी को सोशल मीडिया पर एक युवक ज्वेलर्स की दुकान से जेवरात चुराकर भागते हुए वीडियो वायरल हुआ था।

कोलार थाना क्षेत्र स्थित राजहर्ष कॉलोनी में आईकॉन मेरीडियन के पास हुआ हादसा

# तेज रफ्तार बाइक ने मेडिकल छात्राओं को मारी टक्कर, एक गंभीर; युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित राजहर्ष कॉलोनी में आईकॉन मेरीडियन के पास तेज रफ्तार बाइक ने मेडिकल की छात्राओं को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो छात्राओं को गंभीर चोट आई है, जबकि तीसरी छात्रा बाल बाल बच गई। दोनों छात्राओं का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे में बाइक सवार के हेलमेट के तीन टुकड़े हो गए और सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि हादसा तेज रफ्तार होने के कारण हुआ है। पुलिस ने मृतक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## बाइक सवार ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा



कैलाश जामौद, मृतक

पुलिस के अनुसार अनुष्का मानसरोवर डेंटल कॉलेज के हॉस्टल में रहती हैं और बीएएमएस की पढ़ाई कर रही हैं। अनुष्का (23) अपनी दो सहेलियों में तनुश्री भोंड़े और प्राची जोगी के साथ और शॉपिंग करने निकली थी। तीनों सड़क किनारे होते हुए रात करीब आठ बजे के आसपास आईकान मेरीडियन बिल्डिंग के सामने पहुंची थी, तभी तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। बाइक सवार ने प्राची यादव को पहले टक्कर मारी थी। फिर तनुष्का को चपेट में ले लिया है, जबकि अनुष्का बाल बाल बच गई। हादसे में प्राची यादव टक्कर लगने से दूर जा गिरी थी, जबकि तनुष्का बाइक के साथ कुछ दूर तक फंसकर गई। इस हादसे में उसे गर्दन सिर समेत शरीर में गंभीर चोट आई है।

### बाइक सवार के हेलमेट के हुए तीन टुकड़े

हादसे के समय बाइक की तफ्तार इतनी तेज थी कि बाइक सवार के हेलमेट के तीन टुकड़े हो गए। बाइक सवार को गंभीर अवस्था में एंबुलेंस हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची थी। वहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह करीब चार बजे के आसपास उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान कैलाश उर्फ इलाब पिता जगत जामौद (26) निवासी सलैया के रूप में की गई। बताया जाता है कि घटना के समय वह काम से लौटकर अपने घर सलैया जा रहा था।

## बाइक की टक्कर से 76 साल के बुजुर्ग की मौत

### रायसेन रोड स्थित अशोका इन्क्लेव के सामने हुआ हादसा

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित रायसेन रोड अशोका इन्क्लेव के सामने तेज रफ्तार बाइक सवार ने 76 साल के बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे के बाद परिजन उन्हें रेडक्रॉस अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां इलाज के दौरान सोमवार शाम करीब छह बजे के आसपास उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। मंगलवार को शव पीएम के बाद परिजन को सौंपा जाएगा। पुलिस के अनुसार 76 साल के दीनदयाल शर्मा मकान नंबर 83, शहंशाह गार्डन में रहते थे। वे निजी कंपनी से रिटायर्ड थे। उनका बेटे पंकज शर्मा पत्रकारिता से जुड़ें हैं और मैग्जीन का प्रकाशन करते हैं। पंकज ने बताया कि उनके पिता रोजाना खाना खाने के बाद घर से टहलने निकलते थे। रविवार रात भी उन्होंने खाना खाया और टहलने के लिए निकले थे। वे टहलते टहलते रायसेन रोड स्थित अशोका इन्क्लेव तक पहुंचे थे, तभी रात करीब 9 बजे के आसपास तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दीनदयाल शर्मा बेसुध होकर गिर गए थे। कुछ लोगों ने बाइक सवार को रोक लिया। इधर, घटना की जानकारी पंकज को उनके परिचित ने मोबाइल पर दी थी। वे मौके पर पहुंचे और पिता को लेकर अस्पताल पहुंचे। सिर में गंभीर चोट होने के कारण वह कुछ कह नहीं पा रहे थे और सोमवार शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बाइक चला रहे युवक पर मामला दर्ज कर लिया है। उसके खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट करने का प्रकरण दर्ज किया गया था। दीनदयाल शर्मा की मौत के बाद धाराएं बढ़ाई जा रही है।

### कार ने बाइक सवार 100 डायल के पायलेट को मारी टक्कर, गंभीर

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित हिनौतिया वाइन शॉप के सामने रविवार देर रात कार चालक ने बाइक सवार 100 डायल के ड्राइवर को टककर मार दी। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई है। ड्राइवर का कहना है कि कार के चालक ने अन्य वाहनों को भी टक्कर मारी थी। हालांकि कोई शिकायत दर्ज करने नहीं पहुंचा। पुलिस के अनुसार उत्तम कुमार कृष्णे (58) पुष्पा नगर, ऐशवाग में रहते हैं। वे अशोका गार्डन थाने की 100 डायल चलाते हैं। 7 जनवरी को उनकी शाम चार से रात बारह बजे तक ड्यूटी थी। अपनी डियुटी पूरी करने के बाद वह बाइक से घर पुष्पानगर जा रहे थे। हिनोतिया अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने 80 फिट रोड पर पहुंचते ही उनकी बाइक को पीछे से आ रही कार के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर टक्कर लगने से वे सड़क पर गिर गए थे। उन्हें सिर में और दोनों कंधो में गंभीर चोट आई है। उत्तम कुमार ने बताया कि उनकी बाइक के अलवा अन्य वाहनों को भी टक्कर मारी थी। पुलिस कार के नंबर के आधार पर आरोपी चालक का पता लगा रही है।

नव विवाहिता ने फांसी लगाकर की थी आत्महत्या

## पुलिस ने जांच के बाद लिव इन पार्टनर पर दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित पुराना नगर में एक महीने पहले नवविवाहिता की फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद उसके लिव-इन पार्टनर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है। महिला का अपने पति से समझौता हो गया था। इस बात से नाराज लिव-इन पार्टनर महिला से मारपीट कर प्रताड़ित करने लगा था। घटना के समय भी आरोपी ने महिला के साथ मारपीट की थी।

### पति-पत्नी में हो गया था समझौता

पुलिस के अनुसार पुराना नगर बस्ती गोविंदपुरा निवासी 21 साल की प्राची पटेल (परिवर्तित नाम) ने करीब चार साल पहले कार्तिक पटेल से प्रेम-विवाह किया था। शादी के कुछ समय बाद ही दोनों में विवाद होने लगा। विवाद के चलते प्राची पति का घर छोड़कर मायके में रहने लगी थी। वहीं पर प्राची पूर्व प्रेमी अमित उर्फ एजे के संपर्क में आई। शादी का प्रलोभन देकर अमित ने प्राची के साथ लिव इन रिलेशन में रहने लगा। इसी दौरान दोनों परिवार के परिजन ने प्राची व कार्तिक की मीटिंग कराकर समझौता करा दिया। समझौता होने के बाद प्राची अपने पति के साथ रहने लगी थी। इस बात से नाराज लिव-इन-पार्टनर अमित उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। वह प्राची पर मिलने और साथ रहने का दबाव बना रहा था। इतना ही नहीं बदनाम करने की धमकी दे रहा था। अमित की प्रताड़ना से दुखी होकर प्राची ने फांसी लगा ली थी।

## आदिवासी बहुल क्षेत्र में विकसित भारत यात्रा से दिया स्वस्थ जीवन का संदेश



**औबेदुल्लागंज।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को सुदूर ग्राम पिपलियागोली पहुंची। ग्राम में यात्रा का उत्सापूर्वक स्वागत किया गया। मप्र जन अभियान परिषद के गौहरगंज सेक्टर प्रभारी हरनाम सिंह ककोडिया ने बताया कि ग्राम में यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। ग्राम के बच्चों द्वारा स्वस्थ भारत को लेकर नाटक के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। यात्रा में तहसीलदार प्रीति नागेन्द्र सहित जनपद के अधिकारी, महिला बाल विकास के अधिकारी, स्वास्थ विभाग का अमला एवं जन अभियान परिषद के समिति सदस्यों के साथ ग्राम की स्कूल के छात्र-छात्राएं, टीचर एवं जन प्रतिनिधि शामिल थे।

अभा यादव युवा महासभा का सामाजिक सम्मेलन 17 को

## प्रदेश भर में निर्वाचित हुए समाज के जनप्रतिनिधियों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

अखिल भारतवर्षीय यादव युवा महासभा की सोमवार को बैठक श्री खेड़ापति हनुमान कुटी परिसर में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में महासभा के जिला उपाध्यक्ष बबलू यादव और नगर अध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि मुख्य रूप से 17 जनवरी को आयोजित होने वाले सामाजिक सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में प्रदेश भर में निर्वाचित हुए समाज के जनप्रतिनिधियों (विधायकों) का सम्मान किया जाएगा।

### प्रदेश भर से समाज के 6 विधायक में कृष्णा गौर भी होंगी शामिल

प्रदेश भर से समाज के 6 विधायक चुने गए हैं। इनमें भोपाल गोविंदपुरा से कृष्णा गौर (यादव), छतरपुर विधायक ललिता यादव, मुंगावली विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह यादव, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव एवं कसरावद विधायक सचिन यादव शामिल हैं। उनके साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव एवं सांसद केपी यादव का भी सम्मान किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से ओमकार, मानसिंह, जगदीश, नंदू, दुर्गेश, विक्की, दिलीप, सुरेश एवं अवध यादव समेत समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

## 17 साल की नाबालिग से सौतेले पिता ने की छेड़छाड़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भोपाल।** महिला थाना पुलिस ने 17 साल की नाबालिग की शिकायत पर सौतेले पिता पर छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पिता के खिलाफ छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 17 साल की किशोरी अवधपुरी इलाके में रहती हैं और आठवीं कक्षा में पढ़ती है। उसके पिता ठेला लगाते हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि तीन साल की उम्र में उसके पिता मां को छोड़कर जा चुके हैं। मां ने दूसरी शादी की थी। उसके सौतेले पिता 36 साल के हैं। परिवार में मां के अलावा छोटा सौतेला भाई भी है। पीड़िता ने आरोप लगाए है कि उसके सौतेले पिता करीब दो महीने से उस पर बुरी नजर रखे हुए थे और उसके साथ अश्लील हरकतें कर रहे थे। वह मां को पूर्व में भी बता चुकी थी। मां ने पिता को समझाइश दी थी। आरोपी पिता की हरकतें बढ़ने लगी तो मां बेटी महिला थाने पुलिस पहुंची और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

## गायत्री परिवार के सदस्य घर-घर पीले चावल देकर कर रहे आमंत्रित

### अखंड रामायण पाठ और श्रीराम महायज्ञ होगा



**औबेदुल्लागंज।** श्री गायत्री परिवार के तत्वावधान में घर-घर जाकर पीले चावल देकर आमंत्रित किया किया जा रहा है। अयोध्या मंदिर में भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में अखंड रामायण पाठ 21 को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा। 22 जनवरी श्री राम महायज्ञ सुबह 9 से प्रारंभ होगा। गायत्री परिवार की एवं महिला मंडल अनुराधा विजयवर्गीय, राजकुमारी मित्तल, हेमलता चौरसिया, रश्मि दीक्षित, आरती यादव, चंदा नीरज चावला, रानू मित्तल, मानसी मित्तल, अनु विजय, सोनल विजय एवं अरविंद विजय ने भगवान राम के आदर्शों को जीवन में अपनाने और भारतीय संस्कृति एवं सनातन की रक्षा का संकल्प लें। रमेश विजयवर्गीय, नवल मालवीय, हरिओम परमार, चंद्र सिंह गौर, दिनेश राजपूत, राजमल नागर, राजू शर्मा आदि ने कहा कि सभी श्रद्धालु भारतीय वेशभूषा में ही यज्ञ शाला में प्रवेश करें।

## 'एक शाम प्रभु श्रीराम' के नाम कार्यक्रम 22 को



**औबेदुल्लागंज।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर श्री मानस मंडल द्वारा एक शाम प्रभु श्रीराम के नाम कार्यक्रम का आयोजन 22 जनवरी को किया जा रहा है। इस अवसर बाबूलाल, अरविंद राय, सुधीर, कमल, राजकुमार माहेश्वरी, संतोष गुप्ता, मुकेश श्रीवास्तव, लोकेश वर्मा, अनिल नागर, सुरेश ताम्रकार, संदीप महेश्वरी आदि ने बताया कि कार्यक्रम में सभी धार्मिक संगठन, सभी सामाजिक संगठन, श्रृद्धालु बंधु, आमंत्रित हैं।

22 जनवरी को शाम 7.15 बजे हनुमान चालीसा, महाआरती, भजन, होली भजन (फूलों की होली), राम दीपावली (दीपमाला), रंगारंग आतिशबाजी, राम लक्ष्मण स्वरूपों का स्वागत, पांचों महावीर चोला धारकों का स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा। इसके बाद कन्या पूजन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

तकनीक पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

## ड्रोन तकनीक से कीटनाशक का छिड़काव बेहतर, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने जानी कृषि की नई तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी और कृषि विज्ञान केन्द्र, रायसेन के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण कृषि और कृषि की आधुनिक तकनीक पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बीएससी कृषि अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (रॉवे) का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के उपरांत विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर प्रोत्साहित किया गया।

*जैविक खेती और उन्नत बीजों के इस्तेमाल के माध्यम से बेहतर उपज के विषय में भी बताया*

### किसान और कृषि विद्यार्थियों से की अपील



कार्यक्रम का शुभारंभ मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर डॉ. अरूण कुमार पांडेय, वाइस चांसलर डॉ. एएस यादव, कृषि विज्ञान केंद्र, रायसेन की संचालिका निधि खंडेलवाल सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मानसरोवर ग्लोबल विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर डॉ. अरुण कुमार पांडेय ने कार्यक्रम में उपस्थित किसान और कृषि विद्यार्थियों से कृषि की नई तकनीक को अपनाने की अपील की। उन्होंने किसानों से ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल कर खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव करने की सलाह दी। साथ ही जैविक खेती और उन्नत बीजों के इस्तेमाल के माध्यम से बेहतर उपज के विषय में भी बताया।

### कृषि विज्ञान केंद्र से है करार

मनसरोवर ग्लोबल विश्वविद्यालय और कृषि विज्ञान केंद्र, रायसेन के मध्य हुए करार के अंतर्गत विद्यार्थियों ने यह प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिसमें विद्यार्थियों ने खेती किसानी से संबंधित बारीकियों को जाना। साथ ही साथ विद्यार्थियों ने ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों के घर जाकर उनके द्वारा उपयोग की जा रही खेती की तकनीकें, उपयोग में लाए जा रहे कृषि यंत्र, उर्वरक बीज और कीटनाशक के प्रयोगों के विषय में भी जाना।

चैंपियनशिप ट्रॉफी और एक लाख का मिलेगा इनाम

## कार्निवॉल में 4000 से अधिक प्रतिभागी दिखाएंगे हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

एसएचआईएम कार्निवाल मध्य भारत का ऐसा अनूठा मंच है, जिसका सभी को इंतजार रहता है। इस मैनेजमेंट एवं कल्चरल फेस्ट में कॉलेज के छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। कार्निवाल का ये 9वां वर्ष है, जिसमें सिर्फ भोपाल ही नहीं अन्य संभाग के कॉलेजों के 4000 से अधिक प्रतिभागियों के हुनर का संगम होगा। इस दो दिवसीय फेस्ट में कुल 13 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

पहले दिन 11 जनवरी को ट्रेडिशनल वॉक, ऐड-मैड शो, रंगोली, ट्रैजर हंट, पेपर ड्रेस, मेहंदी एवं टैटू, टैलेंट हंट, मैनेजमेंट क्विज कंपटीशन का आयोजन होगा। दूसरे दिन बिजनेस प्लान, रील मेकिंग, डांस, फ्लेमलेस कुकिंग, नुक्कड़ नाटक जैसी प्रतियोगिताएं होंगीं। इसके अलावा कार्निवाल में स्पेशल बैंड का परफॉर्मेंस भी होगा। इस मेगा फेस्ट की प्लानिंग कई महीनों पहले से शुरू हो जाती है, जब कोर कमेटी का गठन किया जाता है। एमबीए एवं एमबीए इंटीग्रेटेड की छात्राओं की विभिन्न कमेटी बनाई जाती हैं, जो शिक्षकों के मार्गदर्शन में कार्य करती हैं।

कार्निवाल में सम्पूर्ण टास्क मैनेजमेंट संस्थान की छात्राओं के द्वारा किया जाता है, जिसमें स्पॉन्सरशिप से लेकर इनविटेशन, हॉस्पिटैलिटी, डेकोरेशन एवं सभी प्रोसेस शामिल है। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कुल 1 लाख से अधिक मूल्य के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस फेस्ट का मुख्य आकर्षण चैंपियनशिप ट्रॉफी है, जो सबसे अधिक प्रतियोगिताओं के विजेता कॉलेज को प्रदान की जाती है।

विस के मानसरोवर सभागार में दो दिनी प्रबोधन आज से

# लोकसभा स्पीकर बिरला सिखाएंगे संसदीय शिष्टाचार एवं आचरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा के नए सदस्यों का दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम 9 व 10 जनवरी को होगा। इसे लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से भेंट कर कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की।

इस मौके पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला का भी मार्गदर्शन सभी सदस्यों को मिलेगा। यह कार्यक्रम विधानसभा के मानसरोवर सभागार में आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन सत्र 9 जनवरी को सुबह 11 बजे मानसरोवर सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप्र विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार अपने विचार रखेंगे। सत्र के शुरूआत में लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह का संबोधन होगा। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आभार उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम की शुरूआत से पूर्व सुबह 10.30 बजे कुण्ड स्थल पर सामूहिक छायाचित्र भी लिया जाएगा।


सीएम डॉ. मोहन यादव एवं संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से भेंट कर कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की।

◆ सीएम डॉ. यादव ने की विधानसभा अध्यक्ष तोमर से तैयारियों को लेकर चर्चा

◆ कार्यक्रम की शुरुआत से पहले कुण्ड स्थल पर लिया जाएगा सामूहिक छायाचित्र


विधानसभाध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मंत्री विश्वास सारंग एवं अधिकारियों के साथ परिसर का निरीक्षण किया।

### दूसरे दिन सुबह 11 बजे से होगा चतुर्थ सत्र

10 जनवरी दूसरे दिन सुबह 11 बजे से चतुर्थ सत्र आयोजित किया जाएगा। इसका विषय संसदीय प्रणाली में समितियों की भूमिका रहेगा। इसी तरह पंचम सत्र बजट व आय व्ययक, अनुदान की मांगों पर चर्चा, कटौती प्रस्ताव पर केंद्रित रहेगा। षष्टम सत्र संसदीय विशेषाधिकार पर केंद्रित रहेगा। प्रश्नकाल एवं प्रश्नों से उद्भूत आधे घंटे की चर्चा पर केंद्रित विषय पर मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा अपना व्याख्यान देंगे। पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह सदस्य बजट प्रक्रिया, आय व्ययक, अनुदान मांगों पर व्याख्यान देंगे। दूसरे व अंतिम दिन ही शाम 4 बजे से समापन सत्र का आयोजन किया जाएगा।

### द्वितीय सत्र में स्थगन, ध्यानाकर्षण, अविलंब लोक महत्व की सूचनाओं पर उद्बोधन

पहले दिन के द्वितीय सत्र का विषय 'संसदीय प्रक्रियाएं-स्थगन, ध्यानाकर्षण, अविलंब लोक महत्व की सूचनाएं महत्व तथा उनका उपयोग' पर केंद्रित रहेगा। इस सत्र में पूर्व सांसद राज्यसभा सुरेश पचोरी का व्याख्यान होगा। इसके बाद शाम 6.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### बताया जाएगा प्रभावी विधायक कैसे बनें

*प्रथम दिन प्रबोधन कार्यक्रम का प्रथम सत्र " प्रभावी विधायक कैसे बनें, संसदीय शिष्टाचार एवं आचरण विषय पर केंद्रित होगा। इसी दिन मंगलवार को लोकसभा में लाभ के पदों संबंधी संयुक्त समिति के अध्यक्ष डॉ. सत्यपाल सिंह का भी उद्बोधन होगा।*

*सीएम डॉ. यादव ने कुशाभाऊ हॉल में की कानून व्यवस्था के संबंध में भोपाल संभाग की समीक्षा*

जुलूसों का संचालन देर रात तक न हो, सघन क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस का आवागमन सुगम हो

# जोन और थानों की सीमाओं का युक्तियुक्तकरण जनप्रतिनिधियों की सहमति से किया जाए: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों में कानून व्यवस्था के साथ-साथ एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि का आवागमन भी सुगम हो सके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल में जोन और थानों की सीमाओं के प्रस्तावित युक्तियुक्तकरण का कार्य जनप्रतिनिधियों की सहमति से किया जाए। ऐसी व्यवस्था करें कि किसी भी जुलूस का संचालन देर रात तक न हो, यह आयोजन निश्चित समय सीमा में पूर्ण हों। इसके लिए शांति समितियों के साथ पहले से ही बैठक कर कार्य योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सघन बस्तियों से त्योहारों के समय निकलने वाले जुलूसों में जिन क्षेत्रों में अपराध, हिंसा, अव्यवस्था की संभावना रहती है, उन क्षेत्रों का विकास पुलिस तथा नगरीय निकाय सहित अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर समन्वित रूप से किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में भोपाल संभाग की कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर उपस्थित थीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्देश्य यह हो कि इन क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के साथ-साथ एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि का आवागमन भी सुगम हो सके।

### यह निर्देश दिए

उच्चाधिकारी भी नजर रखें कि थानों में बेकसूर लोगों को न फंसाया जाए

निर्दोष लोगों को फंसाने वाले अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी



### बेकसूरों पर न हों झूठी कार्रवाईयां

डॉ. यादव ने कहा कि उच्चाधिकारी इस पर भी नजर रखें कि थानों में बेकसूर लोगों को न फंसाया जाए और झूठी कार्यवाईयां न हों। निर्दोष लोगों को फंसाने वाले अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### डीजे संचालन में लगे युवाओं का पुनर्वास हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डीजे संचालन में लगे युवाओं के पुनर्वास के लिए विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाएं संचालित करने कार्ययोजना बनाई जाए। शादी विवाह तथा अवसरों पर बैंड बाजा व शहनाई का उपयोग हमारी परम्परा है। इसे प्रोत्साहित करने प्रशिक्षण तथा अन्य नवाचार किए जाएं।

### जेलों का भी औचक निरीक्षण करें कलेक्टर्स

*मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर्स को जेलों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए, साथ ही बंदियों की स्थिति का विश्लेषण कर 15 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जेलों में बंद गलत फंसाए गए लोगों को आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।*

### भोपाल नगरीय पुलिस में आईपीसी अपराधों में आई गिरावट

भोपाल नगरीय पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्रा ने भोपाल नगरीय पुलिस के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि अपराध वर्ष 2022-23 में भोपाल में आईपीसी अपराध में 6 प्रतिशत की कमी आई है। हत्या के मामलों में 42 प्रतिशत, हत्या के प्रयास में 14 प्रतिशत,लूट में 16 प्रतिशत, बलात्कार में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है और प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां बढ़ी हैं। पुलिस आयुक्त ने भोपाल कमिश्नरेट रेट के उल्लेखनीय कार्यों को भी प्रस्तुत किया। बैठक में भोपाल संभाग के विधायकगण, मुख्य सचिव वीरा राणा, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### मांस विक्रय के लिए जल्द विकसित करें विशेष क्षेत्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि खुले में मांस के विक्रय पर कार्रवाई की जाए तथा नगरीय निकाय और नगर पंचायतें बजट में विशेष प्रावधान कर मांस विक्रय के लिए विशेष क्षेत्र विकसित करने की कार्रवाई तेज गति से करें। बैठक में गंभीर अपराधों में आदतन अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण, महिला अपराधों पर नियंत्रण, मादक पदार्थों पर कार्रवाई, नाबालिग बालक-बलिकाओं की बरामदगी, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, साइबर क्राइम पर की गई कार्रवाई तथा नवाचारों के संबंध में जानकारी दी गई।

दिग्विजय पर मानहानि केस में एमपी-एमएलए कोर्ट का एक्शन

## कांग्रेस विधायक सिकरवार को 10 हजार का जमानती वारंट जारी कर किया तलब

**भोपाल।** दिग्विजय सिंह मानहनि केस में एमपी एमएलए कोर्ट ने बड़ा एक्शन लिया है। कोर्ट ने ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक सतीश सिकरवार को 10 हजार के जमानती वारंट से तलब किया है। दरअसल, दिग्विजय सिंह मानहनि केस में सतीश सिकरवार को अपने बयान दर्ज कराने थे। कोर्ट की तरफ से तीन बार उन्हें समन जारी किया था। जिसके बाद मानहनि का केस दायर करने वाले एडवोकेट ने कहा- साक्षी विधायक सतीश सिंह सिकरवार जान बूझकर कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रहे हैं, न ही अपने बयान दर्ज करा रहे हैं। इसलिए उन्हें वारंट से बुलाया जाएं। जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें जमानती वारंट से 22 जनवरी तक तलब किया है।

दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह साल 2019 में अपने भिंड प्रवास के दौरान उन्होंने कहा था कि एक बात मत भूलिए, जितने भी पाकिस्तान के लिए जासूसी करते पाए गए हैं, भाजपा, आरएसएस, बजरंग दल से पैसे ले रहे हैं जासूसी कर रहे हैं। इस पर एडवोकेट अवधेश भदौरिया ने एमपी-एमएलए कोर्ट में मानहानि का केस दर्ज कराया है। दिग्विजय सिंह के वकील ने तर्क दिया था कि अवधेश भदौरिया ने अपने आपको युवा मोर्चा का विशेष आमंत्रित सदस्य बताया है। सतीश भी पूर्व में भाजपा युवा मोर्चा के विशेष आमंत्रित सदस्य रहे हैं, इसलिए वो कोर्ट में बताएंगे, सदस्य के क्या आधिकार होते है। वकील के तर्क पर कोर्ट ने सतीश सिकरवार को गवाही के लिए तलब किया था। साल 2019 में एक प्रेसवार्ता में दिग्विजय ने भाजपा और आरएसएस पर आईएसआई का जासूसी के आरोप लगाए थे।

### खबर संक्षेप

#### रैनबसेरे में अव्यस्था पर मनावर सीएमओ सस्पेंड

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त भरत यादव ने धार जिले के मनावर नगर पालिका अधिकारी को कर्त्तव्यों में लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सीएमओ संतोष चौहान ने शीत ऋतु को देखते हुए नगर के रैन बसेरों में समुचित व्यवस्था नहीं की। इस वजह से स्थानीय नागरिकों में असंतोष पैदा हुआ। आरोपों में कहा गया है कि संबंधित नगर पालिका अधिकारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का भी त्वरित गति से निराकरण नहीं किया जा रहा था।

#### पूर्व सीएम शिवराज दो दिनी तेलंगाना दौरे पर

**भोपाल।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दो दिवसीय तेलंगाना दौरे पर रहेंगे। वहे 9 और 10 जनवरी को तेलंगाना जाएंगे। वहां विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पूर्व सीएम हैदराबाद, करीमनगर, वारंगल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। पूर्व सीएम सोमवार शाम को दिल्ली जाएंगे। इसके बाद मंगलवार को सुबह दिल्ली से हैदराबाद के लिए रवाना होंगे।



#### 22 को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें

**भोपाल।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होने जा रहा है। इसको लेकर देश वासियों को बेसब्री से इंतजार है। 22 जनवरी को पूरा देश दिवाली मनाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश जारी किया कि 22 जनवरी को प्रदेश में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें।



*लोस चुनाव के लिए तैयार की जा रही नई वोटर लिस्ट*

## मतदान केंद्रों पर मिलेंगे बीएलओ 22 तक जुड़ेंगे वोटर लिस्ट में नाम

आठ फरवरी को होगा वोटर लिस्ट का फाइनल प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा चुनाव निपटने के बाद भारत निर्वाचन आयोग ने नई वोटर लिस्ट का काम शुरु कर दिया है। जिसके लिए 8 फरवरी को वोटर लिस्ट का फाइनल प्रकाशन किया जाएगा। सबसे पहले छह जनवरी से 22 जनवरी तक जिले के 2049 मतदान केंद्रों पर नए नाम जोड़ने, काटने, नाम, पते में बदलाव सहित वोटर लिस्ट से जुड़े काम शुरु कर दिए गए हैं। ऐसे युवा जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 को अठारह साल पूरी हो रही है, वह वोटर लिस्ट में नाम जुड़वा सकेंगे। उपजिला निर्वाचन अधिकारी रविशंकर राय का कहना है कि भारत निर्वाचन आयोग ने नई वोटर लिस्ट के लिए काम शुरु कर दिया गया है।

### नाम जुड़वाने के साथ कर सकेंगे बदलाव भी

छह से 22 जनवरी तक सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर बैठ रहे हैं। मतदाता अपना नाम जुड़वाना सहित अन्य बदलाव भी करा सकेंगे। इस विधानसभा चुनाव में जिले के 20 लाख 87 हजार 32 मतदाता थे, जिनमें 10 लाख 74 हजार 56 पुरुष, 10 लाख 12 हजार 804 महिला और 172 अन्य मतदाता हैं। सबसे अधिक 3 लाख 93 हजार 213 मतदाता गोविंदपुरा में है। इसके अलावा बैरसिया में 2 लाख 48 हजार 97, उत्तर 2 लाख 45 हजार 386, नरेला 3 लाख 49 हजार 123, दक्षिण-पश्चिम 2 लाख 32 हजार 953, मध्य 2 लाख 47 हजार 454 और हुजुर में 3 लाख 70 हजार 806 मतदाता है। नए नाम जुड़ने के बाद मतदाताओं की संख्या बढ़ जाएगी। भोपाल लोकसभा सीट में जिले के मतदाताओं के साथ सीहोर विधानसभा के मतदाताओं को शामिल किया जाता है।

### वार्ड-41 में आज सुबह 9 बजे से होगी काउंटिंग

**भोपाल।** नगर निगम चुनाव के वार्ड-41 के पार्षद पद के उपचुनाव के लिए लिए मंगलवार सुबह 9 से काउंटिंग शुरू होगी। एक घंटे के भीतर ही रिजल्ट आने की संभावना है। इसके लिए 5 जनवरी को वोटिंग हुई थी। इसमें 22 हजार 507 में से 10 हजार 131 मतदाताओं ने मतदान किया। यानी सिर्फ 45.1 प्रतिशत मतदान हुआ था। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रविशंकर राय ने बताया कि पुरानी जेल में सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू होगी। इसके लिए 9 टेबलें लगाई गई है। चुनावी कर्मचारियों और उम्मीदवारों के एजेंटों के प्रवेश के लिए अलग-अलग गेट बनाए गए हैं। एजेंटों को सुबह साढ़े 8 बजे तक पहुंचना होगा। मतगणना में करीब 100 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। **244 पंच पद फिर रह गए खाली:** जिले की पंचायतों में खाली पंच के 355 पदों के लिए 5 जनवरी को हुए उपचुनाव में भी 244 पंच के पद खाली रह गए। सिर्फ 111 पंच पदों के लिए निर्विरोध पंच चुने गए है। जिसमें फंदा के 43 और बैरसिया के 68 पंच शामिल है। शेष बचे पंच पदों के लिए छह महीने के बाद फिर से उपचुनाव कराया जाएगा।

दिग्गज चुनाव लड़ेंगे या नहीं, स्क्रीनिंग कमेटी एआईसीसी तय करेगी

## फरवरी में ही कांग्रेस ऐलान कर देगी लोकसभा प्रत्याशी आर्ब्जवर-कोऑर्डिनेटर 30 तक देंगे रिपोर्ट

प्रत्याशी चयन के लिए होगी रायशुमारी, बूथ न जीतने वालों के लिए बनेगा अलग सिस्टम: भंवर जीतेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में कांग्रेस लोकसभा चुनाव में फरवरी के पहले ही सप्ताह में प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर देगा। पॉलिटिकल अफेयर कमेटी और स्टेट इलेक्शन कमेटी की बैठक में फैसला हो गया है। खास बात है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रोडमैप पर भी चर्चा हुई है। राहुल की यात्रा से जुड़े विषयों पर जिला अध्यक्षों से चर्चा हुई है। वहीं प्रत्याशियों के नामों को लेकर बैठक में निर्णय हुआ है कि आर्ब्जवर और कोआर्डिनेटर्स 30 जनवरी तक रिपोर्ट देंगे। इसके अलावा कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को चुनाव में उतारे जाने पर फैसला स्क्रीनिंग कमेटी और एआईसीसी लेगी।

### दिग्गजों का फैसला दिल्ली पर

बैठक में कमलनाथ, दिग्विजय, अरुण सहित दिग्गज नेता चुनाव लड़ने पर चर्चा हुई है। हालांकि भंवर जीतेंद्र सिंह मामला दिल्ली पर छोड़ दिया है। बैठक में चुनाव में हारे हुए प्रत्याशियों का दर्द हर बार निकलकर सामने आ रहा है। पॉलिटिकल अफेयर कमेटी और स्टेट इलेक्शन कमेटी की बैठक में कई प्रत्याशियों की टीस निकलकर बाहर आई। बैठक में शीर्ष नेताओं के सामने एक बार फिर भीतरघात का मुद्दा छाया रहा। बैठक में एक सुर में सभी नेताओं ने पार्टी के खिलाफ काम करने वालों पर कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई। इसमें प्रदेश प्रभारी जितेंद्र भवर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं

बैठक में एक हारे हुए प्रत्याशी ने कहा कि अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होना चाहिए। जिन जिन विधानसभा प्रत्याशियों और विधायकों ने भितरघात की शिकायत की है, उसकी जांच करवाई जाए। जांच में भितरघात के सबूत मिलें तो दोषियों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। इसके साथ ही बैठक में समिति के दो सदस्य और एक राष्ट्रीय सचिव ने बड़े नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने की वकालत की। समिति के सदस्यों ने बैठक में कहा कि आज बड़े नेताओं को चुनाव में उतरना चाहिए। पार्टी ने बड़े नेताओं को सब कुछ दिया आज पार्टी को उनकी जरूरत है।

### प्रभारी बोले-अपना बूथ नहीं जीत सकते वो बड़ी बड़ी राजनीति कर रहे

बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि एमपी कांग्रेस की नई टीम में सिर्फ काम करने वालों को जगह मिलेगी। जो अपना बूथ नहीं जीत सकते वो बड़ी बड़ी राजनीति कर रहे हैं, ऐसे नेताओं के लिए हम सिस्टम बना रहे हैं। वहीं कमलनाथ की नाराजगी की बात को लेकर कहा कि उनका देश और प्रदेश की राजनीति में योदगान रहा है। पटवारी भी उनके साथ सलाह लेकर भी फैसला करेंगे।

पीएचई मंत्री उइके और खाद्य आपूर्ति मंत्री राजपूत ने संभाला कार्यभार

## सबसे पहले हर घर में नल के साथ ही साथ प्रधानमंत्री के जन मन कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्य पूरा करूंगी: मंत्री अनुसुईया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके ने पूजा अर्चना कर मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव संजय शुक्ल, सचिव अनुराग श्रीवास्तव सहित अन्य विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मंत्री श्रीमती उइके ने विभागीय योजनाओं की जानकारी ली एवं लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति के लिए दिशा-निर्देश दिए। कार्यभार ग्रहण करने के बाद मंत्री श्रीमती उइके ने सेवा भारती वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंत्री श्रीमती उइके ने कंकाली माता मंदिर पहुंचकर देवी के दर्शन किए। श्रीमती उईके ने हरिभूमि को बताया कि उनकी प्राथमिकता प्रत्येक व्यक्ति को पेयजल मुहैया कराने की है। हर घर में नल के साथ ही साथ प्रधानमंत्री के जन मन कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्य को पूरा करने की है। उसे हर हाल में पूरा करने की निर्णय लिए हैं।



### अंतिम आदमी तक पहुंचे गुणवत्ता पूर्ण खाद्यान्न

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सोमवार को मंत्रालय स्थित कक्ष में विधि-विधान से पूजाकर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सागर श्रीमती सविता सिंह राजपूत, स्टेट वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के अध्यक्ष राहुल सिंह लोधी, अपर मुख्य सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती स्मिता गाठे भारद्वाज, स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक तरूण पिथोड़े सहित स्टेट वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्पोरेशन एवं स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। मंत्री राजपूत ने पदभार ग्रहण के बाद अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शासन की योजनाओं का पूरा लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर कार्य करें। उन्होंने वितरित किए जा रहे खाद्यान्न की प्रभावी रूप से गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के साथ ही धान उपार्जन, कृषकों को उनकी उपज का भुगतान पारदर्शी व्यवस्था से शीघ्र-अतिशीघ्र करने के निर्देश दिए।



एमएसएमई मंत्री काश्यप ने की समीक्षा

## 'संकल्प अनुरूप क्लस्टर्स को तीव्र गति से धरातल पर मूर्तरूप दें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने मंत्रालय स्थित अपने प्रतिकक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ प्रदेश में क्लस्टर्स विकास के परिदृश्य एवं कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की। काश्यप ने कहा कि प्रदेश में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर्स विकास पर बेहतर कार्ययोजना के साथ कार्यान्वयन की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी यानि संकल्प 2023 के अनुसरण में प्रदेश में रोजगारमूलक क्लस्टर्स विकास पर तीव्रता से क्रियान्वयन हो। काश्यप ने बुनियादी बिंदुओं पर कार्य करने एवं नियमों आदि में स्पष्टता रखने के निर्देश दिए। प्रदेश में क्लस्टर्स को दिए जाने वाली सामान्य सुविधाओं, रखरखाव, जल स्त्रोत, पहुंच मार्ग सहित विभिन्न आवश्यक बिंदुओं पर सूक्ष्मता से चर्चा हुई। प्रक्रियाधीन क्लस्टर्स, उन्नयन एवं नवीन तैयार क्लस्टर्स पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

# डिप्टी सीएम शुक्ल ने जाने विधायक पटेरिया के हाल

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सोमवार को देवरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक बृज बिहारी पटेरिया के



अस्वस्थ होने का समाचार मिलते ही भोपाल स्थित नेशनल हॉस्पिटल पहुंचकर डॉक्टर्स एवं स्टाफ से उनके उपचार के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बेटी प्रियंका को आश्वासन दिया कि बीमारी के इलाज के लिए हर संभव मदद की जाएगी।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री ने ली विभागीय बैठक

# खेलों के उन्नयन के साथ युवा कल्याण की दिशा में भी करें कार्यः मंत्री सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक ली। मंत्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण के लिए अभूतपूर्व कार्य हो रहा है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए युवा शक्ति का विकास होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विभाग खेल और खिलाड़ियों के उन्नयन के साथ ही युवा कल्याण की दिशा में भी विशेष ध्यान दें। मंत्री सारंग ने बैठक में कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है।



**बनाएं 5 वर्ष का रोडमैप**

मंत्री सारंग ने विभाग में आगामी 5 वर्ष का रोडमैप तैयार करने के लिए एक माह के अंदर दो दिवसीय 'खेल चिंतन कार्यक्रम' का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप



### 'उमंग' ने स्कूली बच्चों को बांटे कपड़े-फल

**भोपाल।** उमंग नारी शक्ति संगठन ने सोमवार को सनखेड़ी-कोलार स्थित विद्यालय में कपड़ों, फल-मिष्ठान्न एवं पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। संस्था की संस्थापक, संरक्षक, अध्यक्ष उर्मिला शर्मा (उमा) ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था विगत 3 वर्षों से सामाजिक कार्यों में संलग्न है। संस्था द्वारा किसी से भी आर्थिक सहायता न लेते हुए सदस्यों के सहयोग से ही समस्त सामाजिक, धार्मिक एवं चैरिटेबल कार्य एवं आयोजन किए जाते हैं।

### तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि बढ़ी

**भोपाल।** भोपाल मंडल से गुजरने वाली तीन जोड़ी वीकली स्पेशल ट्रेनों के चलने की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 02132 जबलपुर-पुणे वीकली स्पेशल ट्रेन 31 मार्च, 02131 पुणे-जबलपुर वीकली स्पेशल ट्रेन 1 अप्रैल तक, 02198 जबलपुर-कोयंबटूर वीकली स्पेशल ट्रेन 29 मार्च, 02197 कोयंबटूर-जबलपुर वीकली स्पेशल ट्रेन 1 अप्रैल, 02134 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस वीकली स्पेशल ट्रेन 29 मार्च एवं 02133 बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर स्पेशल ट्रेन 30 मार्च तक समय-सारणी के अनुसार चलती रहेगी।

मध्य प्रदेश का नाम किया रोशन

# अंजली ने लगाया बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्डन पंच

राष्ट्रीय शालेय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मारी बाजी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य बाक्सिंग अकादमी की होनहार मुक्केबाज अंजली सिंह ने एसजीएफआई स्कूल नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल कर अकादमी को एक बार फिर गौरवान्वित किया है। यह चैंपियनशिप नई दिल्ली में 4 से 8 जनवरी तक आयोजित की गई। अंजली ने यह सफलता 57 किग्रा बालिका वर्ग में प्राप्त की है। अंजली मप्र राज्य अकादमी में मुख्य कोच रोशनलाल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। अंजली अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और हाल ही में चीन में हुए एशियन गेम्स से पदक लेकर लौटीं हैं।

टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता

# डीसीसी, बादल फेन्स और केजीएन ने जीते अपने मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

1100 क्वाटर्स स्थित एमसीसी खेल मैदान पर चल रही भोपाल ट्राफी टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को तीन मैच खेले गए। पहला मैच डीसीसी और विनोद इलेवन के बीच खेला गया।

डीसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अंकित के 59 रनों की मदद से निर्धारित ओवर में 108 रन बनाए। इसके जवाब में विनोद इलेवन की टीम 54 रन ही बना सकी। डीसीसी के अंकित को मेन ऑफ द मैच दिया गया। दूसरा मैच शाहपुरा इलेवन और



बादल फेन्स क्लब के बीच हुआ। बादल इलेवन ने पहले खेलते हुए 89 रन बनाए। शाहपुरा इलेवन 70 रन ही बना पाई और 19 रन से मैच हार गई। तीसरा मैच ओसीसी और केजीएन के बीच खेला गया। केजीएन ने पहले खेलते हुए निर्धारित ओवरों में जामरान के 76 रन की मदद से 123 रन बनाये। ओसीसी की टम 76 रन ही बना पाई।

# 52 विद्यालयों ने लिया हिस्साः राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में एलवीएस ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ ऐज्यूकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ हायर सेकंडरी विद्यालय की छात्राओं ने अरविंदों स्कूल भोपाल में आयोजित डब्ल्यूटीएसके राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता आयजित की गई थी, जिसमे 52 प्रतियोगी विद्यालयों में से एलवीएस स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 23 पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।



**छात्राओं के लिए गौरव की बात**

विद्यालय में ग्रामीण क्षेत्रों से छात्राएं आती है जहां पर सुविधाओं का अभाव होता है। ऐसी परिस्थिति में छात्राओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करना अपने आप में गौरव की बात है।

### 29वां इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**भोपाल।** 29वां आईईएस डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले मंगलवार से शुरू हो रहे हैं। सभी मैच ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेले जाएंगे। प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे। प्रत्येक मैच 20-20 ओवर के होंगे। विजेता टीम को एक लाख रुपए का नगद का पुरस्कार, जबकि उपविजेता टीम को 50 हजार रुपए मिलेंगे। पहला मैच सुबह 9 बजे से दैनिक भास्कर और पत्रिका के बीच होगा। वहीं दूसरा मुकाबला जनचर्चा बनाम हमीदिया इलेवन 1 बजे से खेला जाएगा।

## पेज एक का शेष

### पांच दिन बाद छनकर..

ज्यादा बढ़त उज्जैन में 7.2 डिग्री की रही। यहां अधिकतम पारा 26 डिग्री पर रहा। मौसम केंद्र के अनुसार बादलों से कुछ राहत से अब रात के तापमान में कमी आएगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार नया पश्चिमी विक्षोभ अभी सक्रिय है, जिससे राजस्थान से लगे प्रदेश के कुछ हिस्सों में दो दिन में बादल, बारिश, घना कोहरा भी रहेगा। मंगलवार से भोपाल सहित ज्यादातर जिलों में रात के तापमान में तेजी से गिरावट होगी। भोपाल में भी न्यूनतम पारा गिरने से रात में सर्दी बढ़ेगी। ग्वालियर, चंबल संभाग में मध्यम से घना कोहरा रहेगा। भोपाल, सीहोर, रतलाम, शिवपुरी और ग्वालियर जिले में कहीं कहीं बौछारें भी पड़ सकती हैं। भोपाल में भी आज कोहरे का असर बढ़ेगा।

### शीतलहर का असरः प्रदेशभर के ....

संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर, डीईओ को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग उप सचिव प्रमोद सिंह ने यह आदेश जारी करते हुए कहा है कि ऐसे सभी सरकारी और निजी स्कूल जो जल्दी सुबह से संचालित होते हैं वे सुबह 10 बजे से संचालित होंगे। दो पालियों में संचालित होने वाले सरकारी और निजी स्कूल भी सुबह 10 बजे से संचालित किए जाएं। ऐसे सरकारी स्कूल जो सुबह 10:30 बजे से संचालित होते हैं, वह यथावत निर्धारित समय-सारणी के अनुसार संचालित होंगे। कक्षा 6वीं से 12वीं तक की कक्षाओं की पूर्व निर्धारित परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय सारणी के अनुसार होगा।

**यहां 5 डिग्री से ज्यादा बढ़ा पाराः** उज्जैन में सर्वाधिक 7.2, भोपाल 6.8, इंदौर 6.2, खंडवा, रतलाम 5.6, पचमढ़ी 5.4, रायसेन 4.8 डिग्री की बढ़त के साथ ही मंडला, सागर, सतना, टीकमगढ़, सिवनी में 4.5 डिग्री तक वृद्धि हुई है। खरगोन, गुना, छिंदवाड़ा सहित कई जिलों में पारा 2 से 3 डिग्री तक बढ़ा है।

### पीएम मोदीः हम समाज...

हैं। हमारी सरकार ने किसानों की हर कठिनाई को कम करने के लिए हर संभव प्रयास किया है, जिसमें पीएसीएस, एफपीओ जैसे संगठनों के साथ कृषि क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना, भंडारण सुविधाओं में वृद्धि और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देना शामिल हैं। वीबीएसवाई ने हाल ही में 50 दिन पूरे किए हैं और लगभग 11 करोड़ लोगों से जुड़ चुका है। विकसित यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है, कोई भी हक़दार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। मोदी ने बताया कि यात्रा शुरू होने के बाद से सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, पीएम स्वनिधि के लिए लाखों आवेदनों के साथ उज्ज्वला कनेक्शन के लिए 12 लाख नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। हम गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के भविष्य पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अब तक 2 करोड़ से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई है, जिसमें 1 करोड़ टीबी जांच और 22 लाख सिकल सेल जांच शामिल हैं।

### सीएम यादव ने बाणगंगा ...

फिल्म का प्रदर्शन किया गया। सभा स्थल पर जन कल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम को केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री गिरिराज सिंह ने भी वर्चुअली संबोधित किया।

### किसान, गरीब, महिला ...

प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन, फर्टिलाइजर के उपयोग में कमी लाने, विश्वकर्मा योजना सहित स्वरोजगार के लिए संचालित सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हमारी सरकार कार्यरत है।

### दो सप्ताह के भीतर सभी...

पारित किया गया और पूछा कि क्या महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध के मामलों में सजा में छूट की अनुमति है, चाहे वह महिला किसी भी धर्म या पंथ को मानती हो। घटना के वक्त बिलकिस बानो 21 साल की थीं और पांच माह की गर्भवती थीं। बानो से गोधरा ट्रेन अग्निकांड के बाद 2002 में भड़के दंगों के दौरान दुष्कर्म किया गया था। दंगों में मारे गए उनके परिवार के सात सदस्यों में उनकी तीन साल की बेटी भी शामिल थी। गुजरात सरकार ने सभी 11 दोषियों को 15 अगस्त 2022 को सजा में छूट दे दी थी और उन्हें रिहा कर दिया था। बानो द्वारा दायर याचिका के अलावा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की नेता सुभाषिनी अली, स्वतंत्र पत्रकार रेवती लाल और लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति रूप रेखा वर्मा, तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा सहित कई अन्य ने जनहित याचिकाएं दायर कर इस राहत के खिलाफ चुनौती दी थी।

### मुकदमा महाराष्ट्र ..

(सरकार) की इसमें मिलीभगत थी और उसने इस मामले में प्रतिवादी संख्या तीन (दोषियों में से एक) के साथ मिलकर काम किया। तथ्यों को छिपाकर अदालत को गुमराह किया गया।

▶▶ शीर्ष अदालत ने यह भी माना कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत बिलकिस बानो द्वारा सजा में छूट को चुनौती देने के लिए दायर जनहित याचिका विचारणीय है। अनुच्छेद 32 के अनुसार यह एक मौलिक अधिकार है, जिसमें कहा गया है कि व्यक्तियों को संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य मौलिक अधिकारों को लागू कराने के लिए उच्चतम न्यायालय (एससी) से संपर्क करने का अधिकार है।

**दोषियों के पास क्या बचे हैं कानूनी विकल्प?** : अब सभी आरोपियों को सरेंडर करना होगा। दोषी सुप्रीम कोर्ट में 30 भीतर पुनर्विचार याचिका यानी रिव्यू पिटीशन फाइल कर सकते हैं। रिव्यू पिटीशन में राहत मिलने के आसार न के बराबर होते हैं। इस बार दोषियों को सजा में छूट के लिए महाराष्ट्र सरकार के सामने आवेदन करना होगा।

### दिल्ली क्यों जाऊं, ...

सिंह तोमर ने इन दोनों नेताओं को विधायक पद की शपथ दिलवाई। इधर, शपथ ग्रहण करने के बाद कमलनाथ ने मीडिया से चर्चा में कहा कि मैं मध्यप्रदेश में ही सक्रिय रहूंगा। मैं दिल्ली क्यों जाऊंगा। इंडिया गठबंधन पर उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की बात चल रही है। कुछ ना कुछ निचोड़ जरूर निकलेगा, हालांकि मैं इसकी चर्चा में शामिल नहीं हूं। बता दें, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव 2023 लड़ा था, लेकिन कांग्रेस को इसमें करारी हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस को सिर्फ 66 सीटें मिली। इसके बाद कांग्रेस ने बड़ा बदलाव करते हुए जीतू पटवारी को मध्यप्रदेश कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। चुनाव परिणाम आने के बाद से ही कमलनाथ विदेश प्रवास पर रवाना हो गए थे। इसके बाद वे 7 जनवरी को भोपाल वापस लौटे हैं।

**अब इनकी होनी है शपथः** कसरावद से विधायक चुने गए सचिन यादव विधायक पद की शपथ लेने के लिए अभी रह गए हैं। वे आज भी शपथ नहीं ले पाए। इसके पहले उन्होंने सत्र में भी शपथ नहीं ली थी। अब विधानसभा में 230 विधायकों में से 229 की शपथ हो चुकी है। सिर्फ एक सचिन यादव ही शेष हैं। आगे उन्हें भी इसी प्रकार से अध्यक्ष के कक्ष में शपथ दिलवाई जाएगी। शपथ के बाद ही वे विधानसभा की कार्यवाही में भाग ले पाएंगे।

### रेल कॉरिडोर ...

जा रही है। एनएचएसआरसीएल ने एक प्रेस रिलीज में कहा कि उसने गुजरात के वलसाड जिले के जरोली गांव के पास स्थित 350 मीटर लंबी और 12.6 मीटर व्यास वाली पहली पहाड़ी सुरंग को केवल 10 महीने में पूरा कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इसमें कहा गया है कि 70 मीटर लंबा और 673 मीट्रिक टन वजन वाला पहला स्टील पुल सूरत में एनएच-53 पर बनाया गया था। इसी के तहत 28 में से 16 ऐसे पुलों का निर्माण विभिन्न चरणों में हैं। इस कारिडोर पर 24 में से छह नदियों पर पुल का निर्माण पूरा हो चुका है। नर्मदा, ताप्ती, माही और साबरमती नदियों पर काम चल रहा है।

### दो घंटे में तीनों गुंबद...

के घटते ही तत्काल पूरे उप्र में कर्फ्यू लगा दिया गया। इसी बीच पुजारियों ने रामलला को गुलाबी चादर में लपेटकर उन्हें उचित स्थान पर स्थापित कर दिया। ढांचा तोड़ते समय अनेक लोग घायल हुए, कई लोगों की मृत्यु भी हुई। थोड़ी देर बाद वहां पर परमहंस रामचंद्र दास, महंत नृत्य गोपाल दास और अशोक सिंहल वहां आए और उन्होंने रामलला के दर्शन किए। *(प्रभात झा राज्यसभा सांसद भी रहे हैं।)*

### हमने मोटरसाइकिल से ...

ओमप्रकाश तिवारी मोटर साइकिल से आगे बढ़ रहे थे। आखिर रामजी का काज था, कोई कैसे रोक सकता था। रात्रि 12 बजे हम मध्यप्रदेश की सीमा भिंड में प्रवेश कर चुके थे। अब हमें 70-75 किमी की यात्रा और करनी थी।




**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक













## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5389



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बड़प्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अवशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्यनिष्ठ-4
34.सेंधमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निरुत्तर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2


**शब्द पहेली -5388 का हल**



## सुडोकु नवताल- 5399



सुडोकु नवताल- 5398 का हल



## इंदौर-भोपाल बाजार

### दलहन भाव

चना कांटा 5795 - 5800 विशाल चना 5650 - 5700 डंकी चना 5200 - 5300 मसूर 6100 - 6125 मूंग एवरेज 7000 - 8000 बोल्ड मूंग 8500 - 8600 बारिश की मूंग 9000 - 9600 उड़द बेस्ट - 8200 - 8700 एवरेज मीडियम उड़द 7000 - 7700 हल्की उड़द 3000 - 5000 तुअर निमाड़ी 8300 - 9900 रुपए।

### तिलहन भाव

सोयाबीन 4700 - 4725 सरसों निमाड़ी 6300 - 6400 रायडा 4800 - 4900 रुपए क्विंटल।

### दाल भाव

तुअर दाल फूल 12500 - 12700 तुअर दाल सवा नंबर 12200 - 12400 चना दाल 6700 - 7500 एक्स्ट्रा बोल्ड 8000 मसूर दाल 7350 - 7450 मूंग दाल 9700 - 9900 मूंग मोगर 10000 - 10100 उड़द दाल 13200 - 13400 उड़द मोगर 13500 - 14000 रुपए।

### चावल भाव

कोहिनूर बासमती वंड 14400 - 14500 तिबार 12000 - 12100 मिनी दुबार 7000 - 7100 दुबार पोनिया 8400 - 8700 मोगरा 6000 - 6100 बासमती (921)10000 - 11000 बासमती सैला (क्वालिटीनुसार) 6500 - 9000 रुपए।

### किराना बाजार

सूखे मेवे (प्रति किलो) - काजू ( सभी वैरायटी) 575 - 675 काजू टुकड़ी 525 - 550 बादाम (देसी - आयातित) 640 - 750 किशमिश कंधारी 450 - 475 बेस्ट 550 - 650 रुपए किलो।

### तेल बाजार

मूंगफली तेल इंदौर 1590 - 1610 मुंबई 1605 - 1610 गुजरात 1575 - 1578 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 890 - 895 सोया सॉल्वेंट 840 - 845 मुंबई सोया रिफाइंड तेल 878 - 880 सोया डीगम (बिना टैक्स) 798 - 800 इंदौर पाम ऑइल 873 - 875 मुंबई पाम ऑइल 823 - 825 गुजरात कपास्या तेल 808 - 810 रुपए। राजकोट तेलिया मूंगफली तेल 2500 - 2510 रुपए प्रति 15 किलो पैक।

मावा - 300 रुपए किलो।

### इंदौर सराफा बाजार

सोना 10 ग्राम 63150 रुपए।
चाँदी 73000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 850 रुपये प्रति नग।
सोना 2036 डॉलर प्रति औंस।
चांदी 2306 सेंट प्रति औंस।

## खबर संक्षेप

### दाल मिल की आधुनिक मशीनों की प्रदर्शनी 2 से 4 फरवरी तक

भोपाल। ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन द्वारा दाल मिलों की नवीन तकनीक वाली मशीनों की प्रदर्शनी आगामी 2 से 4 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। जिसमें देश-विदेश के विशेषज्ञ शामिल होंगे। ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल अनुसार प्रदर्शनी में देश के अलावा अमेरिका, जापान,कनाडा, जर्मनी, टर्की एस्पेन स्वीन और कोरिया सहित अन्य देशों के विशेषज्ञ शामिल होंगे। इस प्रदर्शनी में मशीनों, मशीनरी पार्ट्स और नवीनतम कलर सार्टेक्स मशीनों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# मालदीप द्वारा अपमानजनक टिप्पणी की व्यापारियों और उद्योगपतियों ने की घोर निंदा

# बोले-व्यापार बंद करें, नफा-नुकसान की चिंता के बगैर हम सरकार के साथ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारत जब ड्रैगन (चाइना) को नाकों चना चबा सकता है तो और उसे उसकी औकात दिखा सकता है तो इस मालदीप की भारत के सामने हैसियत ही क्या है। अतः केंद्र सरकार मालदीप से व्यापार बंद करें और मालदीप को पाकिस्तान की श्रेणी में डाल दे। मध्यप्रदेश सहित देश भर का व्यापारी नफा -नुकसान की परवाह किए बगैर मोदी सरकार के साथ है। यह बात राजधानी भोपाल के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों और विभिन्न ट्रेड से जुड़े कारोबारियों ने कही।

कारोबारियों ने मालदीव सरकार के तीन मंत्री मरियम शिउना, मालशा शरीफ और महजूम माजिद के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी किए जाने की घोर भत्सर्ना की और केंद्र सरकार से मांग की है कि मालदीप से तत्काल प्रभाव से सभी तरह के व्यापार बंद करें। व्यापारियों ने कहा कि मालदीप सरकार ने हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जो अपमान जनक टिप्पणी की है वह अक्षम्य है। अतः मालदीप को पाकिस्तान की श्रेणी में डालें।

## छोटा सा देश मालदीप टूरिज्म पर निर्भर है... भारत बंद करे वहां का ट्रेवल्स एंड टूरिज्म


### मालदीप को पाकिस्तान की श्रेणी में डाले



केंद्र सरकार मालदीप के खिलाफ सख्त रुख अपनाए। मालदीप को पाकिस्तान की श्रेणी में डाले, भारत चाईना को उसकी औकात दिखा सकता है तो इस मालदीप की भारत के सामने हैसियत ही क्या है। पंजाबी ने कहाकि मंत्री मरियम शिउना द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा ठीक नहीं है। देश का व्यापारी मालदीप के खिलाफ सोशल मीडिया पर बायकॉट अभियान चल रहा है।

**सुनील पंजाबी**
पूर्व अध्यक्ष भोपाल किराना व्यापारी संघ

### मालदीप की अशिष्टता बर्दाश्त न की जाए



किसी भी देश द्वारा अशिष्टता किया जाना भारत और भारत देश के व्यापारी, उद्योगपतियों को बर्दाश्त नहीं है। हमारे प्रधानमंत्री के खिलाफ मालदीप सरकार द्वारा अपमान जनक टिप्पणी करना घोर निंदनीय है। अतः भारत सरकार मालदीप से व्यापार बंद करें। देश का कोई उद्योगपति और टूरिज्म मालदीप नहीं जाएगा और व्यापार नहीं करें।

**डॉ.आरएस गोस्वामी**
अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ एमपी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री

### उद्योगपति सभी प्रकार के औद्योगिक संबंध तोड़ेंगे



किसी देश के द्वारा भारत का अपमान बर्दाश्त नहीं है, लेकिन काफी समय से मालदीप भारत के साथ जुड़ा हुआ है। कोशिश और दबाव बने की भारत का सम्मान करे और अहित करने की सोचने वाले देश का ही नुकसान होगा। मालदीप अगर अपने हरकतों से बाज नहीं आता , तो देश का उद्योगपति सभी प्रकार के औद्योगिक संबंध तोड़ेगा।

**राजीव अग्रवाल**
अध्यक्ष, मंडीदीप इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन

### भारत को ट्रेवल्स टूरिज्म बंद कर देना चाहिए



जो देश भारत पर निर्भर है और पहले भी भारत ने मालदीप को काफी सहयोग किया। लेकिन मालदीप द्वारा देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करना निंदनीय है। मालदीप जैसे जितने भी छोटे-छोटे देश है टूरिज्म पर निर्भर है। अतः भारत को टूरिज्म बंद कर देना चाहिए, ताकि मालदीप को उसकी हैसियत का अहसास हो जाए।

**सुनील जैन 501**, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश, एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन

### होटल बुकिंग और फ्लाइट्स टिकट कैंसिल



मालदीव के मंत्रियों की आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद हजारों की संख्या में होटल बुकिंग और फ्लाइट्स टिकट कैंसिल हुए हैं। हालिया घटनाओं के नतीजे और बायकॉट का असर मालदीप पर अगले 20 से 25 दिनों में दिखने लगेगा।

**राजीव मेहरा**
अध्यक्ष, इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स

# शेयर बाजार में आई तगड़ी गिरावट निवेशकों के 3 लाख करोड़ रु. डूबे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार सोमवार यानी 8 जनवरी को गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स जहां 670 अंक टूट गया। वहीं निफ्टी गिरकर 21,500 के पास आ गया। इसके चलते निवेशकों के एक दिन में करीब 3 लाख करोड़ रुपए डूब गए।

यह गिरावट ऐसे समय में आई है, जब भारत और अमेरिका की सरकारें महंगाई के आंकड़े जारी करने वाली है। इसके अलावा बाजार में आई हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली भी गिरावट का एक प्रमुख कारण रही। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स भी 0.87 फीसदी टूट गया जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.36 फीसदी गिरकर बंद हुआ। कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 670.93 अंक या 0.93 फीसदी गिरकर 71,355.22 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स 670 अंक टूट गया। वहीं, निफ्टी गिरकर 21,500 के पास आ गया। स्मॉलकैप इंडेक्स 0.36 फीसदी गिरकर बंद हुआ

भारत और अमेरिका की सरकार महंगाई के आंकड़े जारी करने वाली है

मार्केट कैपिटलाइजेशन घटकर 366.56 लाख करोड़ रुपए पर आया



### वेल्थ में 2.76 लाख करोड़ की गिरावट

वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला इंडेक्स निफ्टी 197.80 अंक या 0.91 फीसदी टूटकर 21,513 के स्तर पर बंद हुआ। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन घटकर 366.56 लाख करोड़ रुपए. पर आ गया, जो इसके पिछले कारोबारी दिन यानी शुक्रवार 5 जनवरी को 369.32 लाख करोड़ रुपए था। इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 2.76 लाख करोड़ रुपए घटा है। या दूसरे शब्दों में कहें तो निवेशकों की वेल्थ में करीब 2.76 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई है।


### डीलर्स ने आईटी और बैंकिंग स्टॉक में कराई जोरदार बिकवाली

बाजार में मुनाफावसूली का दबाव देखने को मिला। निफ्टी 21600 के नीचे आया। एचडीएफसी बैंक, आरआईएल, आईटीसी और इंफोसिस जैसे दिग्गजों ने बाजार पर दबाव बनाया। बैंक निफ्टी में गिरावट ज्यादा नजर आई। बंधन बैंक 6 फीसदी से ज्यादा टूटा। क्यू3 अपडेट के बाद सीएसबी का बिकवाली की राय से गोदरेज कंज्यूमर का शेयर करीब 4 फीसदी गिरा। मैरिको में भी करीब इतनी ही गिरावट देखने को मिली। केमिकल शेयरों में तेज गिरावट रही।

## 750 मिलियन डॉलर के होल्डको बांड के लिए

# अडाणी ग्रीन ने पेश किया एक कैशबैक रिडेम्पशन प्लान

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने होल्डको नोट्स को देय 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर के 4.375 नोट्स के रिडेम्पशन प्लान की घोषणा की है। होल्डको नोट्स की बकाया राशि, मैच्योरिटी से आठ महीने पहले, होल्डको नोट्स को सिक्योर करने वाले विभिन्न रिजर्व अकाउंट्स के एक हिस्से के रूप में अलग रखे गए कैश बैलेंस राशि के माध्यम से पूरी तरह से सुरक्षित की जाएगी।

इसके परिणामस्वरूप, 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर के होल्डको नोट्स अपनी मैच्योरिटी की तारीख से आठ महीने पहले पूरी तरह सिक्योर हो रहे हैं।

इसके साथ,एजीईएल ने मैच्योरिटी की तारीख से आठ महीने पहले होल्डको नोट्स को पूरी तरह से मुक्त कर दिया है और इसने इक्विटी आय के जरिये महत्वपूर्ण डिलीवरेजिंग भी की है, जबकि वह आगे बढ़ते हुए विकास योजनाओं पर काम कर रहा है।

### कैपिटल जमा करने का प्रोग्राम

इस रिपेमेंट का आधार 1.425 बिलियन अमेरिकी डॉलर का एक सफल इक्विटी कैपिटल जमा करने का प्रोग्राम है जो 2030 तक 45 गीगावॉट के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की एजीईएल की रणनीतिक प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए, मजबूत प्रमोटर प्रतिबद्धता के साथ-साथ लांग-टर्म इंवेस्टर्स और स्ट्रैटेजिक पार्टनर्स की गहरी रुचि को दर्शाता है।

# कृषि निर्यात 100 अरब डॉलर का आंकड़ा छुएगा, 6 साल में यह हो जाएगा दोगुना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का कृषि निर्यात सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है। फिलहाल देश से एग्री एक्सपोर्ट लगभग 50 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर चुका है। उम्मीद जताई जा रही है कि 2023 तक देश से कृषि निर्यात दोगुना होकर 100 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर जाएगा।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने सोमवार को बताया कि देश से कृषि उत्पादों और सेवाओं का निर्यात तेजी से ऊपर जा रहा है। फिलहाल यह 50 अरब डॉलर का आंकड़ा छू चुका है। हमारी कोशिश है कि आने वाले 6 सालों में यह आंकड़ा 100 अरब डॉलर को पार कर जाए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य देश से वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाना है। इस लक्ष्य की पूर्ती में एग्री एक्सपोर्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### चावल, गेहूं और शक्कर के निर्यात पर लगे प्रतिबंध का नहीं पड़ेगा असर

इस कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पियूष गोयल ने कहा था कि चालू वित्त वर्ष में देश का एग्री एक्सपोर्ट 53 अरब डॉलर के नजदीक पहुंच जाएगा। उन्होंने चावल, गेहूं और शक्कर के निर्यात पर लगे प्रतिबंध के बावजूद आशा जताई थी कि निर्यात में कोई कमी नहीं आने वाली। इससे पहले आशंका जताई गई थी कि इस प्रतिबंध के चलते निर्यात में लगभग 5 अरब डॉलर की कमी आ सकती है।

### 80 से ज्यादा रिटेल कंपनियां इस शो का हिस्सा बनीं

इस मौके पर बोलते हुए ट्रेड प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन मोहित सिंगला ने कहा कि इस तीन दिवसीय शो में लगभग 90 देशों के 1200 प्रदर्शक और 7500 खरीदार हिस्सा ले रहे हैं। साथ ही 80 से ज्यादा रिटेल कंपनियां इस शो का हिस्सा बनी हैं। इनमें कारफूर, बिग्मजी रामदास, वैड हायपरमार्केट, नेस्टो, मुस्तफा, लूलू और स्पार जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

## विदेशी निवेशकों ने बाजार में डाले 4,800 करोड़

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजारों में खरीदारी जारी है। देश की मजबूत आर्थिक बुनियाद को लेकर आशान्वित एफपीआई ने जनवरी के पहले सप्ताह में शेयर बाजारों में 4,800 करोड़ रुपए डाले हैं। इस अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार में भी 4,000 करोड़ लगाए हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने 5 जनवरी तक भारतीय शेयरों में 4,773 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। कुल मिलाकर 2023 एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 2.4 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है।


## बिजनेस न्यूज



### टेंट व्यापारियों ने मनाया नव वर्ष मिलन समारोह

भोपाल। फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन द्वारा नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव अनिल राव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर पर भोपाल सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से टेंट व्यापारी सपरिवार उपस्थित हुए। कार्यक्रम में फेडरेशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा, महासचिव राजेश हडिया, कोषाध्यक्ष संजय जैन,अजय सरावगी, रामबाबू शर्मा, आशीष मल्होत्रा, प्रदीप अग्रवाल,समीर उल हक ने संबोधन कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन रिंकू भटेजा एवं आभार भोपाल टेंट लाइट कैटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष स्वदेश सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं विंग की सदस्या भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फेडरेशन के चेयरमैन अशोक निगम,पवन जायसवाल, इस्माइल खान,मनोज कोठारी, अनिल धोटे, कमल जायसवाल, राजेश जायसवाल ,राजू खालसा, सत्यनारायण अग्रवाल, लल्लन सोनपुरे, हेतराम बर्मन, सुरेश जैन ,अमित खनूजा, लाखन सिंह मीणा, योगेश गोयल,लोकेंद्र सिंह सोलंकी, आशीष भट्ट, सचिन गुप्ता, रोशन चंद्रसूरी, विकास, महिला विंग से स्नेहलता कौर, समता जैन, लीना पांडे, सोनिया सोनी, वर्षा झा, प्रिया गुप्ता एवं प्रदेश के अनेक जिलों के व्यापारी उपस्थित हुए।

### टाटा पावर और आईसीआईसीआई फाउंडेशन साझेदारी शुरू करेगी



मुंबई। टाटा पावर ने दूरदर्शी वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रोजेक्ट घनवन शुरू करने के लिए आईसीआईसीआई बैंक और उसकी समूह कंपनियों की सीएसआर शाखा आईसीआईसीआई फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। पर्यावरणीय सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए टाटा पावर ने यह महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों ने औपचारिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। अगले तीन सालों में, इस परियोजना के तहत महाराष्ट्र के पश्चिमी घाट का एक हिस्सा भिवपुरी, खोपोली और भीरा में टाटा पावर हाइड्रो स्थानों के जलग्रहण क्षेत्रों में 75 एकड़ उपजाऊ क्षेत्रों में 2.5 लाख स्वदेशी पेड़ लगाए जाएंगे। यह परियोजना हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम को दर्शाती है। परियोजना में कई उन्नत तरीकों को अपनाया जाएगा। 2-3 साल पुराने स्वस्थ पौधों का उपयोग, ड्रिप सिंचाई और व्यवहार्यता स्थापित होने तक कठोर निगरानी आदि इसमें शामिल होंगे। 90 फीसदी के प्रभावशाली सर्वाइवल रेट को हासिल करने के लिए वर्षा और जंगल की आग जैसे आकस्मिक नुकसान से बचाने के लिए विशेष उपाय किए जाएंगे।

### होंडा मोटरसाइकिल ने गुजरात प्लांट में लांच की तीसरी असेंबली लाइन

**अहमदाबाद।** 'मेक इन इंडिया' पहल की दिशा में एक और उल्लेखनीय कदम बढ़ाते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने भारत के गुजरात राज्य स्थित विट्ठलपुर में अपने चौथे दोपहिया प्लांट में नई तीसरी असेंबली लाइन का उद्घाटन किया, इसके साथ प्लांट की क्षमता 6.5 लाख यूनिट्स बढ़ गई है। सुत्सुमु ओताणी, प्रेसिडेंट, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, होंडा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहाकि आज गुजरात की विट्ठलपुर यूनिट में नई तीसरी असेम्बली लाइन के उद्घाटन के साथ हमने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उपभोक्ताओं को अधिक दक्षता के साथ सेवाएं प्रदान करने के लिए क्षमता विस्तार की इस योजना से एचएमएसआई की कुल सालाना उत्पादन क्षमता बहुत अधिक बढ़ जाएगी। एचएमएसआई के गुजरात प्लांट में डोमेस्टिक एवं एक्सपोर्ट के लिए स्कूटर मॉडल्स बनाए जाते हैं, ऐसे में यह विस्तार हमें न सिर्फ भारत में बल्कि दुनिया भर में स्कूटरीकरण के रुझानों में अग्रणी बने रहने में मदद करेगा।




**न्यायालय अपर आयुक्त भोपाल संभाग, भोपाल**
प्र.क्र. 50/अपील/23-24 भोपाल दिनांक 1.1.2024
माधवेन्द्र रिछारिया .......अपीलार्थी
विरूद्ध
श्रीमती अनुराधा शर्मा एवं अन्य ..प्रतिअपीलार्थीगण
**सूचना-पत्र**
प्रति,
कुमारी पूर्णिमा रिछारिया पुत्री स्व. राधेलाल रिछारिया निवासी बी-1 पंजाबी बाग, गोविंदपुरा, भोपाल
एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी माधवेन्द्र रिछारिया पुत्र स्व. राधेलाल रिछारिया निवासी 41, सेवा सदन, अपोजिट फनसिटी, होशंगाबाद रोड, मिसरोद भोपाल द्वारा अनुविभागीय अधिकारी, तहसील हुजूर जिला भोपाल के प्रकरण क्रमांक 130 / अपील / 22-23 में पारित आदेश दिनांक 15.5.2023 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। अतः इस न्यायालय में दिनांक 5.2.2024 को प्रातः 11:00 बजे आप स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उक्त प्रकरण से संबंधित अभिलेख सहित अनिवार्य रूप से पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित हो। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध विधिवत् एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। यह सूचना पत्र आज दिनांक 1.1.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया
(ऊषा परमार)
अपर आयुक्त
भोपाल संभाग, भोपाल

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील - कोलार, भोपाल**
क्रमांक /अ-6/2023-2024
**// इश्तहार //**
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विष्णु रायकवार आ. केसरी प्रसाद निवासी म.नं. 59 गिरधर गार्डन कोलार, भोपाल के द्वारा ग्राम सलैया खसरा क्रमांक 153, 154 का अंश भूखण्ड नं. A-09 क्षेत्रफल 98.35 व.मी. के अंश भाग का पंजीकृत विक्रया पत्र/फौती नामांतरण के आधार पर नामांतरण किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के पश्चात् आगामी पेशी दिनांक 19/01/2024 तक न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 08/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील कोलार, भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार, नजूल शहर वृत्त,भोपाल (म.प्र.)**
प्रकरण क्रमांक -102/अ-6/2023-24
मौजा - अर्जुन नगर, चिनार रिट्रीट के सामने, भोपाल
**// इश्तहार //**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक आत्मज स्व. चन्द्रभूषण निवासी टी.पी. 60 इण्डस टाउन, रतनपुर सड़क द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम शहर खासरा क्रमांक 958/1/2/2, 958/1/2/2/1 रकबा ................ हेक्टयर का अंशभाग कुल क्षेत्रफल 3360 वर्गफीट है का नामांतरण/फौती नामांतरण राजसव अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर विज्ञप्ति/इश्तेहार प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त इश्तहार मेरे द्वारा न्यायालय के पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 11/07/2023 को से जारी किया गया।
सील
तहसीलदार
नजूल शहर वृत्त, भोपाल
कमांक /आर/रीडर/2023 भोपाल, दिनांक 11/07/2023
1.एक प्रति संबंधित नगर निगम वार्ड कार्यालय में चस्पा हेतु
2.एक प्रति तहसील कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3.एक प्रति आवेदक द्वारा दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23**
**59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल (म.प्र.)**
☎ :- 0755-2761257 E-mail:- eenvda23@gmail.com
क्रमांक 37/स.ले.लि. / का.च.-23/2023-24, भोपाल, दिनांक 04/01/24
**निविदा सूचना क्रमांक 13/वाहन/2023-24**
**(प्रथम आमंत्रण)**
... https://www.mptenders.gov.in ...

| स. क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | संख्या | अनुबंध की समयावधि | निविदा प्रपत्र की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | किराये के सेडान टैक्सी वाहन प्रदाय का कार्य | 18 | एक वर्ष | रू. 12,500.00 (रू. बारह हजार पाँच सौ मात्र) |
| 2. | किराये के हैचबैक टैक्सी वाहन प्रदाय का कार्य | 08 | | |

1. ठेके की अनुमानित लागत : रू. 1,15,00,000.00 (रुपए एक करोड़ पन्द्रह लाख) मात्र
2. धरोहर की राशि : रू. 1,15,000.00 (रुपए एक लाख पन्द्रह हजार) मात्र
3. निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि : दिनांक 22.01.2024 सायं 05:30 तक।
4. धरोहर की राशि अहर्ता संबंधी दस्तावेज खोलने की तिथि : दिनांक 24.01.2024

**कार्यपालन यंत्री**
**नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23,**
**59, अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल**
जी-22682/23

**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक Indian Overseas Bank**
फोन : 0755-2562432, Email: bhopalretailmartarera@iob.in
सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत दिनांक 12-02-2024 को ई-नीलामी
**चल/अचल संपत्ति की ई-नीलामी हेतु आम सूचना**
... निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 12.02.2024 को इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (सुरक्षित लेनदार) ... https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ ibapi ...

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| **श्री राहुल गुर्जर पुत्र श्री रमेश गुर्जर** | दिनांक 05.01.2024 को ₹ 33,36,092/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग फ्लैट नं.103, ... सांकेतिक कब्जा | ₹ 29,74,000/- ₹ 2,97,400/- ₹ 25,000/- |

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : दिनांक 12-02-2024 को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक
(1) https://www.ibapi.in (2) http://www.mstcecommerce.com/ (3) www.iob.in
दिनांक : 06/01/2024
स्थान: भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी
इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

चिंतन

# सरकार अपने फैसले में न्यायपूर्ण रवैया अपनाए

सरकार को हमेशा संवैधानिक दायरे में न्यायपूर्ण तरीके से काम करना चाहिए और कानून की गरिमा का पालन करना चाहिए। सरकार सभी नागरिकों को समान मानकर ही कोई फैसला करे, भारत जैसे विविध धर्म, संस्कृति, जाति, समुदाय वाले देश में तो सरकार की समदर्शी भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। बिलकिस बानो केस में दोषियों की रिहाई के फैसले से गुजरात सरकार की किरकिरी हुई है। बिलकिस बानो केस में गुजरात सरकार ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर सजा काट रहे 11 दोषियों की जेल से रिहाई का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से इस बात के लिए गुजरात सरकार के निर्णय पर नाराजगी जाहिर की। उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए 2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को रद कर और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश देकर कड़ा संदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट का यह संदेश गुजरात सरकार ही नहीं, सभी उन सरकारों के लिए नजीर है, जो राजनीति से प्रेरित होकर न्यायपूर्ण व समदर्शी फैसले नहीं करती है। यह पहला मामला नहीं है जब सर्वोच्च अदालत में किसी राज्य की सरकार को अपने फैसले के लिए शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ा हो। पूर्व के कई मामलों में शीर्ष अदालत में सरकारों की किरकिरी हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या में शामिल 11 दोषियों को राज्य सरकार की ओर से दी गई छूट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दो टूक कहा कि गुजरात सरकार को सजा माफी पर फैसले का अधिकार ही नहीं था। शीर्ष कोर्ट ने कहा, 'हर महिला सम्मान की हक़दार है, बिलकिस बानो केस का ट्रायल महाराष्ट्र में चला था, ऐसे में समय पूर्व रिहाई का फ़ैसला महाराष्ट्र सरकार ले सकती थी, बेशक दोषी गुजरात की जेल में सजा काट रहे थे, लेकिन गुजरात सरकार को सजा में छूट देने का अधिकार ही नहीं था'। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, 'राज्य, जहां अपराधी पर ट्रायल चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, वही दोषियों की माफी याचिका पर फैसला करने में सक्षम है। सक्षमता की कमी के कारण गुजरात सरकार द्वारा छूट के आदेश को रद किया गया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने 11 दिन की सुनवाई के बाद दोषियों की सजा में छूट को चुनौती देने संबंधी याचिकाओं पर पिछले साल 12 अक्टूबर को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखते हुए केंद्र और गुजरात सरकार को 16 अक्टूबर तक 11 दोषियों की सजा में छूट संबंधी मूल रिकॉर्ड जमा करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल सितंबर में मामले की सुनवाई करते हुए पूछा था कि 'क्या दोषियों को माफी मांगने का मौलिक अधिकार है?' किसी भी राज्य सरकार को दोषियों को सजा में छूट देने में 'चयनात्मक (सिलेक्टिव) रवैया' नहीं अपनाना चाहिए और प्रत्येक कैदी को सुधार तथा समाज के साथ फिर से जुड़ने का समान अवसर दिया जाना चाहिए। सरकारें अपनी जन विश्वसनीयता की रक्षा करें।



बांग्लादेश
डॉ. रमेश ठाकुर

# हसीना सरकार की वापसी सुखद

बांग्लादेश में रविवार को हुए आम चुनाव में निवर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी ने 300 सदस्यीय संसद में 223 सीटें जीती हैं। हसीना की पार्टी को लगातार चौथी बार और कुल मिलाकर पांचवीं बार जीत मिली है। बांग्लादेश का मुख्य विपक्षी दल 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' यानी 'बीएनपी' के चुनाव बहिष्कार के बाद अवामी लीग का रास्ता साफ हो गया था। 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' ने देश के लोगों को भारत के खिलाफ इस चुनाव में खूब भड़काया। चीन और पाकिस्तान की इस चुनाव में शुरू से दखल रही। चुनाव के एकाध दिन पहले तक ऐसा प्रतीत हुआ कि शायद चुनाव रद ही हो जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शेख हसीना सरकार की वापसी हो गई है।

बांग्लादेशी संसदीय चुनाव को प्रभावित करने में वहां के विपक्षी दलों ने जमकर राजनैतिक पैंतरेबाजियां के अलावा मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना पर चुनाव में धांधली करने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना और भारत के साथ बेवजह दोस्ती बढाने वाले गैर-जरूरी आरोप लगाए गए, पर, चुनाव के दिन जनता ने सभी आरोपों को नकार दिया। औसत चुनाव मतदान ने संकेत दे दिए हैं कि हसीना फिर सत्ता में आएंगी। रविवार को छिटपुट घटनाओं के साथ बेगम खालिदा जिया की पार्टी बीएनलपी के बहिष्कार के बीच आम चुनाव संपन्न हो गया। हालांकि, बांग्ला चुनाव आयोग के उम्मीद से कहीं कम मतदान हुआ। समूचे बांग्लादेश में तकरीबन चालीस फीसदी वोटिंग रही। कई संसदीय क्षेत्रों में तो मात्र 30-32 प्रतिशत ही हुआ। इसे मतदाताओं की उदासीनता कहें, या मौजूदा सरकार के प्रति संतुष्टि या विपक्ष के हिंसक तेवर से डरे लोग? फिलहाल जो नतीजे आए हैं, उसमें शेख हसीना की हुकूमत फिर से बन गई है। हसीना की पार्टी को लगातार चौथी बार और कुल मिलाकर पांचवीं बार जीत मिली है। हसीना के भारत से मधुर रिश्ते रहे हैं। दोनों देशों की कूटनीति सियासी केमिस्ट्री दोनों मुल्कों के हितों में हैं।

बांग्लादेश का मुख्य विपक्षी दल 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' यानी 'बीएनपी' के चुनाव बहिष्कार के बाद अवामी लीग का और रास्ता साफ हो गया था। बांग्लादेश में कुछ 300 संसदीय सीटें हैं जिनमें 299 सीट पर फिलहाल चुनाव संपन्न हुआ है। एक सीट पर चुनाव इसलिए निरस्त किया गया, क्योंकि वहां ऐन वक्त पर एक उम्मीदवार की मृत्यु हो गई। रिजल्ट के बाद वहां चुनाव करवाया जाएगा। इसके पांच-सात संसदीय सीटों पर बहिष्कार के चलते भी चुनाव रोका गया, जहां रिजल्ट से पूर्व ही चुनाव करवाया जाएगा। बांग्लादेश चुनाव को संपन्न करवाने के लिए भारत से एक तीन सदस्यीय चुनाव पर्यवेक्षकों का दल भी पहुंचा था। उन पर भी पाकिस्तानी की सहयोगी मानी जाने वाली पार्टी 'बीएनपी' ने गड़बड़ी करवाने के आरोप लगाए। बीएनपी शुरू से नहीं चाहती थी कि भारत की दखल इस बार के चुनावों में हो, जबकि, भारतीय चुनाव पर्यवेक्षक शेख हसीना के आमंत्रण पर गए थे।

दरअसल, हसीना भारत से विशेष स्नेह रखने के साथ-साथ उसे अपना दूसरा घर भी मानती हैं। भारत एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना भरोसेमंद मित्र कहती हैं। यही, बात वहां के मुख्य विपक्षी दल को अखरती हैं। इस चुनाव में शेख हसीना ने मतदाताओं से चुनाव कैंपेन के दौरान कई मर्तबा अपने पुराने जख्मों को कुरेदा भी। उन्होंने 1975 का ज़िक्र किया। बताया कि जब वह छोटी थीं, तब उनके पिता शेख मुजीबुर रहतान के अलावा मां और तीन भाइयों की घर में ही निर्मम हत्या कर दी गई थी। उस वक्त शेख हसीना अपनी छोटी बहन रिहाना के साथ विदेश में पढ़ाई कर रही थीं। होती तो उनके साथ भी हादसा हो सकता था। शेख हसीना ने बांग्लादेश की जनता को बताया कि उस मुसीबत की घड़ी में उन्हें भारत ने ही शरण दी थी।



'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' ने देश के लोगों को भारत के खिलाफ इस चुनाव में खूब भड़काया। दरअसल, भड़काने का ये काम उन्होंने खुद से नहीं किया, बल्कि उन्हें पाकिस्तान से आईएसआई ने करवाया। भारत के सहयोग से इस वक्त बांग्लादेश विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है। कई ऐसे बड़े प्रोजेक्ट हैं जिन्हें भारत अपने प्रयास से करवा रहा है। चुनाव कैसे करवाने हैं इसको लेकर भी उन्होंने भारतीय चुनाव आयोग से रायशुमारी की। तभी भारत के एक चुनाव दल ने वहां पहुंचकर अच्छे से चुनाव संपन्न करवाया।

बांग्लादेश और भारत की सीमाएं आपस में साझा होती हैं, कमोबेश दोनों मुल्कों की संस्कृति भी आपस में मेल खाती है। पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के रीति-रिवाज एक जैसे ही हैं। भारत की हुकूमत इस पड़ोसी मुल्क की तरक्की में सहयोग करने से कभी पीछे नहीं हटती। हालांकि, खुरापाती चीन और पाकिस्तान नहीं चाहते थे कि शेख हसीना की वापसी हो। दोनों चाहते थे कि उनकी मनमाफिक 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' देश में हुकूमत करे, जिसके जरिए वह भारत को परेशान करे। लेकिन शायद उनकी नापाक कोशिशों पर इस बार भी शेख हसीना ने पानी फेर दिया है।

गैरतलब है कि शेख हसीना 2009 से सत्ता पर काबिज हैं। उन्होंने भारत के सहयोग से अपने यहां बहुत कुछ किया। जनता भी यही चाहती है कि भारत का सहयोग उन्हें सदैव मिले, इसलिए वो शेख हसीना को ही बार-बार चुनते हैं। चुनाव में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के अलावा 26 अन्य सियासी दल भी मैदान में उतरे हैं। करीब 1500 सौ उम्मीदवारों के अलावा 436 निर्दलीय कैंडिडेट भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। लेकिन हवा शेख हसीना के पक्ष में रही। बांग्लादेश में रविवार को हुए आम चुनाव में निवर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी ने 300 सदस्यीय संसद में 223 सीटें जीतीं। चुनाव के दौरान बहिष्कार करने वाले हजारों विपक्षी नेताओं-कार्यकर्ताओं को अरेस्ट किया, जो इस समय विभिन्न जेलों में बंद हैं। इस पर हालांकि मानवाधिकार समूहों ने आपत्ति दर्ज करते हुए सभी गिरफ्तार लोगों को रिहा करने की अपील हसीना सरकार से की है।

चुनाव के दौरान बांग्लादेशी खुफिया एजेंसियों को निपुट मिल गए थे, कि विपक्षी नेता-समर्थक पाकिस्तान की आईएसआई के कहने पर गड़बड़ी कर सकते हैं। कमोबेश, वैसा हुआ भी, इसलिए कोई बड़ी अप्रिय घटना न घटे, तभी उन्होंने एक साथ हजारों लोगों को गिरफतार किया और इतने ही लोगों को उनके घरों में नजरबंद भी करना पड़ा। इस कदम को समझदारी ही कहेंगे, खुदा न खास्ता अगर ऐसा नहीं किया जाता तो चट्टोग्राम जैसी खूनी घटनाए अन्य जगहों पर भी हो सकती थी। पूरे देश का माहौल बिगड़ सकता था। जैसे चट्टोग्राम में चुनावी झड़प हुई, जमकर गोलीबाजी हुई, जिसमें तीन लोगों की सरेआम हत्या कर दी गईं, जिनकी हत्या हुई उनको 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' के लोग अपने पक्ष में वोट करने का दबाव डाल रहे थे। नहीं माने तो उन्हें गोलियों से भून डाला। वहीं, शरीरबाड़ी में भी बीएनपी के नेता आवामी लीग के जिला अध्यक्षे मोहम्मद आसीम को चुनाव बूथ पर ही चाकूओं से घोप डाला, जिनका इलाज मीरपुर के जिला अस्पताल में जारी है। चीन और पाकिस्तान की इस चुनाव में शुरू से दखल रही। चुनाव के एकाध दिन पहले तक ऐसा प्रतीत हुआ कि शायद चुनाव रद ही हो जाएंगे। लेकिन बहरहाल, जो तस्वीर उभरी है वो भारत-बांग्लादेश दोनों के लिए सुखद है। हसीना एक मर्तबा फिर से प्रधानमंत्री बनने जा रही हैं। भारत ने हसीना को बधाई दी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

प्रवासी भारतीय दिवस
अरविंद जयतिलक



# विदेश में बसे भारतवंशी भारत की बड़ी ताकत

आज प्रवासी भारतीय दिवस है। यह दिवस राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दक्षिण अफ्रीका से स्वदेश लौटने की तिथि 9 जनवरी 1915 के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की शुरुआत वर्ष 2003 से हुई। इस अवसर पर प्रायः अपने क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले भारतवंशियों का सम्मान किया जाता है तथा उन्हें प्रवासी भारतीय सम्मान प्रदान किया जाता है। यह आयोजन भारतवंशियों से संबंधित विषयों और उनकी समस्याओं के चर्चा का मंच भी है। प्रवासी भारतीय दुनिया भर में अपनी दक्षता और क्षमता का लोहा मनवा देश की प्रतिष्ठा को गौरान्वित कर रहे हैं। प्रवासी भारतीयों का अपनी मिट्टी से भावनात्मक लगाव तो है ही, साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था को गतिमान करने में भी उनका सराहनीय योगदान है। विश्व बैंक की रिपोर्ट पर नजर दौड़ाएं तो वर्ष 2022 में ही प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजा गया रकम 100 अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। यह रकम इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि सबसे ज्यादा भेजा जाने वाला धन हासिल करने वाले देशों में दूसरे नंबर के देश मोरक्को के 60 अरब डॉलर और तीसरे नंबर के देश चीन के 51 अरब डॉलर से कहीं ज्यादा अधिक है। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक प्रवासी भारतीयों ने 2016 में 62.70 अरब डॉलर, 2017 में 65.30 अरब डॉलर, 2018 में 80 अरब डॉलर भेजा। देखें तो आज की तारीख में प्रवासी भारतीय जितना धन भेज रहे हैं, वह भारत में कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लगभग बराबर है।




अतीत में जाएं तो प्रवासी भारतीय समुदाय सैकड़ों वर्ष में हुए उत्प्रवास का परिणाम है और इसके पीछे ढ़ेर कारण रहे हैं। उनमें वाणिज्यवाद, उपनिवेशवाद और वैश्वीकरण अहम कारण हैं। आज की तारीख में प्रवासी भारतीय समुदाय एक विविध विजातीय और मिलनसार वैश्विक समुदाय के रुप में तब्दील हो चुके हैं, जो कि विश्व के अनेक देशों में अपनी भाषा, संस्कृति और मान्यताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे वहां की आर्थिक व राजनीतिक दिशा तो तय करते ही हैं, साथ ही कमाए गए धन को देश भेजकर भारतीय अर्थव्यवस्था को गति भी देते हैं। याद होगा डा. लक्ष्मीमल सिंघवी की अध्यक्षता में गठित एक कमेटी ने प्रवासी भारतीयों पर 18 अगस्त 2000 को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। इस रिपोर्ट पर अमल करते हुए तत्कालीन सरकार ने प्रवासी भारतीय दिवस मनाना शुरू किया। ऐसा माना जाता है कि ज्यादतर लोग उन्नीसवीं शताब्दी में आर्थिक कारणों की वजह से भारत छोड़कर दुनिया के अन्य देशों में गए। इसकी शुरुआत अफ्रीका, दक्षिण-पूर्व एशिया, फिजी और कैरेबियाई देशों से जहां अंग्रेजों को अपने उपनिवेशों में सस्ते मजदूरों की जरूरत थी। बीसवीं शताब्दी के दौरान भारतीयों ने पश्चिमी देशों और खाड़ी के देशों का रुख किया। आज की तारीख में दुनिया का शायद ही कोई देश बचा हो जहां भारतीय न हों। दुनिया भर में पसरे प्रवासी भारतीयों पर नजर दौड़ाएं तो दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भारतीय खाड़ी देशों में रहते हैं। इनमें से लगभग 40 प्रतिशत अकेले केरल से आते हैं। एक आंकड़े के मुताबिक खाड़ी के देशों में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों में 70 प्रतिशत मेहनतकश लोग हैं। इसके अलावा डॉक्टर, बैंकर, चार्टर्ड अकाउंटेट और शिक्षक जैसे पेशों से भी जुड़े हैं। यूएई की ही बात करें तो यहां तकरीबन पच्चीस लाख से अधिक भारतीय कामगार हैं जो न सिर्फ रोजी-रोटी कमा रहे हैं बल्कि अपनी गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा भारत भेजकर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। एक आंकड़ें के मुताबिक संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कतर, ओमान, कुवैत और सउदी अरब में तकरीबन तीन करोड़ भारतीय विभिन्न तरह के काम कर रहे हैं जो दुनिया भर में पसरे तकरीबन सवा सात करोड़ भारतीयों का चैथाई हिस्सा है। अकेले संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे प्रवासी भारतीयों द्वारा 12 अरब डॉलर भारत आता है। अच्छी बात यह है कि भारत व संयुक्त अरब अमीरात समेत दुनिया के सभी देश भारतीय कामगारों के लिए मुफीद वातावरण निर्मित करने के लिए दृढ़ संकल्प हैं। यूएई के अलावा खाड़ी के अन्य देशों मसलन ईरान, इराक, कतर में भी प्रवासी भारतीयों की बड़ी तादाद है जो अपने परिश्रम से धन कमाकर अपने घर भारत भेजते हैं। खाड़ी देशों एवं पश्चिम एशिया के अलावा यूरोप और अमेरिकी महाद्वीप में भी बड़ी तादाद में प्रवासी भारतीय रहते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं



संकलित
दर्शन

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

## जीवन का नहीं कराते हम 'बीमा'



संकलित
प्रेरणा

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापिस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है कि एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं कि जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहाँ तहाँ भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊँची नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

सटाका




आज की पाती

### 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' में चुनौतियां

देश में एक राष्ट्र, एक चुनाव की प्रक्रिया के लिए समय-समय पर आवाज उठाई जाती है। इसके लिए केंद्र सरकार ने एक कमेटी का गठन भी किया है। इसका नेतृत्व पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर रहे हैं। कमेटी ने आम लोगों से विभिन्न प्लेटफार्म पर एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए राय देने के लिए कहा है ताकि इस प्रक्रिया के लिए आमजन के मन की बात को भी समझा जाए। एक साथ चुनाव ऐसे लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरेगा जो हर चुनाव में केंद्र और राज्य सरकार की अच्छी-बुरी नीतियों का विश्लेषण कर अपने कीमती वोट का प्रयोग करते हैं। क्या इससे भ्रष्ट और आमजन को अनदेखा करने वालों की नीयत बदलेगी? क्या धर्म, संप्रदाय और जातिवाद-परिवारवाद की राजनीति का दौर समाप्त होगा? *- मोहन शिंदे, भाटापारा*

ट्रेंड

### पहले दिन की याद



न्यूजीलैंड में पहली बार सदन में आई युवा सांसद माओरी मुझे संसद में मेरे पहले दिन की याद दिलाती है। हमें आधुनिक शिक्षा और ज्ञान सीखने के साथ-साथ अपनी पहचान और परंपरा को हमेशा महत्व देना चाहिए।

-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री


### भारत मां का आंचल



रत्नगर्भा भारत माता के ममतामय आंचल के रंग जब इतने मनहर, चटख और दैवीय हों तो किसी अशालीन आंटी के लॉन में भटकने क्या जाना? अगली सपरिवार यात्रा लक्ष्यद्वीप की तय की है। जल्द ही जाना होगा।

-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि

### शानदार पर्यटन स्थल



हमारे देश में अकल्पनीय संभावनाओं वाले बहुत सारे शानदार पर्यटन स्थल हैं। अभी भी पूरी तरह से खोजा जाना बाकी है। क्या आप में से कोई मेरे द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरों से भारतीय पर्यटक स्वर्ग का अनुमान लगा सकता है?

-अदार पूनावाला, उद्योगपति

### शानदार अनुभव



लक्षद्वीप की अद्वितीय सुंदरता ने मेरी मनपसंद यात्रा सूची में शीर्ष स्थान अर्जित किया है। यहां का बिल्कुल साफ पानी और शांत समुद्र के किनारे आपका इंतजार कर रहे हैं, जो एक अविस्मरणीय पलायन का वादा करते हैं।

-शिल्पा शेट्टी, अभिनेत्री

करंट अफेयर


## इजराइल ने हिज्बुल्ला के साथ युद्ध की चेतावनी दी



इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि हिज्बुल्ला ने उत्तरी इजइराल में एक हवाई यातायात नियंत्रण अड्डे पर हमला किया और इसके साथ ही इजराइली सेना ने ईरान समर्थित चरमपंथी समूह के साथ 'एक और युद्ध' शुरू होने की चेतावनी दी। लेबनान के साथ लगती सीमा पर लड़ाई ऐसे वक्त में बढ़ गयी है जब इजराइल गाजा में हमास चरमपंथियों से लोहा ले रहा है। इस स्थिति को देखते हुए अमेरिका द्वारा तत्काल कूटनीतिक कदम उठाए जाने की आवश्यकता बढ़ गयी है और वह भी ऐसे वक्त में जब विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन पश्चिम एशिया की अपनी यात्रा पर इजराइल आने की तैयारी कर रहे हैं। ब्लिंकन ने कतर में वार्ता के बाद संवाददाताओं से कहा, 'यह ऐसा संघर्ष है जो आसानी से बढ़ सकता है जिससे और अधिक असुरक्षा और पीड़ा पैदा हो सकती है।' इजराइल और हिज्बुल्ला के बीच सीमा पार लड़ाई ने क्षेत्रीय संघर्ष रोकने के अमेरिका के प्रयास को जटिल बना दिया है। इजराइली सेना ने बताया कि हिज्बुल्ला ने शनिवार को माउंट मेरोन पर एक संवेदनशील हवाई यातायात नियंत्रण अड्डे पर हमला किया लेकिन हवाई रक्षा प्रणालियों पर कोई असर नहीं पड़ा। उसने बताया कि कोई भी सैनिक घायल नहीं हुआ और सभी क्षतिग्रस्त चीजों की मरम्मत की जाएगी।

ऑफ बीट

## मांसपेशियों में व्यायाम के बाद हल्का दर्द क्यों होता है



जब हममें से कई लोग इस खराब मौसम से उबरने के लिए जिम जाते हैं या दौड़ने जाते हैं, तो उन्हें मांसपेशियों में थोड़ा अतिरिक्त दर्द महसूस हो सकता है। ऐसा खास तौर से तब होता है जब कसरत किए कुछ समय हो गया हो। एक आम ग़लतफ़हमी यह है कि ऐसा दर्द मांसपेशियों में लैक्टिक एसिड के निर्माण के कारण होता है। हालाँकि, शोध से पता चलता है कि लैक्टिक एसिड का इससे कोई लेना-देना नहीं है। सच्चाई कहीं अधिक दिलचस्प है, लेकिन थोड़ी अधिक जटिल भी है। यह लैक्टिक एसिड नहीं है। हम दशकों से जानते हैं कि लैक्टिक एसिड का व्यायाम के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द से कोई लेना-देना नहीं है। वास्तव में, जैसा कि हम में से एक (रॉबर्ट एंड्रयू रॉबर्ट्स) ने लंबे समय से तर्क दिया है, कोशिकाएं लैक्टेट का उत्पादन करती हैं, लैक्टिक एसिड का नहीं। यह प्रक्रिया वास्तव में मांसपेशियों और रक्तप्रवाह में एसिड के निर्माण का विरोध नहीं करती है। दुर्भाग्य से, लोग अभी भी व्यायाम के संबंध में 'लैक्टिक एसिड' शब्द का उपयोग करते हैं। जब आप व्यायाम करते हैं तो लैक्टेट उन मांसपेशियों के लिए बड़ी समस्या पैदा नहीं करता है जिनका उपयोग आप करते हैं। आपकी कार्यशील मांसपेशियों को होने वाले अन्य लाभों के कारण संभवतः इसके बिना आपकी स्थिति और भी खराब हो जाएगी।

अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## पुरी का जगन्नाथ मंदिर

# श्रद्धालुओं के लिए दर्शन करना हो जाएगा आसान

पुरी में जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना के तहत जगन्नाथ मंदिर के पास पुनर्विकास कार्य चल रहा है

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

महामारी के बाद जगन्नाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की औसत संख्या बढ़ गई है। सामान्य दिनों में यह एक से दो लाख होती है और त्योहारों के दौरान यह 10 लाख तक पहुंच जाती है। सरकार ने पवित्र शहर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर प्राचीन पुरी मंदिर के आसपास की बस्तियों का पुनर्विकास किया है और मंदिर के चारों ओर 1.5 किलोमीटर का पथ 'श्रीमंदिर परिक्रमा' बनाया है। पूरे साल दर्शन के लिए तीर्थस्थल आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि ओडिशा के पहले 'ट्रम्पेट ब्रिज' 'श्री सेतु' के माध्यम से वे जल्दी ही मंदिर तक पहुंच सकेंगे। ये काम जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना के तहत जगन्नाथ मंदिर के पास पुनर्विकास के तहत चल रहा है।

### बैठने के लिए वातानुकूलित सुरंग

लोहे के बैरिकेड से जुड़ी बेंच के साथ एक अस्थायी वातानुकूलित सुरंग बनाई है, जो लगभग 10 पंक्तियों को अलग करती है, जिसमें एक समय में 3,000 श्रद्धालु बैठ सकते हैं। नवनिर्मित जगन्नाथ बल्लभ पार्किंग कॉम्प्लेक्स और मंदिर को जोड़ने वाले 'श्री सेतु' के लिए लगभग 3 एकड़ जमीन को साफ किया गया।

### 17 से पहले काम पूरा

आगामी 17 जनवरी को 2,700 करोड़ रुपए की लागत वाली जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना के उद्घाटन से पहले 'श्री सेतु' पुरी में ओडिशा सरकार द्वारा कार्यान्वित विभिन्न बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं में से एक है।

**3** हजार भक्तों के बैठने की सुविधा **2.8** किलोमीटर लंबे नवनिर्मित बाईपास मार्ग तैयार **27** सौ करोड़ की है परियोजना **17** जनवरी तक होगा उद्घाटन



## खबर संक्षेप

### आज पीएम मोदी ग्लोबल समिट का करेंगे शुभारंभ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 से 10 जनवरी तक गुजरात का दौरे पर हैं। इस दौरान वह विश्व नेताओं, शीर्ष वैश्विक निगमों के सीईओ के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे और वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। 9 जनवरी को सुबह करीब 9.30 बजे प्रधानमंत्री मोदी गांधीनगर के महात्मा मंदिर पहुंचेंगे, जहां वह विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। इसके बाद शीर्ष वैश्विक निगमों के सीईओ के साथ बैठक करेंगे।



### सलमान खान के फार्म में घुसे दो संदिग्ध

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को पिछले कुछ समय से जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। इसकी वजह से उनकी सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। इस बीच, सलमान खान के पनवेल के वाजे स्थित अर्पिता फार्म हाउस में दो संदिग्धों ने जबरन घुसने की कोशिश की। हालांकि, दोनों आरोपी फार्म हाउस में घुस पाते उससे पहले ही सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया।



### आप के संजय सिंह ने भरा नामांकन

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद उम्मीदवारी के लिए नामांकन करने के बाद फिर से जेल चले गए हैं। उन्हें कोर्ट ने केवल नामांकन करने के लिए जेल से बाहर आने की छूट दी थी। जिसके बाद उन्हें सोमवार सुबह जेल से सीधे सिविल लाइन्स ले जाया गया था। यहां उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया और इसके बाद उन्हें वापस जेल ले जाया गया।नामांकन करने के बाद कार्यालय से बाहर आए समर्थकों नारेबाजी भी की।



## आईएनडीआईए के दलों में तनाव!



# एमवीए की बैठक में दिल्ली नहीं आएंगे उद्धव और शरद पवार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए के बीच में तनाव को लेकर लगातार खबरें सामने आ रही हैं। कभी उद्धव गुट तो कभी ममता बेनर्जी, चारों ओर से सीट शेयरिंग को लेकर लगातार बहस जारी है। उद्धव गुट ने तो महाराष्ट्र की 48 में से 23 लोकसभा सीटों पर अकेले ही दावा कर दिया है। इस बीच 9 जनवरी से राजधानी दिल्ली में महाविकास अघाड़ी (कांग्रेस, शिवसेना उद्धव गुट, एनसीपी शरद गुट) की बैठक है। इस बैठक से पहले ही अपडेट आया है कि उद्धव ठाकरे और शरद पवार दोनों ही बैठक में शामिल नहीं होंगे। सूत्रों के मुताबिक, अकोला की सीट प्रकाश अंबेडकर की पार्टी वीबीए को देने पर एमवीए में एकमत हो चुका है।

### बिहार सीट शेयरिंग का फार्मूला लगभग तय

बिहार में इंडिया गठबंधन ने सीट बंटवारे कां अंतिम रुप दे दिया है। राज्य की 40 लोकसभा सीटों के लिए 17+17+4+2 का फॉर्मूला तय किया गया है। कांग्रेस और आरजेडी के बीच हुई बैठक में यह फॉर्मूला तय बताया गया है। जेडीयू और आरजेडी 17-17 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस चार लोकसभा सीटों और एक राज्यसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी।

**कांग्रेस और आप में खींचतान**

ऐसे संकेत मिले हैं कि आम आदमी पार्टी गुजरात, गोवा, मध्य प्रदेश और हरियाणा जैसे राज्यों में भी कांग्रेस से सीटें मांग सकती है। दरअसल, अरविंद केजरीवाल ने 7 जनवरी को गुजरात दौरे के दौरान एक सीट पर उम्मीदवार का ऐलान किया।

## देश में 2 लाख प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) बनाने की दिशा में हो रहा काम

# पैक्स के माध्यम से गांव के लोगों को भी मिलेंगी सस्ती दवाएं: अमित शाह

पीएम जन औषधि केंद्रों के माध्यम से लोगों को रियायती दरों पर जेनेरिक दवा उपलब्ध कराई जा रही हैं। जन औषधि केंद्र की वजह से अभी तक लोगों की 26 हजार करोड़ रुपए की बचत हो चुकी है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी सस्ती दवा उपलब्ध कराई जाएगी। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने पैक्स के माध्यम से प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र खोलने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण भारत को भी सस्ती दवा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

**28** हजार सेंटर देशभर में तैयार **300** से अधिक पहुंचाईं जा रही सेवाएं

### केंद्रीय मंत्री शाह ने बताई पूरी योजना

सस्ती दवाओं के लिए केंद्र सरकार कर रही है बड़ा काम

पैक्स के जरिए पेट्रोल से लेकर रेल टिकट और राशन वितरित



### जन औषधि केंद्र से हजारों करोड़ की बचत

दरअसल, सोमवार को विज्ञान भवन में आयोजित 'राष्ट्रीय पैक्स महासंगोष्ठी' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से लोगों को रियायती दरों पर जेनेरिक दवा उपलब्ध कराई जा रही हैं। जन औषधि केन्द्र की वजह से अभी तक लोगों की 26 हजार करोड़ रुपये बचत हो चुकी है।

### पैक्स सहकारिता आंदोलन की रीढ़ की तरह

अमित शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय आने वाले समय में 2 लाख पैक्स बनाने की दिशा में काम कर रहा है। पैक्स सहकारिता आंदोलन की रीढ़ की तरह है। पैक्स के माध्यम से पेट्रोल पंप खोलने से लेकर रेलवे की टिकट करने तक और राशन की दुकान से लेकर रासायनिक खाद बेचने का कार्य किया जा रहा है। पैक्स को अभी तक कुल 22 सेवाओं के लिए चुना गया है। पैक्स अनाज भंडारण से लेकर किसानों को रासायनिक खाद छिड़काव के लिए ड्रोन उपलब्ध कराने का कार्य भी करेंगे। देशभर में 28 हजार पैक्स कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) बन चुकी हैं। ये पैक्स राज्य और केन्द्र की लगभग 300 से अधिक सेवाओं को लोगों तक पहुंचा रही हैं।

### 2 हजार से अधिक जेनेरिक दवाइयां दीं

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देशभर से 4400 से अधिक पैक्स की तरफ से भारत सरकार की औषधि विभाग के पोर्टल पर जन औषधि केंद्र खोलने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया है। जिनमें से 2300 से अधिक समितियों को प्राथमिक अनुमोदन प्राप्त हो चुके हैं और 146 पैक्स/सहकारी समितियां जन औषधि केन्द्रों के रूप में कार्य करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार भी हो चुकी हैं। गौरतलब हो कि प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां आम नागरिकों तक पहुंचाई जाती हैं, जो खुले बाजार की ब्रांडेड दवाइयों के मुकाबले 50-90 फीसदी तक सस्ती होती हैं। इन केंद्रों पर 2000 से अधिक प्रकार की जेनेरिक दवाइयां व लगभग 300 सर्जिकल उपकरण उचित मूल्य पर आम जनता के लिए उपलब्ध हैं।


## अयोध्या में शुरू हुआ रामोत्सव

# देश-दुनिया के 35 हजार से ज्यादा कलाकार होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

22 जनवरी को अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इस मौके पर पूरे देश में उत्सव का माहौल है। आज से अयोध्या में रामोत्सव शुरू होने जा रहा है। 24 मार्च तक चलने वाले रामोत्सव में देश और दुनिया के 35 हजार कलाकार शामिल होंगे। वहीं आज से रामकथा पार्क में राम कथा शुरू होने जा रही है। गौरतलब है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में अब 2 हफ्ते से भी कम का वक्त बचा है। अभी से ही पूरी अयोध्या में उत्सव का माहौल है। देश के कोने-कोने से राम धुन सुनाई दे रही है।

### सोमवार से पहली कथा की शुरुआत हुई



22 जनवरी को देशभर में उत्सव होगा। सोमवार से पहली कथा की शुरुआत होने जा रही है, जो 14 जनवरी तक चलेगी। रामकथा पार्क के कागभुसुंडि मंच पर चिन्मयानंद बापू की कथा होगी। वहीं देश के दूसरे हिस्सों में भी लोग भगवान राम की भक्ति में डूबे हुए हैं। अहमदाबाद में इस साल काइट फेस्टिवल में भी भगवान रामलला छाए हुए हैं। यहां भी रामलला सबसे ऊपर हैं। लोग रामलला की पतंग उड़ा रहे हैं।

### 24 मार्च तक चलेगा रामोत्सव

आज से 24 मार्च तक अयोध्या में रामोत्सव का आयोजन होगा। आज से वाराणसी की तरह अयोध्या में भी सरयू तट पर आरती का आयोजन होगा। इस दौरान देश-विदेश के कलाकार अपनी-अपनी कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। रामोत्सव के दौरान 35 हजार कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। चिन्मयानंद बापू देवकीनंदन ठाकुर, साध्वी ऋतंभरा राम कथा का गुणगान करेंगे।

## बिहार के शिक्षा मंत्री के बिगड़े बोल कहा मंदिर गुलामी का रास्ता

**पटना।** बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने आरजेडी विधायक फतेह बहादुर के मंदिर वाले पोस्टर का समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी नहीं बल्कि हमारी मां सावित्री बाई फुले की बात को दोहराया है। रोहतास के डेहरी में एक कार्यक्रम में पहुंचे चंद्रशेखर ने कहा कि मंदिर का रास्ता गुलामी का रास्ता है, जबकि स्कूल का रास्ता प्रकाश का रास्ता है। शिक्षामंत्री ने कहा, फतेह बहादुर ने तो हमारी माता सावित्री बाई फुले जो देश की पहली महिला शिक्षिका थी, उन्हीं की बात को दोहराया है।



## रात में और भी भव्य व दिव्य दिखेगा राम मंदिर



### दूधिया रोशनी में पहली तस्वीर आई सामने

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर निर्माण की कुछ और तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में दूधिया रोशनी की में राम मंदिर की अलग छटा दिख रही है। यह तस्वीरें रात की हैं। इन तस्वीरों में निर्माणाधीन राम मंदिर की छत, बाहर लगी मूर्तियों की अलग ही खूबसूरती निखर कर आ रही है। ये मूर्तियाँ राजस्थान के ग्राम बंसी पहाड़पुर के हल्के गुलाबी रंग के बलुआ पत्थर से बनी हैं। 22 जनवरी को राम मंदिर में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

## इस तरह तोड़ दिया बीस साल का पुराना रिकॉर्ड

# पीएम मोदी की विजिट के बाद गूगल पर खूब सर्च हो रहा लक्षद्वीप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यात्रा संबंधी सेवाएं देने वाले मंच मेकमाईट्रिप ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप जाने के बाद से उसके मंच पर द्वीप के बारे में सर्च या खोज 3,400 प्रतिशत बढ़ गई है। मेकमाईट्रिप ने सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि हमने प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद से लक्षद्वीप के लिए मंच पर 'सर्च' में 3,400 प्रतिशत की वृद्धि देखी है। मोदी के दौरे के बाद लक्षद्वीप पसंदीदा पर्यटन स्थल बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद 'लक्षद्वीप कीवर्ड' ने गूगल सर्च में 20 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 20 साल में पहली बार ऐसा हो रहा है जब गूगल में पूरी दुनिया में लक्षद्वीप को सर्च किया जा रहा है। बता दें कि हाल ही में पीएम मोदी ने लक्षद्वीप का दौरा किया था और शानदार वीडियोज अपने सोशल हैंडल पर शेयर किए थे।

यात्रा संबंधी सेवाएं देने वाले मंच मेकमाईट्रिप ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप जाने के बाद से उसके मंच पर द्वीप के बारे में सर्च या खोज 3,400 प्रतिशत बढ़ गई है।

**34** सौ प्रतिशत बढ़ी खोज

लक्षद्वीप को जानने की बढ़ी चाहत

### घरेलू पर्यटन को प्राथमिकता

बता दें कि भारत में मालदीव के हाईकमीशन को सोमवार को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया और मालदीव के कई मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई टिप्पणियों को लेकर कड़ी आपत्ति जताई गई। मालदीव सरकार ने मोदी के खिलाफ अपमानजनक सोशल मीडिया पोस्ट के लिए रविवार को तीन उप मंत्रियों को निलंबित कर दिया है। मंत्रियों की टिप्पणियों की भारत में आलोचना हुई है कई मशहूर हस्तियों ने 'एक्स' पर लोगों से मालदीव के बजाय घरेलू पर्यटन में जानने का आग्रह किया है।



### एक लाख लोग हर रोज कर रहे हैं सर्च

पीएम की इस ट्रिप के बाद गूगल पर लोग अंडमान और निकोबार आईलैंड की आबादी, कल्चर और रेस्टोरेंट, होटल को लेकर भी सर्च कर रहे हैं। गूगल पर लक्षद्वीप को लेकर हर रोज एक लाख से अधिक सर्चेज हो रहे हैं। मालदीव के मंत्रियों के ट्वीट के बाद शुरू विवाद के बाद हजारों लोगों ने अपनी मालदीव की ट्रिप को कैंसिल किए हैं। कई बुकिंग साइट पर लगातार कैंसिल हो रही बुकिंग से परेशान हैं। कई लोगों ने भारतीय द्वीप की तुलना मालदीव और सेशेल्स जैसे विश्वस्तर पर मांग वाले समुद्र तट स्थलों से करना शुरू कर दिया है। मालदीव के मंत्रियों द्वारा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणियों के बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद शुरू हो गया है।

## एजुकेशन लोन के लिए तलाशी थी कंपनी

# इंश्योरेंस कंपनी की डिप्टी मैनेजर से 39 लाख की ठगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एजुकेशन लोन के लिए ऑनलाइन सर्च कर रही जनरल इंश्योरेंस कंपनी की डिप्टी मैनेजर को 39 लाख रुपए का चूना लगा है। दिल्ली के रोहिणी में रहने वाली प्रतिष्ठा गर्ग तमिलनाडु के कांचीपुरम में इंश्योरेंस कंपनी में काम करती हैं। उन्होंने रोहिणी साइबर पुलिस थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि लोन के लिए सर्च किया, डीटेल भरी और फंसती चली गई।

प्रतिष्ठा ने पुलिस को बताया कि मुझे एजुकेशन लोन चाहिए था। इसके लिए मैं ऑनलाइन ऐसी कंपनियां सर्च कर रही थी, जो एजुकेशन लोन देती हैं। तभी मुझे सुलेखा डॉट कॉम नाम की कंपनी का लिंक मिला। मैंने कंपनी की साइट पर विजिट की। अपनी डिटेल भरी थी। इसके बाद मुझे नकुल नाम के व्यक्ति का कॉल आया।

उसने खुद को लोन ब्रोकर बताया और कहा कि वह आरएस इंटरप्राइजेज नाम की किसी कंपनी में है। प्रतिष्ठा ने पुलिस को बताया कि नकुल के अलावा कंपनी के अन्य लोगों से भी मेरी बात हुई। उन लोगों ने मुझे अपनी बातों में फंसा लिया था।



■ लोन के लिए डिटेल भरी और फंसती चली गई

# दो मुस्लिम राष्ट्र समेत 160 देशों में उत्सव की झलक



1 इंडोनेशिया, सउदी अरब में प्राण प्रतिष्ठा की लाइव स्ट्रीमिंग

2 दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में बड़े कार्यक्रम

3 अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, कनाडा में भी पूजा पाठ

## अमेरिका में 300 स्थानों पर बड़े आयोजन

*नई दिल्ली। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी उत्सव का माहौल है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग मुस्लिम बाहुल्य देश इंडोनेशिया, सउदी अरब के साथ-साथ दुनिया के 160 देश ऐसे हैं जहां हिंदू रहते हैं, वहां आयोजन होंगे। इसके अलावा अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, कनाडा जैसे कई देशों में मंदिरों में पूजा पाठ का आयोजन, शोभा यात्रा और मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लाइव दिखाया जाएगा। अमेरिका में 300, ब्रिटेन में 25, ऑस्ट्रेलिया में 30, कनाडा में 30, मॉरीशस में 100, के अलावा आयरलैंड, फिजी, इंडोनेशिया और जर्मनी जैसे 50 से अधिक देशों में बड़े पैमाने पर रामलला का कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।*



अमेरिका में कार रैली

इंडोनेशिया में लगे राम मंदिर के पोस्टर

## खबर संक्षेप

### खैबर पख्तूनख्वाः हमले में 5 पुलिसकर्मियों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को हुए एक शक्तिशाली बम विस्फोट में 5 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है। धमाके में 20 से ज्यादा लोगों के घायल हो गए। हमला उस वक्त किया गया, जब बाजौर जिले में एंटी पोलियो अभियान में ड्यूटी पर लगी पुलिस टीम को ट्रक में ले जाया जा रहा था। इसी दौरान आईईडी धमाके हुए थे।

### अमेरिका मिशन 'मून' में आई तकनीकी खराबी



**वॉशिंगटन।** 52 साल के बाद अमेरिका से निजी मून लैंडर चांद की तरफ लॉन्च किया गया। हालांकि, पेरेग्रीन- वन नाम के इस मिशन को बड़ा झटका लग सकता है। इस निजी मून लैंडर- पेरेग्रीन-1 में तकनीकी खामियां उजागर हुई हैं। हालांकि अमेरिकी कंपनी एस्ट्रोबोटिक पेरेग्रीन-1 का प्रक्षेपण कंट्रोल करने में जुटी है।

अभिनंदन को छोड़ने की कहानी

## पाक को बर्बाद करने के लिए तैयार थीं 9 मिसाइलें



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रहे अजय बिसारिया ने अपनी नई किताब (एंगर मैनेजमेंटः द ट्रूबल्ड डिप्लोमेटिक रिलेशनशिप विटवीन इंडिया एंड पाकिस्तान) में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने पुलवामा हमले के बाद भारत की आक्रामक कूटनीति से पाक डर गया था और अपनी जिद से पीछे हट गया था, ऐसे कुछ किस्सों का जिक्र किया है। यह मामला भारत की उन 9 मिसाइलों से जुड़ा था जिनका रुख पाक की ओर कर दिया गया था और इमरान सरकार घबरा गई थी। उस रात इमरान खान पीएम नरेंद्र मोदी से बात करना चाहते थे, लेकिन उन्हें बताया गया कि पीएम मोदी उस वक़्त उपलब्ध नहीं हैं।

### ...जब आधी रात को आया फोन

अजय बिसारिया ने खुलासा किया कि आधी रात को उन्हें इस्लामाबाद में भारत में पाकिस्तान के तत्कालीन उच्चायुक्त सोहेल महमूद का फोन आया, जिन्होंने कहा कि इमरान खान पीएम मोदी से बात करना चाहते हैं। बिसारिया ने दिल्ली में लोगों से पूछताछ की और वापस महमूद से बात की और कहा कि मोदी उस समय उपलब्ध नहीं हैं और कोई भी जरूरी संदेश खुद उच्चायुक्त को दे सकते हैं।

### पाक जानता था कि भारत को चोट पहुंचाना...

बिसारिया ने लिखा कि पाक ने कमांडर की रिहाई को 'शांति' बढ़ाने के तहत कहा था लेकिन पाक यह बात जानता था कि भारत के जवान को चोट पहुंचाना उन्हें कितना भारी पड़ सकता था। बिसारिया ने किताब में इस तरह के ओर भी कई दिलचस्प किस्सों को बयान किया है।

पीएम मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी पर मालदीव के हाईकमिश्नर तलब

## हमसे रिश्ते सुधारने की जिम्मेदारी मुइज्जू की, तीन मंत्री बर्खास्त हों

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी मामला बढ़ता जा रहा है। मालदीव की राजधानी माले में मौजूद भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर ने आनन-फानन में अधिकारियों के साथ बैठक की है। बैठक में मालदीव के हाई कमिश्नर को तलब किया गया। इसके बाद हाई कमिश्नर इब्राहिम शाहीब सुबह साउथ ब्लॉक स्थित विदेश मंत्रालय पहुंचे। इस दौरान उसने सिर्फ 4 मिनट बात हुई। उनसे कहा कि इस मामले से दोनों देशों के रिश्ते बिगड़े हैं। इन्हें सुधारने की जिम्मेदारी राष्ट्रपति मुइज्जू की है। भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर ने कहा कि मालदीव सरकार पीएम मोदी और भारतीयों पर टिप्पणी करने वाले तीनों मंत्रियों को बर्खास्त करें। इनकी सस्पेंशन काफी नहीं है।

मालदीव सरकार के 3 मंत्रियों माल्शा शरीफ, मरियम शिउना और अब्दुल्लाह महजूम माजिद ने पीएम मोदी और भारत के खिलाफ टिप्पणी की थी। भारत की टूरिज्म सेक्टर में फेसेलिटीज को लेकर भी कमेंट्स किए थे। 7 जनवरी को इन्हें सस्पेंड कर दिया गया था।

### खास बातें

- मालदीव के हाई कमिश्नर इब्राहिम विदेश मंत्रालय पहुंचे, 4 मिनट दोनों के बीच चर्चा
- बैठक में भारतीय उच्चायुक्त ने पीएम पर टिप्पणी मुद्दे पर जताई कड़ी नाराजगी

### तकरार के बीच उच्चायुक्त मुनु महावर ने की बैठक

*मालदीव के कुछ मंत्रियों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के बाद आपत्तिजनक बयान दिए थे। जिसके बाद विवाद गहरा गया है।*



### यह विवाद क्यों बढ़ा?

*पीएम मोदी ने लक्षद्वीप दौरे का एक वीडियो शेयर किया था। इसमें खूबसूरती के लिहाज से लक्षद्वीप अब मालदीव को टक्कर देता नजर आया। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोग कहने लगे कि लाखों रुपए खर्च कर मालदीव जाने से बेहतर है कि लक्षद्वीप जाएं। इससे मालदीव के मंत्री और नेता नाराज नजर आए। उनके आपत्तिजनक पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर भारतीयों और मालदीव के नागरिकों के बीच जंग छिड़ गई। लोगों का कहना है कि पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे से मालदीव के टूरिज्म को तगड़ा झटका जरूर लगने वाला है।*

### राष्ट्रपति मुइज्जू ने 'इंडिया आउट' का दिया था नारा

मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद भारत के साथ रिश्तों में खटास आई है। मुइज्जू चीन समर्थक माने जाते है। वो अपने देश से भारतीय सैनिकों को निकालने के लिए तैयार हैं। उन्होंने मालदीव में भारतीय सेना की मौजूदगी के खिलाफ 'इंडिया आउट' का नारा दिया था। नई सरकार को लगता है कि भारतीय सैनिकों की मौजूदगी संप्रभुता के लिए खतरा है।

### प्रवक्ता बोले- हमारा रुख साफ

*मालदीव सरकार के प्रवक्ता इब्राहिम खलील ने कहा था कि भारत के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट के हवाले से जो कुछ चल रहा है, उसके बारे में हमारी सरकार रुख साफ कर चुकी है। फॉरेन मिनिस्ट्री ने भी बयान जारी किया है। भारत के बारे में कमेंट्स करने वाले सभी सरकारी अफसरों को फौरन सस्पेंड किया जा रहा है।*

### भारत को मिला इजराइल का साथ

*लक्षद्वीप बनाम मालदीव विवाद के बीच इजराइल ने लक्षद्वीप से जुड़ा एक पोस्ट साझा किया। जिसमें उन्होंने लक्षद्वीप की प्राकृतिक सुंदरता की तस्वीरों को साझा किया हैं। साथ ही कहा कि अलवणीयकरण से जुड़ी परियोजना पर इजराइल 9 जनवरी से काम शुरू करने के लिए तैयार हैं। हम कुछ लक्षद्वीप से जुड़ी तस्वीरों को आपके साथ साझा कर रहे हैं। यह लक्षद्वीप की प्राचीन सुंदरता को नहीं देख पाएं हैं।*

पीएम हसीना ने भारत को बताया अच्छा और सच्चा दोस्त

## पीएम मोदी ने शेख हसीना को किया फोन, जीत पर दी बधाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को शेख हसीना से फोन पर बातचीत की। मैं बांग्लादेश के लोगों को भी सफल चुनाव के लिए बधाई देता हूं। हम बांग्लादेश के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इधर, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भी शेख हसीना को जीत की बधाई दी।

### 1971 से हमारे संबंध

इससे पहले शेख हसीना ने बांग्लादेश के राष्ट्रीय चुनावों में अपनी पार्टी आवामी लीग की ऐतिहासिक जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत को सच्चा दोस्त बताया। उन्होंने कहा कि भारत बांग्लादेश का बहुत अच्छा और सच्चा दोस्त है। उन्होंने 1971 और 1975 में हमारा समर्थन किया। हम भारत को अपना पड़ोसी मानते हैं। मैं वास्तव में इस बात की सराहना करती हूं कि भारत के साथ हमारे अद्भुत संबंध हैं।

### 300 में से 223 सीटें जीतीं

बांग्लादेश की 300 सीटों वाली संसद में से कुल 299 सीटों के लिए चुनाव हुआ था। हसीना की पार्टी आवामी लीग ने 223 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया। एक सीट पर उम्मीदवार की मौत के कारण चुनाव नहीं हुआ। उस सीट पर बाद में उपचुनाव होगा। पूर्व पीएम खालिदा जिया के नेतृत्व वाले मुख्य विपक्षी दल बीएनपी और उसके सहयोगियों ने आम चुनावों का बहिष्कार किया।

### हमले में हिजबुल्लाह के कमांडर विसाम की मौत



**तेल अवीव।** इजराइल ने दक्षिण लेबनान पर हमले में हिजबुल्लाह समूह के एक शीर्ष कमांडर विसाम हसन ताविल को मार डाला। इज़राइली हमला लेबनान सीमा पर बढ़ते हमलों के बीच हुआ है। इससे पहले हिज़्बुल्लाह ने उत्तरी इज़राइल में हवाई यातायात अड्डे पर रॉकेट से अब तक का सबसे बड़ा हमला किया था। हिजबुल्लाह ने इस हमले को नेता सालेह अरौरी की हत्या की 'प्रारंभिक प्रतिक्रिया' बताया।

एनआईए की कार्रवाई

## 5 लाख का इनामी मोस्ट वांटेड आतंकी शाहनवाज गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस और एनआईए के सामने 5 लाख के इनामी मोस्ट वांटेड आतंकी शाहनवाज आलम ने कई बड़े सनसनीखेज खुलासे किए हैं। उसे दिल्ली से एनआईए की टीम ने गिरफ्तार किया है। उसने कुबूल किया है कि पुणे-महाराष्ट्र मॉड्यूल के निशाने पर आरएसएस, वीएचपी और बीजेपी के नेता थे। इतना ही नहीं गुजरात और मुंबई में सीरियल ब्लास्ट कराने की साजिश रची गई थी। आईएसआईएस पूरे गुजरात को बम धमाकों से दहलाना चाहती थी।

**शाहनवाज ने की इंजीनियरिंग की पढ़ाईः** सूत्रों के मुताबिक, आतंकी शाहनवाज आलम महाराष्ट्र के नागपुर से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुका है। उसके मोबाइल से पता चला है कि वो घर में ही आईडी बना रहा था। एनआईए को कई तस्वीरें उसके मोबाइल में मिली हैं।

## अमेरिका में खालिस्तानियों की हरकत इंडियन कॉन्सुलेट का रोका रास्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका दौरे पर गई एनआईए की टीम को चुनौती देते हुए, खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के संगठन एसएफजे ने सैन फ्रांसिस्को में इंडियन कॉन्सुलेट का रास्ता रोक दिया है। शीर्ष खुफिया सूत्रों ने बताया कि इसके लिए उसने एक झांकी का इस्तेमाल किया जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का चित्रण किया गया है।

इसमें उसने गोलियां दागते हुए सतवंत सिंह और बेअंत सिंह को 'शहीद' बताया है। पन्नू ने बयान में कहा गया है कि 'हरदीप सिंह निज्जर



की हत्या की साजिश रचकर हिंसा का चक्र शुरू करने वाले पीएम नरेंद्र मोदी को 31 अक्टूबर, 1984 को नहीं भूलना चाहिए और सिखों ने हमेशा भारत द्वारा की गई हिंसा का जवाब दिया है। सूत्रों ने कहा कि यह एक गंभीर बयान है और साथ ही किसी भी कॉन्सुलेट का रास्ता रोकना बड़ा मुद्दा है। इन पर भारत सरकार के अधिकारी अपने समकक्षों से चर्चा करने वाले हैं।

भारत से 10 वर्षों में 10 हजार मेगावाट बिजली का निर्यात बढ़ेगा

## तीन और अंतरदेशीय ट्रांसमिशन लाइनों का प्रस्ताव तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में आगामी 10 वर्षों में 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। इसके लिए तीन और अंतरदेशीय ट्रांसमिशन लाइनें बनाने का प्रस्ताव किया गया है। बीते शनिवार को चितवन में संपन्न नेपाल-भारत ऊर्जा सचिव स्तरीय 11वीं बैठक में इस पर प्रारंभिक सहमति बनी है। बैठक में भारत की तरफ से नेपाल में निजगढ़-मोतिहारी, अनारमनी-किसनगंज और लमही-लखनऊ पॉइंट पर 400 केवी क्षमता की ट्रांसमिशन लाइन बनाने के प्रस्ताव पर सहमति बनी है।



### संयुक्त सचिव संदीप को समन्वय की जिम्मेदारी

भारतीय दूतावास की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि एक संयुक्त तकनीकी दल को इसका अध्ययन करने के लिए निर्देश दिया गया है। इस तकनीकी दल में भारत के ऊर्जा मंत्रालय के संयुक्त सचिव संदीप कुमार देव को समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें नेपाल विद्युत प्राधिकरण और भारत के पावर ग्रिड के प्रतिनिधि को शामिल किया गया है।

### अंतरदेशीय ट्रांसमिशन लाइन बनाने भी सहमति

400 केवी की नई बुटवल-गोरखपुर ट्रांसमिशन लाइन का भी निर्माण होने जा रहा है। इसी तरह इनरवा-पूर्णिया में निर्माणाधीन ट्रांसमिशन लाइन को 2027/28 में और न्यू लमकी-बरेली के निर्माणाधीन ट्रांसमिशन लाइन को सन 2028/29 में पूरा करने का लक्ष्य लेकर काम किए जाने की जानकारी दूतावास की तरफ से जारी बयान में है। इसके अलावा कुछ और अधिक अंतरदेशीय ट्रांसमिशन लाइन बनाने को लेकर अध्ययन करने पर भी सहमति बनी है।

### यहां हैं ट्रांसमिशन लाइनें

वर्तमान में नेपाल और भारत के बीच 132 केवी क्षमता की पांच ट्रांसमिशन लाइनें और 400 केवी क्षमता की ट्रांसमिशन लाइन है। ढल्केवर-मुजफ्फरपुर ट्रांसमिशन लाइन के तहत 2000 मेगावाट की पांच लाइनों से 720 मेगावाट बिजली प्रसारित की जा सकती है। सतलुज जलविद्युत निगम ढल्केवर-सीतामढ़ी में 400 केवी क्षमता का ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण कर रहा है।

चीन पहुंचते ही मालदीव के राष्ट्रपति की लगी क्लास



एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन पहुंचे मालदीव के राष्ट्रपति को चीनी मीडिया का भी सामना करना पड़ा। उनके दौरे पर चीन के सरकारी अखबार ने एक संपादकीय में मालदीव के साथ भारत के राजनयिक विवाद का जिक्र किया गया है।

## ड्रैगन ने कहा- हम इंडिया और मालदीव का करते हैं सम्मान

### भारत संग विवाद पर चीनी मीडिया ने क्या कहा?

मुइज्जू चीन की यात्रा के लिए बीजिंग पहुंच चुके हैं। इसी दौरान चीनी सरकारी मीडिया में मालदीव के भारत संबंध के बारे लेख छपी है। मीडिया ने लिखा चीन मालदीव और भारत के बीच मैत्रीपूर्ण और सहयोगात्मक संबंधों का सम्मान करता है। वह नई दिल्ली के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए माले के महत्व को पूरी तरह से जानता है। बीजिंग ने कभी भी माले को चीन और भारत के बीच संघर्ष के कारण नई दिल्ली से संबंध खराब करने की कोई शर्त नहीं रखी और ना ही कभी सलाह दी। न ही वह मालदीव और भारत के बीच सहयोग को अपने लिए खतरे के रूप में देखता है।

### दक्षिण एशिया में कोई जीरो सम गेम नहीं

चीनी मीडिया के लेख में कहा गया है कि वह (चीन) भारत मालदीव और चीन के बीच त्रिपक्षीय सहयोग करने का भी इच्छुक है। नई दिल्ली को अधिक खुले दिमाग से रहना चाहिए, क्योंकि दक्षिण एशियाई देशों के साथ चीन का सहयोग कोई 'जीरो-सम' का खेल नहीं है। जीरो-सम गेम खेल का गणितीय वर्णन है जिसका मतलब है खेल में किसी एक पार्टी को खूब लाभ होना जबकि दूसरे को उतना ही हानि होना।

# लिवरपूल ने आर्सेनल को हराया, सिटी की 5-0 से धमाकेदार जीत

एजेंसी ▶▶| लंदन

आर्सेनल को एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दौर में लिवरपूल के खिलाफ रविवार को यहां 0-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी। आर्सेनल की टीम खराब फॉर्म से जूझ रही है और सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले सात मैच में से चार मैच गंवा चुकी है। टीम ने लगातार तीन मैच गंवाए हैं। रविवार को लिवरपूल के खिलाफ आर्सेनल के डिफेंडर याकुब किवियोर ने 80वें मिनट में आत्मघाती गोल किया जबकि लुई डियाज ने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में गोल दागकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की।



## फिल फोडेन ने 33वें और 65वें मिनट में दागे गोल

*मैनचेस्टर सिटी ने एक अन्य मैच में दूसरे टीयर की टीम हडर्सफील्ड पर 5-0 की आसान जीत दर्ज की। सिटी के केविन डीब्रून ने मांसपेशियों में खिंचाव के कारण लगभग पांच महीने के बाद इस मुकाबले के साथ वापसी की। मैनचेस्टर सिटी की ओर से फिल फोडेन (33वें और 65वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि जूलियन अल्वारेज (37वें मिनट) और जेरेमी डोकु (74वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। हडर्सफील्ड के बेन जैकसन ने आत्मघाती गोल भी किया। रेक्सहैम ने जीत दर्ज की जबकि प्रीमियर लीग टीम वेस्टहैम, नॉटिंघम फॉरेस्ट और ल्युटन के मुकाबले ड्रॉ रहे। रेक्सहैम ने श्रुसबरी के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। वेस्टहैम को दूसरे टीयर की टीम ब्रिस्टल सिटी ने 1-1, नॉटिंघम फॉरेस्ट को तीसरे टीयर की टीम ब्लैकपूल ने 2-2 जबकि ल्युटन को तीसरे टीयर की टीम बोल्टन ने गोल रहित बराबरी पर रोका।*



## खबर संक्षेप



### मुंबई मैराथन के ब्रांड दूत बने केफलेजिगी

**मुंबई।** एथेंस ओलंपिक 2004 के रजत पदक विजेता और लंबी दूरी के जाने माने धावक मेब केफलेजिगी को रविवार को 19वीं टाटा मुंबई मैराथन का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। यह विश्व एथलेटिक्स की 'गोल्ड लेबल' की रेस है और प्रोकैम इंटरनेशनल इसका प्रमोटर है। एरीट्रिया में जन्में अमेरिकी केफलेजिगी ने उस समय इतिहास रचा था जब वह ओलंपिक पदक (2004), न्यूयॉर्क सिटी मैराथन (2009) और बोस्टन मैराथन (2014) जीतने वाले पहले धावक बने थे। वह 2009 में 1982 के बाद न्यूयॉर्क मैराथन जीतने वाले पहले अमेरिकी भी बने। वह अपने करियर में कुल आठ बार न्यूयॉर्क मैराथन में शीर्ष 10 में शामिल रहे।

### यूबैंक्स और मोनफिल्स पहले दौर में हारे



**ऑकलैंड।** अमेरिका के क्रिस यूबैंक्स और फ्रांस के दिग्गज गेल मोनफिल्स को एटीपी ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में सोमवार को यहां हार का सामना करना पड़ा। पांचवीं वरीयता प्राप्त यूबैंक्स मांसपेशियों में चोट के बाद बोटिक वैन डेर जैडस्चुल्प की चुनौती से पार नहीं पा सके। उन्होंने मैच के बीच में इलाज के बाद अपना खेल जारी रखा लेकिन 6-7, 2-6 से हार गये। फ्रांस के 37 साल के मोनफिल्स के खेल पर भी उम्र हावी दिखी। हंगरी के फैबियन मरोज्सन के खिलाफ वह तीन सेट के संघर्षपूर्ण मुकाबले को 2-6, 7-6, 6-7 से गंवा बैठे।

### तीसरी बार ओलंपिक में जगह बनाने का भरोसा



**रांची।** अटैकिंग मिडफील्डर नवनीत कौर ने सोमवार को कहा कि भारतीय महिला टीम लगातार तीसरी बार ओलंपिक कोटा हासिल करने को लेकर आश्वस्त है और यहां की परिस्थितियों की जानकारी आठ टीम के हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर से पहले मेजबान टीम को अच्छी स्थिति में रखेगी। सविता पूनिया के नेतृत्व में भारतीय टीम ने पिछले साल नवंबर में यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंधा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। मेजबान टीम ने फाइनल में जापान को 4-0 से हराकर प्रतियोगिता में अपना लगातार दूसरा खिताब जीता था।

## एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर : पहले दिन जीते छह पदक

# तोमर और ईशा ने स्वर्ण पदक के साथ हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारत के युवा निशानेबाजों वरुण तोमर और ईशा सिंह ने सोमवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर की क्रमशः पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए दो ओलंपिक कोटा हासिल किए। इन दोनों के ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के साथ भारत के निशानेबाजों ने पेरिस खेलों के 15 कोटा हासिल कर लिए हैं और इसके साथ ही टोक्यो खेलों में सबसे अधिक निशानेबाज उतारने के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी कर ली। भारतीय निशानेबाजों के पास बाकी क्वालीफायर स्पर्धाओं के जरिए भी इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले खेलों में जगह बनाने का मौका होगा।

भारत ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पहले दिन दो टीम स्वर्ण सहित कुल छह पदक के साथ अपने अभियान का आगाज किया। बीस साल के तोमर ने फाइनल में 239.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि उनके हमवतन अर्जुन चीमा ने 237.3 अंक के साथ रजत पदक जीता। मंगोलिया के देवाखु एंखताइवान (217.2) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले तोमर (586), अर्जुन (579) और उज्जवल मलिक (575) की भारतीय टीम कुल 1740 अंक के साथ टीम स्पर्धा में शीर्ष पर रही थी। ईरान और कोरिया ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।





### 16 कोटा स्थान दांव पर

*इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पेरिस ओलंपिक के लिए कुल 16 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं। पुरुषों और महिलाओं के लिए 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में चार कोटा हैं जिसमें से अधिकतम तीन भारतीय निशानेबाजों को मिल सकते हैं। इस प्रतियोगिता में 26 देशों के लगभग 385 निशानेबाज पेरिस कोटा हासिल करने के अलावा 256 पदक (84 स्वर्ण, 84 रजत और 88 कांस्य पदक) जीतने के लिए जकार्ता की सेनायन निशानेबाजी रेंज में चुनौती पेश करेंगे।*

### ईशा के फाइनल में 243.1 अंक

*महिला वर्ग में 18 साल की ईशा ने फाइनल में 243.1 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पाकिस्तान की किशमाला तलत (236.3) ने रजत जबकि ईशा की हमवतन रिदम सांगवान (214.5) ने कांस्य पदक जीता। ईशा, रिदम और सुरभि राव की भारतीय तिकड़ी ने कुल 1736 अंक के साथ टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीता। ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम और 25 मीटर पिस्टल टीम के साथ विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।*

## अनाहत 2024 ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में रहीं उपविजेता



एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

भारत की उभरती हुई स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह यहां ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के लड़कियों के अंडर-17 वर्ग में उपविजेता रहीं। अनाहत को रविवार को बर्मिंघम विश्वविद्यालय में 68 मिनट चले कड़े फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीय नादीन अलहमामी के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

भारत की 15 साल की अनाहत ने पहला गेम 11-7 से जीत लिया था लेकिन इसके बाद नादीन ने जोरदार वापसी करते हुए अगले दो गेम टाईब्रेक में 13-11 और 12-10 से जीतकर 2-1 की बढ़त बना ली। अनाहत ने चौथा गेम 11-5 से जीतकर स्कोर 2-2 किया लेकिन मिस्र की खिलाड़ी ने पांचवां और निर्णायक गेम 11-9 से जीतकर खिताब अपने नाम किया।

गौरतलब है कि पिछले महीने अनाहत ने स्कॉटिश जूनियर ओपन के अंडर-19 वर्ग का खिताब जीता था। इस बीच अमेरिकी जूनियर ओपन के लड़कों के अंडर-15 वर्ग के गत चैंपिन आर्यवीर दीवान लड़कों के अंडर-15 वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे।

### भारत की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 जंग आज

**नवी मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम लंबे और मिश्रित सफलता वाले घरेलू सत्र का अंत मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम मुकाबले में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्वदेश में पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर करना चाहेगी। तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर चल रही है और हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम के पास गत विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2024 टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के साल की शुरुआत इस प्रारूप में जीत के साथ करने का मौका है।

## क्रेसिकोवा और माइया एडीलेड इंटरनेशनल के पहले दौर में हारे

एजेंसी ▶▶| एडीलेड

फ्रेंच ओपन की पूर्व चैंपियन बारबरा क्रेसिकोवा और बीट्रिज हदाद माइया को सोमवार को यहां एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। क्वालीफायर अन्ना केलिन्सकाया ने 2021 की फ्रेंच ओपन विजेता और चौथी वरीय क्रेसिकोवा को 7-5, 3-6, 7-5 से शिकस्त दी।

केलिन्सकाया तीसरे और निर्णायक सेट में जब 6-5 से आगे थी तो उन्हें क्रेसिकोवा की सर्विस पर तीन मैच प्वाइंट मिले जिसमें से तीसरे पर अंक जुटाकर उन्होंने मैच अपने नाम किया। पूर्व में फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बना चुकी पावलुचेनकोवा ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए मुख्य वर्ग में जगह बनाते हुए पांचवीं वरीय हदाद माइया को 6-3, 6-4 से हराया। पहले दौर में एक अन्य मुकाबले में एना बोगडन ने केटी बोल्टर को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। दूसरी तरफ होबार्ट इंटरनेशनल डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय एलिस मर्टेन्स ने डेनियल कोलिन्स को 6-2, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।



### देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात

**नई दिल्ली।** अमेच्योर गोल्फ की विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल इकलौती भारतीय अवनि प्रशांत के लिए अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। सत्रह साल की अवनि इस महीने दो अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत की अगुवाई करेंगी। वह नौ से 12 जनवरी तक तक दक्षिणी गोल्फ क्लब में वार्षिक ऑस्ट्रेलियाई मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैम्पियनशिप में भाग लेगी। इसमें चार सदस्यीय भारतीय टीम में दो पुरुष और दो महिला खिलाड़ी शामिल हैं। इसके बाद चारों खिलाड़ी 16 से 19 जनवरी 2024 तक ऑस्ट्रेलियाई एमेच्योर चैंपियनशिप में खेलेंगे।



## हेनरिक क्लासेन ने की टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा

एजेंसी ▶▶| प्रिटोरिया

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है जिससे लाल गेंद के प्रारूप में उनका संक्षिप्त कॅरियर खत्म हो गया। रांची में 2019 में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 32 साल के क्लासेन ने अपने संक्षिप्त टेस्ट कॅरियर में चार मैच खेले। वह अपना आखिरी टेस्ट पिछले साल जोहानिसबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले थे। क्लासेन ने अपने टेस्ट कॅरियर में 13.00 के औसत से 104 रन बनाए और सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 35 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही। क्लासेन हालांकि सफेद गेंद के प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध रहेंगे।



## मलेशिया ओपन आज से, ओलंपिक कोटा पर निगाह

# पदक से शुरुआत करना चाहेंगे बैडमिंटन खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन पर नजरें टिकाए बैठे एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन जैसे भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रहे मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के साथ नए सत्र की प्रभावी शुरुआत करने की उम्मीद होगी।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए अगले चार महीने में काफी कुछ दांव पर लगा होगा। इस दौरान उनकी नजरें व्यस्त कार्यक्रम के बीच अप्रैल के अंत तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में जगह बनाकर पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी होंगी। ओलंपिक में जगह बनने की दौड़ में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय आगे चल रहे हैं। यह आठवीं वरीयता प्राप्त 31 वर्षीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन के खिलाफ करेगा और उन्हें अपनी शानदार फॉर्म जारी रखने की उम्मीद होगी। सभी की निगाहें लक्ष्य और किदांबी श्रीकांत पर भी होंगी जो शीर्ष 16 में आने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पिछले साल कनाडा ओपन सुपर 500 का खिताब जीता लेकिन इसके बाद अपनी फॉर्म गंवा दी। श्रीकांत की विश्व रैंकिंग 24वीं हैं और वह 2023 में सिर्फ चार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। सेन और श्रीकांत के लिए चीजें आसान नहीं होने वाली हैं क्योंकि उन्हें यहां शुरुआती दौर में क्रमशः चीन के वेंग होंग यैंग और इंडोनेशिया के छठी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी जैसे कड़े प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना है।



### सात्विक-चिराग दिलाएंगे पदक

पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शानदार फॉर्म में दिख रहे हैं। वे 2023 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रहे। दिसंबर में तीन फाइनल में जगह बनाने के बाद आत्मविश्वास से भरी अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला युगल जोड़ी अब इस सत्र में विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में जगह बनाने की कोशिश करेगी। यह जोड़ी अभी ओलंपिक खेलों की क्वालीफिकेशन रैंकिंग में 21वें स्थान पर है। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी 27वें स्थान पर है। मलेशिया ओपन चार बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट में से एक है। उसे पिछले साल यह दर्जा मिला था। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप, चीन ओपन और इंडोनेशियाई ओपन विश्व सर्किट में अन्य तीन सुपर 1000 टूर्नामेंट है।

## बीएआई 28 खिलाड़ियों के अनुभव का खर्च उठाएगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय बैडमिंटन संघ इस साल सीनियर राष्ट्रीय पुरुष और महिला चैंपियन क्रमशः चिराग सेन और अनमोल खर्ब सहित 28 खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने का खर्च उठाएगा। विश्व बैडमिंटन महासंघ की रैंकिंग में 26वें से 75वें स्थान पर मौजूद भारतीय खिलाड़ियों के अलावा सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले ऐसे खिलाड़ी जो राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं हैं, उन्हें इससे फायदा मिलेगा। इसके लिए पैसा बीएआई और ग्रामीण विद्युतीकरण निगम की साझेदारी से आएगा।

अबु धाबी मास्टर्स चैंपियन उन्नति हुड्डा और 2023 बैडमिंटन एशिया अंडर-17 जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा भी एकल और युगल वर्ग के उन 28 खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें कई प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है। बीएआई के सचिव संजय मिश्रा ने सोमवार को कहा, 'बीएआई यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि होनहार प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने के लिए जरूरी समर्थन मिले, भले ही वे राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं हों।'




# गरिमा के साथ मनाया जाए राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस गरिमापूर्वक मनाया जाए। राज्य एवं जिला स्तर पर बेहतर आयोजन हों। जनपद पंचायत, नगरपालिका, नगर परिषद, ग्राम पंचायत मुख्यालय तक गरिमापूर्वक आयोजन हों।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज सोमवार को मंत्रालय में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना, विभिन्न विभागों के अपर सचिव, सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले के अंतर्गत जनप्रतिनिधि रोस्टर अनुसार समारोह में शामिल हो सकें।

**राज्य स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक बेहतर आयोजन हों, गणतंत्र दिवस की तैयारियों की सीएम ने की समीक्षा**



### मप्र की दिल्ली की झांकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो

मध्यप्रदेश की झांकी का दिल्ली में भी बेहतर प्रदर्शन हो। प्रदेश की झांकी को दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर पुरस्कृत हो सके ऐसी प्रभावी झांकी बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भी बेहतर झांकियों का प्रदर्शन हो। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उच्चस्तरीय प्रदर्शन हो। आकर्षक गुब्बारें छोड़े जाने की व्यवस्था हो। संभाग स्तर पर बटालियन से बैण्ड दल भिजवाने की व्यवस्था हो।

पत्रकारिता विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान और कार्यशाला

# फिल्म पत्रकारिता की अहम भूमिका इसे गंभीरता से समझने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में सोमवार सिनेमा अध्ययन विभाग ने 'फिल्मों पर लेखन' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया, जिसमें वरिष्ठ फिल्म समीक्षक अजित राय ने अपने विचार व्यक्त किए। व्याख्यान में चित्रकार अखिलेश वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

वहीं फैकल्टी एवं स्टॉफ के लिए नैक पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें नैक पीर टीम के सदस्य प्रो.सुधीर सिंह ने खास जानकारी दी। दोनों ही



कार्यक्रमों की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ) के.जी.सुरेश ने की।

विशेष व्याख्यान में कुलपति प्रो. (डॉ) केजी सुरेश ने कहा कि फिल्म पत्रकारिता को गंभीरता से समझने की आवश्यकता है। वैश्विक स्तर पर इसे समझने की बात करते हुए उन्होंने कहा कि फिल्म पत्रकारिता की अहम भूमिका होती है।

प्रो. सुरेश ने कहा कि सिनेमा स्टडीज डिपार्टमेंट में फिल्मों में डिप्लोमा से पीएच.डी. तक का पूरा पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब फिल्म एप्रीसियेशन का नया कोर्स चलाने की इच्छा है। वरिष्ठ फिल्म समीक्षक अजित राय की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि वे देश के एकमात्र फिल्म पत्रकार हैं जो कांस फिल्म फेस्टीवल में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। राय ने कई इंटरनेशनल मैग्जीन्स, कांस फिल्म फेस्टीवल एवं ऑस्कर पुरस्कार के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री के सामने सीएस ने पूरी प्लानिंग रखी

# बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू, इस माह के अंत में टूटेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को भोपाल के विकास को लेकर समीक्षा बैठक में भाग लेते हुए बीआरटीएस को हटाने के प्लान को भी समझा। सीएस द्वारा प्लान रखा। साथ ही इस कार्य को जल्दी शुरू करने को कहा। इसके बाद भोपाल नगर निगम कमिश्नर ने अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर तुरंत ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करने को कहा। सीएम ने यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने के संबंध में जो निर्देश दिए थे, उसके अनुसार ही अब प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसी



प्रक्रिया के तहत बीआरटीएस तोड़ने के लिए नगर निगम टेंडर प्रक्रिया शुरू कर रहा है। टेंडर खुलने के बाद इस माह के अंत में फरवरी के पहले सप्ताह में बीआरटीएस का काम शुरू हो जाएगा।

नगर निगम कमिश्नर फ्रेंक नोबल ए ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि बीआरटीएस को हटाने के लिए पूरी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसके लिए सबसे पहले टेंडर जारी किए जा रहे हैं। टेंडर आने के बाद कंपनी के बारे में जानकारी मिलेगी कि वो अभी तक क्या काम कर रही थी। इसके बाद उसे ठेका दिया जाएगा। इस काम में इस माह के अंत तक का समय लग जाएगा। इसलिए बीआरटीएस तोड़ने का काम इस माह के अंत तक या फरवरी के पहले हफ्ते में बीआरटीएस तोड़ने का काम शुरू हो जाएगा। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी अधिकारी संजय मस्के के अनुसार बीआरटीएस हटाने का काम नगर निगम का है।

20 रुपए प्रति आवेदन लेना पड़ेगी प्रोसेसिंग फीस

# ठेकेदारों को मिला लोकसेवा केंद्रों का काम, 15 से सौंपेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले के 4 लोकसेवा केंद्रों के लिए 21 दिसंबर को लाटरी से टेंडर खोले गए हैं। आचार संहिता की वजह से यह प्रक्रिया पिछले तीन माह से अटकी हुई थी। जिला प्रशासन ने कलेक्टोरेट, टीटी नगर, कोलार और बैरसिया के चारों केंद्रों के लिए तीन माह पहले टेंडर बुलाए थे। उस दौरान संबंधित एजेंसियों और लोगों ने 1627 टेंडर जमा किए थे। जिसके बाद चारों केंद्रों में नए ठेकेदारों के नाम टेंडर खोले गए हैं। अब इन्हें 15 जनवरी से काम सौंपा जाएगा। इस बार हुए टेंडर में आवेदकों से 40 रुपए की जगह 20 रुपए ही प्रोसेसिंग फीस ली जाएगी।

### 4 लोक सेवा केंद्रों पर रोजाना 1200 आवेदन

राजधानी के कलेक्टोरेट, टीटी नगर, कोलार और बैरसिया लोकसेवा केंद्रों में रोजाना करीब 12 सौ आवेदन आते हैं। इन केंद्रों पर आय, जाति, मूल निवास, खसरा, नक्शा, नकल, नामांतरण, सीमांकन, ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट, सहित दर्जनों सेवाओं के प्रमाण-पत्र बनाए जाते हैं।

दरअसल जिस समय टेंडर बुलाए गए थे, उस समय राजधानी सहित प्रदेश भर के सभी लोक सेवा केन्द्रों में जमा किए जाने वाले आवेदनों की प्रोसेसिंग फीस 40 रुपए थी।

### पुरस्कारों के लिए 12 फरवरी तक आवेदन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग ने उर्दू की श्रेष्ठ पुस्तकों पर 6 राष्ट्रीय और 13 प्रादेशिक पुरस्कार दिए जाने के लिए 1 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक की अवधि में प्रकाशित पुस्तकें 12 फरवरी, 2024 तक आमंत्रित हैं।

अखिल भारतीय पुरस्कार की श्रेणी में मीर तकी मीर पुरस्कार (उर्दू शायरी), हकीम कुमरूल हसन पुरस्कार (उर्दू पत्रकारिता, शोध एवं आलोचना), हामिद सईद खां पुरस्कार (कहानी, लघु कथा), शादाँ इन्दौरी पुरस्कार (निबंध एवं अनुवाद), जौहर कुरैशी पुरस्कार (हास्य व्यंग्य), इब्राहीम यूसुफ पुरस्कार (नाटक, दास्तान) के लिये 51 हजार रुपए का पुरस्कार निर्धारित है।







यांत्रिक विभाग के कार्यों की समीक्षा...

# शहर के विकास कार्यों को लेकर कोताही बर्दाश्त नहीं: आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए ने गत दिवस यांत्रिक विभाग से संबंधित शहर के विकास कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की और अनेक कार्यों में विलम्ब होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शहर के विकास कार्यों में कोताही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगम आयुक्त नोबल ने निश्चित समयावधि में और गुणवत्तापूर्ण कार्य न करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए अर्थ दंड लगाने, ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में अधीक्षण यंत्री आरके सक्सेना व सुबोध जैन सहित समस्त कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री मौजूद थे।



निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए ने गत दिवस यांत्रिक विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विकास कार्यों के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त ने अनेक कार्यों में विलम्ब होने कर अप्रसन्नता व्यक्त की।

### 'अनुश्रुति' श्रृंखला के तहत 12 व 13 को होगी सभाएं

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा विविध एवं दुर्लभ कलानुशासनों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारम्भ की गई लोकप्रिय मासिक श्रृंखला 'अनुश्रुति' के द्वितीय माह जनवरी में 12 एवं 13 जनवरी को रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में सायं 5 से रात्रि 8 बजे तक सांस्कृतिक सभाएं सजेंगी।

संचालक संस्कृति अदिति कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अनुश्रुति श्रृंखला के माध्यम से विभाग ने कला में नवाचारों और विविध विधाओं को मंच प्रदान करने का प्रयास किया है।

# फैक्ट्री में ऑक्सीजन सिलेंडर फटा, युवक के पैरों में चोट

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा की एचएल पासी फैक्ट्री में सोमवार सुबह ऑक्सीजन सिलेंडर फट गया। सिलेंडर फंटने से मजदूर के दोनों पैरों में गंभीर चोट आई है। उसे एम्स में भर्ती कराया गया है, वहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस के अनुसार ए-72, औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा में एचएल पासी इंजीनियरिंग वर्क्स फैक्ट्री है। रविवार को फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर लाए गए थे सोमवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे मजदूर एक स्थान पर रखे सिलेंडर दूसरे स्थान पर लुढ़का कर ले जा रहे थे। उसी दौरान ऊंचाई से गिरने के कारण एक सिलेंडर में जोरदार धमामा हुआ और सिलेंडर फट गया। सिलेंडर फंटने से पास खड़ा शुभम शाक्य निवासी नयापुरा गोविंदपुरा, गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसके दोनों पैर में गंभीर चोट आई है।




### जजा विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा के आवेदन की तिथि बढ़ी

**भोपाल।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं की 8447 सीटों हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 8 जनवरी से बढ़ाकर 10 जनवरी की गई है। इन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर और आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु 11 फरवरी को सुबह 10 बजे परीक्षा आयोजित होगी। इसके प्रवेश-पत्र 29 जनवरी से डाउनलोड किए जा सकेंगे। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन प्रदेश में संचालित 63 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 6वीं कक्षा में 3615 सीटें हैं। वहीं, प्रदेश के 81 कन्या शिक्षा परिसर में कुल 4552 बालिकाओं और 8 आदर्श आवासीय विद्यालयों में कुल 280 सीटें हैं। मेरिट सूची में चयनित होने एवं न्यूनतम योग्यता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने विकल्प के अनुसार विद्यालयों में रिक्त सीट के विरुद्ध प्रवेश हेतु पात्र होंगे। विभागीय वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसीडेंशियल एकेडमिक सोसायटी के अंतर्गत इन संस्थानों को संचालित किया जाता है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930